kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-268 | रविवार, 02 नवम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



लखनऊ शहर एक जीवंत संस्कृति का पर्याय है, जिसके केंद्र में पाक-कला की समृद्ध परंपरा है। यूनेस्को से मान्यता प्राप्त होना शहर के इस विशिष्ट पहलू को उजागर करता है। दुनिया भर के लोग लखनऊ आएं और इसकी विशिष्टता का अनुभव करें। नरेन्द्र मोदी

सेना ने रेगिस्तानी इलाके में बड़ा ड्रोन रोधी अभ्यास किया 11

बिहार विधानसभा चुनाव में फिर छाया जंगलराज का मुद्दा 12

## संक्षेप

### बीएचयू में परीक्षा तनाव प्रबंधन क्लिनिक का शुभारंभ

**वाराणसी।** परीक्षा के दौरान छात्रों को मानसिक और भावनात्मक सहयोग प्रदान करने के लिए काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के कल्याणकारी सेवा प्रकोष्ठ (डब्ल्यूबीएससी) द्वारा परीक्षा तनाव प्रबंधन क्लिनिक का शुभारंभ शनिवार को छात्र कल्याण केंद्र में किया गया। यह क्लिनिक 1 नवंबर से 30 जनवरी 2026 तक संचालित होगी, जहां छात्र परीक्षा संबंधी तनाव, चिंता और भावनात्मक चुनौतियों पर खुलकर चर्चा कर सकेंगे। इस क्लिनिक का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को सहयोग प्रदान करना है। एक ऐसा वातावरण बनाना जहां छात्र बिना किसी भय या संकोच के अपनी बात कह सकें। तनाव प्रबंधन तकनीकों की शिक्षा पर विस्तृत जानकारी देकर छात्रों का सहयोग किया जाएगा।

### पीलीभीत में जाल में फंसे तेंदुए के शावक का वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत नगर से समीप लदपुरा गांव में जंगली जानवरों के शिकार को लगाये गए जाल में शनिवार सुबह ग्रामीणों ने एक खेत में ढाई महीने के तेंदुए के शावक को फंसा देख वन विभाग को सूचित किया। सूचना पाकर वन विभाग में हलचल मच गई क्योंकि आज ही क्षेत्र में वन मंत्री का आगमन निर्धारित था। डिप्टी रेंजर शेर सिंह ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर बचाव अभियान प्रारंभ किया। एक घंटे के परिश्रम के बाद वन विभाग की टीम ने तेंदुए के शावक को सुरक्षित बाहर निकाल लेने में सफलता पा ली। मौके पर ग्रामीणों की जमा भीड़ को पुलिस और वन कर्मियों ने नियंत्रित किया।

### वंदे मातरम देशभक्ति का मंत्र, राष्ट्र की आत्मा बन गयाः होसबाले

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' की रचना की 150वीं वर्षगांठ पर इसके रचयिता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को याद करते हुए शनिवार को कहा कि 1896 में रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा गाये जाने के बाद यह गीत देशभक्ति का मंत्र और राष्ट्र की आत्मा बन गया। होसबाले ने कहा कि इस मंत्र की व्यापकता को इस बात से समझा जा सकता है कि देश के अनेक विद्वानों और महापुरुषों — महर्षि अरविंद, मैडम भीकाजी कामा, महाकवि सुब्रमण्यम भारती, लाला हरदयाल, लाला लाजपत राय आदि ने अपने पत्र पत्रिकाओं के नाम में वंदे मातरम जोड़ा था। उन्होंने उल्लेख किया कि महात्मा गांधी भी अनेक वर्षों तक अपने पत्रों का समापन वंदे मातरम के साथ करते रहे। होसबाले ने एक वक्तव्य में कहा ''वंदे मातरम की रचना के 150 वर्ष पूरे होने के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राष्ट्र गीत के रचयिता श्रद्धेय बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को कृतज्ञतापूर्वक स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करता है।

# नक्सल-माओवादी खतरे का अंत निकट : मोदी

एजेंसी

नवा रायपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत नक्सलवादी और माओवादी आतंकवाद को खत्म करने की ओर अग्रसर है और आतंकवाद के विनाश की प्रतिज्ञा करके आतंकियों की कमर तोड़ रहा है।

मोदी ने नवा रायपुर, अटल नगर में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए भवन का उद्घाटन करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, भारत आतंकवाद के विनाश की प्रतिज्ञा करके आतंकियों की कमर तोड़ रहा है। भारत आज नक्सलवाद, माओवादी आतंक को भी समाज से खत्म करने की दिशा में बढ़ रहा है। भारत अभूतपूर्व विजय के गर्व से भरा हुआ है और गर्व की यही भावना छत्तीसगढ़ विधानसभा के नए परिसर में चारों तरफ दिख रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा केवल कानून बनाने का स्थान नहीं बल्कि राज्य के भाग्य निर्धारण का केंद्र है। मोदी ने कहा कि सभी को सुनिश्चित करना होगा कि यहां से निकलने वाले हर विचार में जन सेवा की भावना हो, विकास का संकल्प हो तथा भारत को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास हो। उन्होंने कहा, नयी विधानसभा भवन के उद्घाटन का असली महत्व हमारे इस सामूहिक संकल्प




में है कि हम अपने कर्तव्यों को ईमानदारी से निभाएं और लोकतंत्र की भावना को बनाए रखें। प्रधानमंत्री ने कहा, हम सबको यह याद रखना है कि यह विधानसभा केवल कानून बनाने का स्थान नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के भाग्य निर्माण का प्रखर केंद्र है, जीवंत इकाई है, इसलिए हम सबको सुनिश्चित करना होगा यहां से निकलने वाले हर विचार में जन सेवा की भावना हो, विकास का संकल्प हो और भारत को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास हो। यही हमारी कामना है। उन्होंने कहा, हमें एक ऐसे भारत का निर्माण करना है, एक ऐसे छत्तीसगढ़ की नींव रखनी है जो विरासत से जुड़कर विकास के पथ पर आगे बढ़ सके।

नागरिक देवो भवः हमारे सुशासन का मंत्र है, इसलिए विधानसभा के हर निर्णय में जनता के हित को रखकर काम करना होगा। उन्होंने कहा, कानून ऐसे बनाए जाएं जो सुधारों को गति दें जिससे लोगों का जीवन आसान हो। जो लोगों के जीवन से सरकार के अनावश्यक दखल को बाहर करें। प्रधानमंत्री ने इस दौरान आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद से निपटने में भारत की सफलता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, पिछले 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ ने जो परिवर्तन देखा है वह अद्भुत और प्रेरणादायी है। कभी यह राज्य नक्सलवाद और पिछड़ेपन से पहचाना जाता था, आज वही राज्य समृद्धि, सुरक्षा और स्थायित्व का प्रतीक बन गया है। विकास की लहर और मुस्कान नक्सल प्रभावित इलाकों तक पहुंच गई है। उन्होंने इस बदलाव का श्रेय छत्तीसगढ़ के लोगों की कड़ी मेहनत और भाजपा सरकारों को दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस समारोह एक बड़े लक्ष्य की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत की आजादी के 100 साल पूरे होने पर छत्तीसगढ़ एक विकसित भारत के विजन को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगा। इससे पहले उन्होंने नए विधानसभा भवन के परिसर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण किया।

### राज्यों के विकास पर ही देश की प्रगति निर्भर

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हम राज्यों को विकसित करना चाहते है राज्यों का विकास होगा तो देश का विकास होगा। इस महत्वपूर्ण यात्रा में ब्रह्मकुमारी जैसी संस्थाओं की भूमिका बेहद अहम है। श्री मोदी ने यहां नया रायपुर अटल नगर में ब्रह्माकुमारीज़ के नव-निर्मित मेडिटेशन सेंटर 'शांति शिखर, एकेडमी फॉर ए पीसफुल वर्ल्ड' के भव्य लोकार्पण समारोह को संबोधित ● शेष पेज 11 पर

# धर्म युद्ध था ऑपरेशन सिंदूर : उपेंद्र द्विवेदी

एजेंसी

सतना। भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शनिवार को अपने बचपन के विद्यालय सरस्वती हायर सेकेंडरी स्कूल, सतना पहुंचे। पूरे 55 वर्ष बाद अपने पुराने स्कूल लौटे जनरल द्विवेदी का छात्रों, शिक्षकों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। मंच पर पहुंचते ही वे भावुक हो उठे और कहा कि यही वह स्थान है, जहां से मैंने जीवन में निर्णय लेने की क्षमता सीखी, जिसने आगे चलकर मुझे सेना में कई निर्णायक सफलताएं दिलाईं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर सबसे महत्वपूर्ण रहा।

जनरल द्विवेदी ने अपने संबोधन में ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि, इस ऑपरेशन का उद्देश्य केवल दुश्मन पर विजय प्राप्त करना नहीं था, बल्कि देश की अखंडता, संप्रभुता और शांति की पुनः स्थापना करना था। इस अभियान ने पूरे समाज को एक सूत्र में बांध दिया। जिस तरह 'मां, बहन और बेटी' जब भी अपने माथे पर सिंदूर लगाती हैं तो एक सैनिक को याद करती हैं, उसी भावना ने इस अभियान का नाम 'सिंदूर' रखा। यह अभियान हर भारतीय के मन में राष्ट्रभक्ति का सिंदूर बन गया।

उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक धर्म युद्ध था एक ऐसा युद्ध, जिसमें नैतिकता, सिद्धांत और तकनीक का समन्वय था। ल्हमने किसी भी निर्दोष को नुकसान नहीं पहुंचाया, न ही नमाज या प्रार्थना के समय हमला किया। यह हमारे भारतीय संस्कारों का प्रतीक है, उन्होंने गर्व



❒ जनरल बोले-ऑपरेशन जारी रहेगा, हमने कभी नमाज के समय हमला नहीं किया

के साथ कहा। थल सेना प्रमुख ने कहा कि जब देश के नागरिक एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देंगे, तब ही 2047 का विकसित भारत का सपना साकार होगा। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, पूर्व छात्रों और समाजसेवियों की भारी उपस्थिति रही। जनरल द्विवेदी का सम्मान विद्यालय परिवार की ओर से किया गया। उनका सतना आगमन पूरे शहर के लिए गौरव का क्षण बन गया, जिसने न केवल उनके बचपन के विद्यालय को, बल्कि पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित कर दिया। जनरल द्विवेदी ने बताया कि वर्ष 1971-72 में चौथी कक्षा में वे इसी विद्यालय में पढ़े थे। इतने वर्षों बाद लौटकर उन्होंने विद्यालय के परिसर में कदम रखते ही बचपन की यादें ताजा कर लीं। उन्होंने विद्यालय परिवार और शिक्षकों का आभार जताया, जिन्होंने उनके व्यक्तित्व और राष्ट्र सेवा के संकल्प को आकार दिया। छात्रों को प्रेरित करते ● शेष पेज 11 पर

# वेंकटेश्वर मंदिर में भगदड़, 10 की मौत

एजेंसी

श्रीकाकुलम। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम स्थित काशीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में शनिवार को एकादशी के दौरान भगदड़ मचने से 10 लोगों की मौत हो गई। इनमें 8 महिलाएं और 2 बच्चे हैं। 25 से ज्यादा लोगों का इलाज चल रहा है। मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

स्थानीय लोगों के अनुसार मंदिर में आने-जाने का रास्ता एक ही है। आज भारी भीड़ के दौरान रास्ता जाम हो गया। लोगों की धक्का-मुक्की की वजह से रेलिंग टूट गई। इससे भगदड़ मच गई। सरकार ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। श्रीकाकुलम के पुलिस अधीक्षक केवी महेश्वर रेड्डी ने बताया कि मंदिर के प्रशासक हरिमुकुंद पांडा पर 'गैर-इरादतन हत्या' के तहत मामला दर्ज किया गया है। भगदड़ के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमें मंदिर की सीढ़ियों पर लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी। इनमें महिलाएं, बच्चें और



❒ एकादशी पर ज्यादा भीड़ से रेलिंग टूटी, महिलाएं और बच्चे चिल्लाते रहे, लोग रौंदते गए

कई बुजुर्ग भी थे। इसी दौरान रेलिंग गिर गई और लोग भीड़ से दबने लगे। महिलाएं और बच्चे बाहर निकलने के लिए चीखते-चिल्लाते दिखे। कई तो अपनी जान बचाने के लिए लोगों के ऊपर चढ़कर निकलते दिखे। वहीं, हादसे के बाद के वीडियो में लोग भीड़ में दबी महिलाओं और बच्चों को बाहर निकालते दिखे। महिलाएं भगदड़ वाली जगह पर इधर-उधर बेसुध पड़ी दिखाई दीं। लोगों ● शेष पेज 11 पर

## 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ में तलाशी निवेश की संभावना

लखनऊ। मध्य एवं दक्षिण अमेरिका तथा कैरिबियन के 21 देशों से आए 45 सदस्यीय राजनयिक प्रतिनिधिमंडल ने लखनऊ का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य उत्तर प्रदेश में निवेश संभावनाओं को तलाशने के साथ समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का अनुभव करना था। प्रतिनिधिमंडल के साथ विदेश मंत्रालय की संयुक्त सचिव अनीता शुक्ला और एसएसआईएफएस की संकाय सदस्य डॉ ऋतिका शर्मा भी मौजूद रहीं। शनिवार को राजनयिकों ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) लखनऊ का भ्रमण किया, जहां उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से नवाचार, नेतृत्व विकास तथा उद्यमिता संबंधी पहल पर चर्चा की। बातचीत में छात्र विनिमय कार्यक्रमों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जैसे उभरते क्षेत्रों को शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में शामिल करने पर भी विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत प्रो. संजय के. सिंह, डीन (प्रोग्राम्स), और प्रो. मधुमिता चक्रवर्ती, चेयरपर्सन (एमडीपी) द्वारा किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। इसके बाद

# ओबीसी को होना होगा संगठित, तभी आएंगे अच्छे दिन : मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में शनिवार को बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने जिला स्तरीय 'पिछड़ा वर्ग समाज भाई चारा संगठन' की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज बसपा के बैनर तले सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करने के लिए जितनी जल्दी संगठित होगा। उनके अच्छे दिन उतनी जल्दी आएंगे।

मायावती ने दूसरी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) समाज को उनका संवैधानिक हक, सरकारी नौकरी, शिक्षा में आरक्षण को लेकर कंांग्रेस, सपा (समाजवादी पार्टी) और भाजपा का रवैया हमेशा संकीर्ण, जातिवादी और द्वेशपूर्ण रहा है। वोट के समय इन पार्टियों को ये समाज याद आता है। बसपा प्रमुख ने कहा कि ओबीसी समाज 'बहुजन समाज' का खास महत्वपूर्ण अंग है। इनका हित बसपा में ही



निहित और सुरक्षित भी है। प्रदेश में चार बार की सरकार रहते हुए बसपा ने ओबीसी की हर जातियों को रोजगार देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दूसरी पार्टियां वोट के स्वार्थ की खातिर कोई ठोस काम नहीं करती हैं बल्कि उनकी हवा-हवाई और जुमलेबाजी वाली बातें रहती हैं। 'पिछड़ा वर्ग समाज भाई चारा संगठन' को अपनी जमीनी गतिविधियों को और तेज करने की हिदायत देते हुए बसपा प्रमुख ने कहा कि बसपा जाति के आधार पर सदियों से सताए जा रहे इन बहुजन लोगों को बहुजन समाज की एकता में जोड़कर इन्हें शोषण, अत्याचार से मुक्ति दिलाने के लिए संघर्षरत है। जो देश के लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए बेहद जरूरी है। बसपा प्रमुख ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर कहा कि हर व्यक्ति के वोट की महत्वपूर्ण भूमिका है इसलिए योग्य लोग मतदाता सूची में अपना नाम व वोटर कार्ड जरूर बनवाएं। साथ ही पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के हिसाब से पुनरीक्षण में ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम जुड़वाने के लिए तत्परता पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बामसेफ (अखिल भारतीय पिछड़ा और अल्पसंख्यक समुदाय कर्मचारी महासंघ) को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को लेकर भी लोगों को सतर्क रहने को कहा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि बामसेफ राजनीतिक संगठन या पार्टी नहीं है, बल्कि यह पढ़े-लिखे कर्मचारियों का एक सामाजिक संगठन है, जिनका प्रमुख कार्य अपनी सुविधानुसार बहुजन समाज में सामाजिक चेतना पैदा करने का है।

# अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1,95,936 करोड़ रुपये पर

एजेंसी




नयी दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के तहत सकल कर संग्रह अक्टूबर में 4.6 प्रतिशत बढ़कर 1,95,936 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पिछले साल अक्टूबर में यह 1,87,346 करोड़ रुपये रहा था।

वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि अक्टूबर में सकल घरेलू जीएसटी संग्रह 1,45,052 करोड़ रुपये रहा और इसमें दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। वहीं, आयात से प्राप्त कर राजस्व 12.84 प्रतिशत बढ़कर 50,884 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। घरेलू जीएसटी संग्रह में केंद्रीय जीएसटी 36,547 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी 45,134 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी संग्रह 55,647 करोड़ रुपये हो गया। अधिभार 7,724 करोड़ रुपये रहा। जीएसटी के मद में सरकार ने 26,934 करोड़ रुपये का रिफंड दिया जो पिछले साल अक्टूबर के मुकाबले 39.6 प्रतिशत अधिक है। सकल राजस्व में से रिफंड को घटाने के बाद शुद्ध जीएसटी राजस्व 1,69,002 करोड़ रुपये रहा जो सालाना आधार पर 0.6 प्रतिशत अधिक है। जीएसटी के ढांचे और दरों में कटौती के बाद पूरे महीने का यह पहला आंकड़ा है। जीएसटी परिषद की मंजूरी के बाद नयी दरें 22 सितंबर से लागू की गयी थीं जिनमें आम लोगों के उपभोग की ज्यादातर वस्तुओं पर कर कम हुआ है। वित्त वर्ष 2025-26 के पहले सात महीने में अप्रैल से अक्टूबर तक सकल जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर नौ प्रतिशत बढ़कर 13,89,367 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इस दौरान रिफंड में 23.9 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 1,81,880 करोड़ रुपये पर रहा। इस प्रकार शुद्ध जीएसटी संग्रह में 7.1 फीसदी की वृद्धि हुई और यह 12,07,487 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

# दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा भारत : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कभी पहचान के संकट के दौर से गुजरने वाला भारत आज दुनिया की बड़ी ताकत के रूप में एहसास करा रहा है। यह बदलाव लीडरशिप (नेतृत्व) की कार्यपद्धति से आया है। समर्थ और प्रभावी नेतृत्व वही होता है जो देश के प्रति दुनिया की धारणा बदलने का सामर्थ्य रखता हो। विगत 11 वर्षों से देश में ऐसी ही लीडरशिप देखने को मिल रही है।

मुख्यमंत्री योगी शनिवार को योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में सैमसंग इनोवेशन कैंपस द्वारा आयोजित प्रमाणपत्र वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय और अन्य प्रौद्योगिकी संस्थानों के करीब 1300 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से आठ विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि 2014 के पहले का भारत पहचान के संकट के दौर



से गुजर रहा था। भ्रष्टाचार व्यवस्था पर हावी था। वैश्विक स्तर पर देश का सम्मान समाप्त हो रहा था। युवा पहचान को मोहताज हो रहे थे। पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में विकास और जनहित के अनेक कार्यक्रमों के क्रियान्वयन से वैश्विक स्तर पर भारत की मजबूत पहचान स्थापित करने में सफलता मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम स्टार्टअप, पीएम स्टैंडअप, डिजिटल इंडिया जैसे कार्यक्रमों ने भारत को न केवल नई पहचान दी है बल्कि देश को दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था बनाने में भी भरपूर योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव अचानक नहीं हुआ। इसके लिए सरकार के स्तर पर अनेक प्रयास किए गए।

योगी ने आमजन के जीवन को सुगम बनाने के लिए युवाओं से इमर्जिंग टेक्नोलॉजी और नवाचार पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। कहा कि ईज ऑफ लिविंग (जीवन सुगमता) बढ़ाने में तकनीकी काफी सहायक हो सकती है। आज तकनीकी के इस्तेमाल से ऐसे नवाचार जरूरी हैं जिससे जीवन को और भी सहज और सरल बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि व्यवस्था या सिस्टम को कोसना हममें से अधिकतर लोगों की आदत बन गई है। ऐसे लोगों को हर कार्य में सिर्फ सरकार दोषी लगती है। ऐसे लोग किसी समस्या पर अपनी खामी दूर करने की बजाय सिर्फ दूसरों की खामियों को निकालने में लगे रहते हैं। इसका परिणाम यह होता है कि समस्या असाध्य हो जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सैमसंग इनोवेशन कैंपस को स्वावलंबन मार्ग के लिए एक प्लेटफार्म के रूप में इंगित किया। उन्होंने कहा कि इससे जुड़कर युवा अपना स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं। इसके लिए सरकार बड़े पैमाने पर सहयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि युवाओं के स्वावलंबन के लिए यूपी सरकार ने 1000 करोड रुपये का फंड बनाया है। उन्होंने युवाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए उद्योग और संस्थानों को मिलकर काम करने और उद्योगों में युवाओं को इंटर्नशिप का अवसर देने का आह्वान ● शेष पेज 11 पर

# करारी थाना में दलित महिला से अभद्रता, सिपाही पर गंभीर आरोप

### 30 अक्टूबर की तहरीर पर नहीं हुई रिपोर्ट दर्ज, उल्टा पीड़िता को बनाया निशाना



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। प्रयागराज मंडल के कौशाम्बी जिले के करारी थाना क्षेत्र में दलित महिला के साथ पुलिस अभद्रता और पक्षपात का मामला सामने आने के बाद विभागीय कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सैदनपुर निवासी क्रांति देवी ने आरोप लगाया है कि 28 अक्टूबर को थाना करारी क्षेत्र के पचम्भा गांव में दबंग अफसार अहमद, उसकी पत्नी और दो बेटियों ने बकरी खेत में जाने के विवाद को लेकर उसे और उसकी बेटी करिश्मा को बेरहमी से पीटा।

करिश्मा के बाल उखाड़ लिए गए और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया तथा उसकी मंगलसूत्र लॉकेट छीन लिए है।पीड़िता के अनुसार, घटना की सूचना पहले दीवर कोतारी चौकी में दी गई थी, लेकिन घटना स्थल करारी थाना क्षेत्र में होने के कारण 30 अक्टूबर को करारी थाने में लिखित तहरीर दी गई। बावजूद इसके, पुलिस ने अब तक कोई रिपोर्ट दर्ज नहीं की। उल्टा 1 नवम्बर को पीड़िता को थाने बुलाकर सिपाही राजन ने अभद्रता की, गाली-गलौज करते हुए धमकाया और दबाव बनाया कि वह शिकायत वापस ले ले। आरोप है कि सिपाही ने विपक्षियों से पैसे लेकर महिला के खिलाफ ही झूठा मुकदमा दर्ज कराया और मां-बेटी का चालान कर दिया।इस घटना ने पूरे क्षेत्र में पुलिस पर भरोसे को हिला दिया है। महिला सशक्तिकरण और दलित सुरक्षा को लेकर सरकार के दावों के बीच इस तरह की घटनाएं पुलिस विभाग की संवेदनहीनता उजागर कर रही हैं।कानूनी दृष्टि से देखा जाए तो यदि आरोप सत्य पाए जाते हैं, तो संबंधित सिपाही व पुलिसकर्मियों पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1)(ऩ) और 3(1)(प) के तहत मुकदमा दर्ज किया जा सकता है, जिसमें जातिसूचक शब्दों से अपमान और दलित महिला पर अत्याचार करने पर कठोर सजा का प्रावधान है। साथ ही, पुलिस आचार संहिता के अनुसार, अभद्रता व पक्षपात साबित होने पर संबंधित कर्मियों पर निलंबन, विभागीय जांच, और सेवा से बर्खास्तगी तक की कार्रवाई हो सकती है।पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत कर दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब यह देखना होगा कि जिला पुलिस प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और पीड़िता को न्याय कब तक मिल पाता है।

## दीवानी न्यायालय में पेशकारों की भूमिका पर उठे सवाल, डेट पर डेट की परंपरा बनी परेशानी का कारण

गोरखपुर। न्याय जनता का अधिकार है और अदालत उसका मंदिर, लेकिन जब इस मंदिर के भीतर व्यवस्था में गड़बड़ियां पनपने लगें तो आम आदमी का विश्वास डगमगाने लगता है। गोरखपुर दीवानी न्यायालय में ऐसी ही स्थिति इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। अदालत में तैनात पेशकारों (कोर्ट क्लर्क) की भूमिका को लेकर अधिवक्ताओं और वादकारियों में नाराजगी देखी जा रही है।जानकारी के अनुसार, कई मामलों में यह देखा जा रहा है कि किसी मुकदमे की अगली तारीख (डेट) तय करने में पेशकार की भूमिका निर्णायक बन जाती है। अगर पेशकार किसी फाइल को लेकर मन बना ले कि उस मामले में ल्लंबी तारीखङ्क दी जानी चाहिए, तो अक्सर वही होता है। अधिवक्ता (वकील) भी इसका विरोध नहीं कर पाते, क्योंकि उन्हें अपने दैनिक कार्यों के लिए उसी पेशकार से निरंतर सहयोग लेना पड़ता है।अदालत के कई नियमित आने-जाने वाले वादकारी बताते हैं कि ल्लजो पेशकार के हिसाब से चलता है, उसका काम अपेक्षाकृत जल्दी हो जाता है, और जो विरोध करता है, उसे बार-बार लंबी तारीखें देकर उलझा दिया जाता है।

## बार काउंसिल सदस्य ने की अधिवक्ताओं से शिष्टाचार भेंट, माँगा वोट अधिवक्ताओं ने दिया अश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरावं, प्रयागराज । आगामी बार काउंसिल यूपी चुनाव की तारीख जैसे जैसे नजदीक आ रही है इसी प्रकार प्रत्यासी भी तेजी से अपने चुनाव प्रचार में जुटे है इसी क्रम में शनिवार को मेजा व कोराव तहसील में हाईकोर्ट के रह चुके दो बार पूर्व अध्यक्ष सीनियर अधिवक्ता व वर्तमान बार काउंसिल उत्तर प्रदेश सदस्य अमरेंद्र नाथ सिह तहसील पहुँचकर सभी अधिवक्ताओं से शिस्टाचार भेंट मुलाकात कर वोट की माँग की अधिवक्ताओं ने भारी वोट देकर जिताने की बात कही अधिवक्ताओं ने कहा आप एक लोकप्रिय सीनियर अधिवक्ता बार काउंसिल यूपी के सदस्य है हर अधिवक्ता के दुःख सुख में भागी होते है इससे बड़ी बात अधिवक्ताओं के लिए क्या हो सकता है साथ ही बार एसोसिएशन कोराव के अध्यक्ष राम बहादुर सिह मंत्री लक्ष्मी कांत शुक्ला ने कंप्यूटर व लाइब्रेरी की माँग की जिसपर अमरेंद्र नाथ सिह ने देने को कहा साथ ही तहसील में जो अधिवक्ताओं के हित में जरूरत हो उसका प्रस्ताव बनाकर भेजने को कहा शिस्टाचार मुलाकात में वरिष्ठ बाल गोविंद पांडेय , सूर्य कांत तिवारी , पीर मोहम्मद, अरुण कुमार तिवारी, विजय शंकर मिश्र, संतोष श्रीवास्तव, शशि दूवेदी, दिनेश सिह , आसुतोष तिवारी, अनुज सिह, जगदीश सिह, बृजेश मिश्र उर्फ मुन्ना, देवशरण सिह , अजय तिवारी राहुल सिह , समेत अन्य सभी अधिवक्ताओं से अमरेंद्र नाथ सिह ने भेंट की ।

## इंदिरा मैराथन की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

प्रयागराज। 40वीं अखिल भारतीय प्राइज मनी इंदिरा मैराथन के सफल आयोजन को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के निर्देश पर शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में तैयारियों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी (नगर) सत्यम मिश्र ने की, जबकि नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।नगर मजिस्ट्रेट ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने विभागों से संबंधित व्यवस्थाएं समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मैराथन रूट पर खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ-साथ, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को सड़कों की मरम्मत और नगर निगम को सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग को चिकित्सक, एंबुलेंस और दवा किट की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश मिले। वहीं पुलिस अधीक्षक (यातायात) को ट्रैफिक प्लान तैयार करने और जिला विद्यालय निरीक्षक को विद्यालय स्तर पर अधिक से अधिक खिलाड़ियों की भागीदारी सुनिश्चित कराने को कहा गया।क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी ने बताया कि इंदिरा मैराथन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 4 नवंबर से शुरू होगी। 18 वर्ष से अधिक आयु के महिला और पुरुष खिलाड़ी आवेदन कर सकेंगे। इस वर्ष प्रथम विजेता को 2 लाख, द्वितीय को 1 लाख, तृतीय को 75,000 तथा 11 प्रतिभागियों को 10,000-10,000 के सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।बैठक में पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा और युवा कल्याण विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी कर ली जाएंगी ताकि इंदिरा मैराथन का आयोजन सुचारु और भव्य रूप से संपन्न हो सके।

## प्रयागराज में ऑपरेशन क्लीन: गौ तस्कर तमसील मुठभेड़ में गिरफ्तार

प्रयागराज। पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार के नेतृत्व में चल रहे ऑपरेशन क्लीन के तहत कोरांव थाना क्षेत्र में पुलिस और कुख्यात गौ तस्कर तमसील के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में तमसील के पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मौके से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। पुलिस के अनुसार तमसील के खिलाफ गौतस्करी से जुड़े 8 आपराधिक मामले पहले से दर्ज हैं। वह रामपुर जिले का निवासी है और प्रयागराज एक एफआईआर मामले की पैरवी के लिए आया था। घायल बदमाश को पुलिस हिरासत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अन्य सहयोगियों की तलाश में जुटी है।

## प्रयागराज में पटाखा माफिया कादिर की तलाश में पुलिस की दबिश

प्रयागराज। शाहगंज पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी पटाखा माफिया कादिर की गिरफ्तारी के लिए कई ठिकानों पर दबिश दी। कादिर पर 100 करोड़ रुपये की ठगी में संलिप्त होने का आरोप है और वह लंबे समय से फरार चल रहा है। कोर्ट ने उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है तथा घर पर कुर्की की नोटिस भी चस्पा कराई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यदि कादिर 6 नवंबर तक गिरफ्तार नहीं होता है तो उसके घर की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। शाहगंज पुलिस टीम लगातार उसके करीबी ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## रविंद्र पासी हत्याकांड के तीन अभियुक्त अब भी फरार

प्रयागराज। चर्चित रविंद्र पासी हत्याकांड में नामजद तीन आरोपी–नुरैन, हसनैन और कैफ–अब तक फरार चल रहे हैं। पुलिस ने इन पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस इन अपराधियों की संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। धूमनगंज थाने में परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई क्क्रञ्ज के आधार पर चार नामजद और एक अज्ञात अभियुक्त के खिलाफ कार्रवाई चल रही है, जिसमें अब तक केवल एक की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस का कहना है कि फरार अभियुक्त जल्द गिरफ्तार किए जाएंगे।

## सिटी जोन पुलिस ने वांछित अपराधी रिजवान को किया गिरफ्तार

प्रयागराज। सिटी जोन पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रखते हुए वांछित अपराधी रिजवान को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने रिजवान को दबोचने में सफलता हासिल की। पुलिस ने बताया कि रिजवान कई संगीन मामलों में शामिल रहा है और उसकी गिरफ्तारी से क्षेत्र में अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी। अभियुक्त से पूछताछ जारी है ताकि उसके अन्य साथियों तक पहुंचा जा सके।

## उत्तर मध्य रेलवे का शानदार प्रदर्शन: अक्टूबर 2025 तक माल लदान में 7.9% वृद्धि

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे (एनसीआर) ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अपने माल लदान और माल भाड़ा राजस्व अर्जन में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। अक्टूबर 2025 तक के आंकड़ों के अनुसार, ज़ोन ने 7.9% की वृद्धि के साथ 11.68 मिलियन टन (एमटी) का माल लदान किया है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 10.82 एमटी था।अक्टूबर 2025 के अकेले महीने में एनसीआर ने 1.652 एमटी लदान दर्ज किया, जो अक्टूबर 2024 की तुलना में 21.7% की असाधारण वृद्धि है। यह प्रदर्शन भारतीय रेल के सभी ज़ोनों में तीसरे सर्वोच्च स्थान पर है। इस बढ़ोतरी का श्रेय कुशल योजना, बेहतर ग्राहक सुविधा और संचालन तंत्र की दक्षता को दिया गया है।राजस्व के मोर्चे पर भी एनसीआर ने शानदार उपलब्धि हासिल की है। अक्टूबर 2025 तक कुल माल भाड़ा अर्जन 1313.61 करोड़ तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष के 1201.97 करोड़ की तुलना में 111.64 करोड़ अधिक है – यानी 9.3% की वृद्धि, जो भारतीय रेल में तीसरा सर्वोत्तम प्रदर्शन है। इसी अवधि में एनसीआर ने अनलोडिंग (माल उतारने) के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार किया है। ज़ोन ने अब तक 43.01 एमटी की अनलोडिंग की, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.6% अधिक है। यह प्रदर्शन भारतीय रेल में दूसरे सर्वोत्तम स्थान पर रहा। महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे श्री नरेश पाल सिंह ने इस उपलब्धि पर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा–अक्टूबर में दोहरे अंकों की वृद्धि और लगभग 10% राजस्व वृद्धि हमारी टीम के समर्पण और ग्राहक-केंद्रित रणनीतियों का परिणाम है। हम इसी गति को बनाए रखते हुए अपने वार्षिक लक्ष्यों को पार करेंगे और राष्ट्र के आर्थिक विकास में अपनी भूमिका को और सशक्त बनाएंगे।ङ्कयह सफलता उत्तर मध्य रेलवे की संगठित रणनीति, दक्ष प्रबंधन और सतत प्रदर्शन सुधार की मिसाल मानी जा रही है।

## जिलाधिकारी ने पुलिस भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्था पर जताई संतुष्टि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए, उपनिरीक्षक (गोपनीय), सहायक उपनिरीक्षक (लिपिक) और सहायक उपनिरीक्षक (लेखा) पदों की लिखित परीक्षा के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को जनपद के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने ईश्वर शरण इंटर कॉलेज, कर्नलगंज इंटर कॉलेज, आर्य कन्या इंटर कॉलेज सहित कई परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण किया और व्यवस्थाओं का बारीकी से परीक्षण किया। उन्होंने केन्द्रों पर मौजूद स्टैटिक मजिस्ट्रेट, प्रधानाचार्यों एवं संबंधित अधिकारियों से अभ्यर्थियों की उपस्थिति, परीक्षा कक्षों की संख्या, सीटिंग अरेंजमेंट और सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली।जिलाधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों में बनाए गए कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया, जहां सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा की रियल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही थी। उन्होंने कैमरों की कार्यप्रणाली की जांच करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी अनियमितता या तकनीकी समस्या की स्थिति में तुरंत कार्रवाई की जाए।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा को नकलविहीन, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाए। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को विशेष रूप से सतर्क रहने तथा प्रवेश द्वारों पर कड़ी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने संपूर्ण परीक्षा व्यवस्था पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन का उद्देश्य सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष परीक्षा माहौल उपलब्ध कराना है। उन्होंने सभी सम्बंधित अधिकारियों से अपेक्षा की कि आगामी परीक्षा दिवसों पर भी इसी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ कार्य किया जाए।

## सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर समाजवादियों ने किया विनम्र श्रद्धांजलि

### आफताब अहमद बोले लौह पुरुष के आदर्श आज भी हैं प्रेरणा स्रोत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गोरखपुर।** भारत के लौह पुरुष और देश की एकता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आज समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं महानगर पूर्व सचिव आफताब अहमद एवं अनिल यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने काली मंदिर गोलघर स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई और उनके योगदान को याद किया।



इस अवसर पर आफताब अहमद ने कहा कि सरदार पटेल ने स्वतंत्र भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 562 रियासतों को एकजुट कर भारत की अखंडता को सुनिश्चित किया, इसलिए उन्हें ''भारत का लौह पुरुष'' कहा गया। उनके अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति और दूरदर्शिता ने भारत को एक मजबूत राष्ट्र बनाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में सरदार पटेल के विचारों और सिद्धांतों को अपनाना बेहद जरूरी है। जिस एकता, समानता और न्याय की बात सरदार पटेल करते थे, वही समाजवादी पार्टी की भी मूल भावना है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने कहा कि सरदार पटेल की जीवनी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सच्चे अर्थों में राष्ट्र की सेवा की जा सकती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने उनके आदर्शों पर चलने और देश की अखंडता, भाईचारे व एकता को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस मौके पर अनिल कुमार यादव, उमेश निषाद,गोलू यादव, अक्षबर कनौजिया,आफताब अहमद, अनूप यादव, शुभम यादव,नदीम अहमद,शहाबुद्दीन घोषी, आदि लोगों उपस्थित है!

## ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने की माघ मेला तैयारियों की समीक्षा

### कहा–'एक माह में पूरी हों सभी व्यवस्थाएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज । नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री श्री ए. के. शर्मा ने सर्किट हाउस सभागार में आगामी माघ मेला 2026 की तैयारियों की समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को एक माह के भीतर सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि माघ मेला प्रदेश की आस्था, श्रद्धा और स्वच्छता की पहचान है, इसलिए तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।मंत्री श्री शर्मा ने महाकुंभ 2025 में नगर विकास और ऊर्ज़ा विभाग द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना की। जनप्रतिनिधियों ने भी उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों–विशेषकर सफाई व्यवस्था और निर्बाध विद्युत आपूर्ति–की प्रशंसा करते हुए मंत्री का सम्मान किया।बैठक में मंत्री ने कहा कि जिस तरह महाकुंभ के दौरान स्वच्छता को राष्ट्रीय पहचान मिली, वैसी ही उत्कृष्टता माघ मेला में भी दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने स्वच्छता कर्मियों और मिशन शक्ति वॉलेंटियर्स को प्रोत्साहित किया और कहा कि उनकी सेवा भावना ही प्रयागराज की पहचान बनी है।ऊर्ज़ा विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री ने चीफ इंजीनियर को यमुना पार क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने और खुले जंक्शन बॉक्सों को तत्काल सुरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि ल्लबिना वजह कनेक्शन काटने वाले कर्मचारियों को तत्काल निलंबित किया जाए।ङ्कमंत्री ने बताया कि नव-विस्तारित क्षेत्रों के ऊर्ज़ा संबंधी कार्यों के लिए नगर विकास विभाग ने ?1000 करोड़ की राशि दी है, जिसका उपयोग पारदर्शी ढंग से किया जाए।जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम में वन टाइम सेटलमेंट (ग्द्दट्ट) सिस्टम लागू करने की मांग की ताकि नागरिक आसानी से हाउस टैक्स जमा कर सकें। बैठक में महापौर श्री उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक श्री गुरु प्रसाद मौर्य, एमएलसी श्री सुरेंद्र चौधरी समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## 1984 के सिख नरसंहार में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि न्याय की मांग को लेकर सिख संगत में आक्रोश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। गुरुद्वारा पक्की संगत में शनिवार को महंत ज्ञान सिंह की अगुवाई में 1984 के सिख नरसंहार में शहीद हुए सिखों को अरदास कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा के दौरान सिख संगत ने सूक्ति वाक्य लिखे प्ले कार्ड हाथों में लेकर रोष व्यक्त किया और न्याय की मांग की।गुरुद्वारा आलोपीबाग के प्रधान परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि 1984 में देशभर में चार दिनों तक सिखों पर अत्याचार और कत्लेआम हुआ, निर्दोष परिवार तबाह हो गए, बच्चों ने अपने माता-पिता खोए और बहनों की मांग उजड़ गई। उन्होंने कहा कि सियासत ने इंसानियत की हत्या कर दी थी, जिसका दर्द आज भी सिख समाज महसूस कर रहा है।भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि सिख नरसंहार को 41 वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन दोषियों को आज तक सजा नहीं मिली। हजारों सिखों की हत्या, अरबों की संपत्ति की बर्बादी और गुरुद्वारों को जलाने की घटनाएं आज भी देश के इतिहास पर कलंक हैं।गुरमीत सिंह ने कहा कि जब तक 1984 के नरसंहार के दोषी जेल की सलाखों के पीछे नहीं पहुंचेंगे, तब तक पीड़ित परिवारों के घाव नहीं भर पाएंगे। उन्होंने केंद्र सरकार से शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की।श्रद्धांजलि सभा में महंत ज्ञान सिंह, परमजीत सिंह बग्गा, सरदार पतविंदर सिंह, परमिंदर सिंह बंटी, राजेंद्र सिंह गुलाटी, हरभजन सिंह, निर्मल सिंह, गुरमीत सिंह, जसवीर सिंह, गुरबख्श सिंह, और जसविंदर सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्य अभियंता कार्यालय पर बिजली कर्मचारियों का घेराव

### कर्मचारियों ने अपने साथी कर्मियों के साथ हुए कथित उत्पीड़न के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी की

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ । उत्तर प्रदेश बिजली मज़दूर संगठन के आह्वान पर शनिवार को (लेसा) के माध्य जोन कार्यालय, चौक में बड़ी संख्या में बिजली कर्मचारी पहुंचे। कर्मचारियों ने अपने साथी कर्मियों के साथ हुए कथित उत्पीड़न के विरोध में मुख्य अभियंता कार्यालय का घेराव किया और नारेबाजी की।

इस दौरान संगठन के प्रदेश महामंत्री सुहेल आबिद, उप महामंत्री अमिताभ सिन्हा, रवि साहू, दीपक सिंह, ओवैस खान, मुमताज़ जहाँ, प्रियंका सिंह, जूनियर इंजीनियर संगठन के प्रदेश महासचिव बलबीर यादव, प्रभाकर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। करीब एक घंटे चली वार्ता में मुख्य अभियंता रवि अग्रवाल ने कर्मचारियों से सौहार्दपूर्ण माहौल में बातचीत की। उन्होंने शौर्य द्विवेदी, कार्यालय सहायक के डांटे जाने और तबीयत खराब होने की घटना से इंकार किया। मुख्य अभियंता ने कहा कि ल्लसभी कर्मचारी मेरे परिवार का हिस्सा हैं। अगर कभी डांटता भी हूँ तो एक अभिभावक की हैसियत से ताकि सभी लोग ईमानदारी और मेहनत से काम करें।'' उन्होंने संगठन को आश्वस्त किया कि भविष्य में किसी तरह की गलतफहमी नहीं होने दी जाएगी और कर्मचारियों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। आश्वासन के बाद संगठन ने अपना विरोध नोटिस वापस ले लिया। इसके बाद सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थल पर लौट गए।

## निगोहां थाना क्षेत्र में सनसनी : नाले में बोरे के अंदर मिला अज्ञात महिला का शव, हत्या की आशंका

निगोहां, लखनऊ। निगोहां थाना क्षेत्र के गौतम खेड़ा गांव के बाहर नाले में शुक्रवार को एक बोरे के अंदर से अज्ञात महिला का कई दिन पुराना शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। दुर्गंध आने पर ग्रामीणों ने नाले में झांककर देखा तो बोरे में बंधा शव दिखाई दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने महिला की हत्या कर शव को बोरे में बंद करके नाले में फेंके जाने की आशंका जताई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो सकी है।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई-निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/प्लांट, यांत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती हैं।
क्रम सं.-01, निविदा संख्या: EL-MWS-GKP-2025-26-12, कार्य का विवरण : कोच अल्टरेशन इन इलेक्ट्रिकल सिस्टम इन 1000 कोचेज ऑफ 2–टियर एल.एच.बी. एलॉटेड क्वांटिटी 50 नं. कोचेज। अनुमानित लागत (रू.में): ₹ 70,35,486.50, बयाने की राशि (रू.में): ₹ 1,40,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: ₹ शून्य, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने की तिथि से–12 महीना।
• आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि: 24-11-2025, समय 11:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
उप मुख्य यांत्रिक इन्जीनियर/प्लांट (कार), गोरखपुर
मुजाधि/यांत्रिक–87
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# एकेटीयू में धूमधाम से मनाया गया मध्य प्रदेश स्थापना दिवस, प्रस्तुत किए संस्कृति कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान छात्रों ने मध्य प्रदेश पर आधारित विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के मार्गदर्शन एवं कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय के निर्देशन में कार्यक्रम की शुरूआत मध्य प्रदेश पर आधारित एक लघु फिल्म से हुई। मध्य प्रदेश के उद्गम से लेकर अब तक की विकास यात्रा एवं सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और सामाजिक पक्षों को समेटे इस फिल्म की शुरूआत एक कविता से हुई। जबकि इसके समापन पर बघेली लोक गीत ने मन मोह लिया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने




गोण्डवाना की रानी दुर्गावती के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन प्रस्तुत किया। नाटक के जरिये मुगलों से रानी की लड़ाई और अपने मातृभूमि और स्वाभिमान के लिए प्राणों के बलिदान को दर्शाया गया। रानी की शौर्यगाथा पर आधारित इस मंचन से खूब वाहवाही बटोरी। इसी तरह महारानी लक्ष्मीबाई का ग्वालियर में लड़े गये अंतिम युद्ध का भी नाट्य मंचन छात्रों की टीम ने किया। इसमें अंग्रेजों के खिलाफ रानी लक्ष्मीबाई की लड़ाई को छात्रों ने बेहद संजीदगी से प्रस्तुत किया। छात्रों की एक टीम ने चित्रकूट में भगवान राम के प्रवास को केंद्रित एक भजन प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्रों की बनाई रंगोली और पेंटिंग में मध्य प्रदेश की संस्कृति, सभ्यता, ऐतिहासिकता एवं सामाजिक तानेबाने का चित्र उभरा। विभिन्न रंगों के संयोजन से छात्रों ने एमपी के महत्वपूर्ण स्थलों, मंदिरों एवं स्थानों को अपने रंगोली और पेंटिंग का हिस्सा बनाया।

### एकेटीयू में नवाचार और उद्यमिता के लिए चल रही योजनाओं से प्रभावित हुआ विदेशी प्रतिनिधिमंडल

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को सुषमा स्वराज विदेश संस्थान, विदेश मंत्रालय के 22 देशों 48 विदेशी सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत कुलपति प्रो0 जेपी पाण्डेय ने किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय में युवाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं, अनुसंधान और प्रशिक्षण कार्यक्रम ही जानकारी प्राप्त की। सबसे पहले प्रतिनिधिमंडल विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब पहुंचा। यहां विदेशी मेहमानों को प्रदेश के युवाओं और छात्रों को नवाचार और उद्यमिता के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गयी।

# खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में रोजगार की अपार सम्भावनायें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

-स्थानीय किसानों को मिलेगा लाभ, गांव-गांव तक पहुंचेगा औद्योगिक समन्वय

लखनऊ,। उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में किसानों व उद्यमियों की आमदनी बढ़ाने तथा युवाओं के लिए रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं। उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये हैं कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति के तहत दी जा रही सुविधाओं तथा प्रदत्त व प्राविधानित अनुदान आदि के बारे मे लोगों को जागरूक व प्रेरित किया जाए, ताकि अधिक से अधिक उद्यम स्थापित हो सकें। उप मुख्यमंत्री मौर्य के मार्गदर्शन में खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों को लगातार स्वीकृति मिल रही है और उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन रहा है। खाद्य प्रसंस्करण से किसानों व युवाओं की आमदनी बढ़ाने के लिए सरकार ठोस प्रयास कर रही है। उप्र. खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 से



उद्यमियों को नये आयाम मिल रहे हैं।खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र मे रोजगार की अपार सम्भावनायें हैं। नीति से स्थानीय किसानों को लाभ मिलेगा और गांव-गांव तक औद्योगिक समन्वय पहुंच रहा है। इसी कड़ी में उ0प्र0 खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत प्राप्त प्रस्तावों के परीक्षण हेतु अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बी एल मीना की अध्यक्षता में शनिवार को उद्यान आई आई ए सभागार विभूति खण्ड गोमतीनगर लखनऊ मे अप्रेजल समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में 17 प्रस्तावों का प्रस्तुतिकरण किया गया। जिसके सापेक्ष 12 प्रस्तावों को समिति द्वारा नीति के अंतर्गत प्रदत्त व्यवस्था के अनुसार अर्ह पाया गया तथा राज्य स्तरीय इम्पावर्ड कमेटी (एस0एल0ई0सी0) के समक्ष प्रस्तुत किए जाने की अनुशंसा की गयी।

# मध्य रात्रि से भक्तों का लगा तांता, बड़ी संख्या में श्री श्याम जन्मोत्सव पर दर्शन करने पहुंचे भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर श्याम भक्त भजनों को गाते हाथों में मोर पंख, गुलाब की कली और श्री श्याम के लिए मिश्र मेवा का भोग लेकर मंदिर पहुंचे। पंडित सुहेल देव मिश्र ने आरती कर भक्तों को भक्ति भाव में डूबे दिया लखनऊ शहर के हर कोने श्री श्याम ध्वजा यात्रा मंदिर भक्त मन्दिर पहुंचे। श्री श्याम परिवार महामंत्री रूपेश अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम जन्मोत्सव पर श्री श्याम मन्दिर में पूर्व मध्य रात्रि से भक्तों का ताता लगा था, सुबह से बड़ी संख्या में भक्त श्री श्याम जन्मोत्सव पर दर्शन करने पहुंचे। यह क्रम मध्य रात्रि तक चला। बड़ी संख्या में श्री श्याम भक्त बाबा के लिए केक लेकर पहुंच रहे थे लगभग एक हजार से अधिक भक्त केक का भोग लगाया। मंदिर आने वाले भक्तों को सुलभ दर्शन हो इसको लेकर मन्दिर प्रशासन ने दो



चौड़ी लाइन बनाई गई थी तो वहीं निकासी के दो द्वार से भक्तों को सुलभ दर्शन हो रहे थे। वहीं कोषाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ने बताया कि श्री श्याम जन्मोत्सव के दूसरे दिन 02 नवंबर रात्रि 07 बजे से सुप्रसिद्ध भजन गायिका ब्रजवासी पूर्णिमा पूजन दीदी के भजनों का गुणगान किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष संजीव अग्रवाल, सुधीश गर्ग, अनुराग साहू, अनिल गुप्ता, वीरेंद्र अग्रवाल, अतुल अग्रवाल, पुनीत माहेश्वरी, विकास अग्रवाल, रत्नेश अग्रवाल, लोकेश, प्रदीप बंसल उपस्थित रहे।

# श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आरंभ 2025 फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ।गोसाईगंज में सुल्तानपुर रोड के किनारे स्थित श्री शारदा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स, में नवप्रवेशी छात्रों के स्वागत हेतु भव्य फ्रेशर्स पार्टी ल्लआरंभ 2025ङ्क का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर संस्थान का परिसर ऊर्जा, उमंग और उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम के मौके मुख्य अतिथि के रूप में प्रदीप कुमार दुबे (प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश विधानसभा) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में निपुण अग्रवाल (डीसीपी साउथ, लखनऊ), व बृजेश त्रिपाठी(एसओ, गोसाईगंज) उपस्थित रहे। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं माँ सरस्वती के वंदन से हुआ। इस अवसर पर वाइस चेयरमैन निर्मेश सिंह, डायरेक्टर डॉ. ज्योति सिंह तथा डीन प्रो. विवेक मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विद्यार्थियों ने




सोलो एवं ग्रुप डांस, गायन, नाट्य मंचन और रैम्प वॉक जैसी आकर्षक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के दौरान आशीष सिंह (बी0एस0सी0प्रथम वर्ष) को मिस्टर फ्रेशर एवं नैंसी वर्मा (बीबीए प्रथम वर्ष) को मिस फ्रेशर के रूप में सम्मानित किया गया। अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और समाज सेवा के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।

# खाटू श्याम बाबा के जन्म दिन पर हुआ विशाल भंडारा



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । खाटू श्याम बाबा के जन्मदिन के अवसर पर गोसाईगंज क्षेत्र के सकटू का पुरवा निकट सुल्तानपुर रोड स्थित संतोष कुमारी प्रजापति के निवास स्थान पर खाटू श्याम बाबा दरबार सजाया गया खाटू श्याम बाबा की झांकियां बिल्कुल अद्भुत तरीके से सजाई गई थी मानो जैसे बाबा स्वयं पधारे हो उनके भक्ति जयकारा लगाते हुए बाबा की जय बोल रहे थे। और बाबा की भक्त संतोष कुमारी के पुत्र लक्की का भी जन्मदिन 1 नवंबर को ही पड़ता है। खाटू नरेश और बेटे का जन्मदिन एक ही दिन होने की वजह से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया इस अवसर पर भजन संध्या कीर्तन में महिलाओं ने बाबा के जन्मदिन पर तरह-तरह के भजनों से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर अन्य महिलाओं ने भी अपने-अपने गायन और भजन से बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने-अपने संगीत प्रस्तुत कर समा बांधी। इस अवसर पर सैकड़ो भक्तों ने प्रसाद चखा ।

# जानकीपुरम में धूमधाम से मनाया गया श्री श्याम जन्मोत्सव भजन कीर्तन के साथ हुआ भव्य भंडारे का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ, । श्री श्याम जन्मोत्सव के अवसर पर शहर भर में पूजा अर्चना के साथ जगह जगह पर भजन कीर्तन व भव्य भंडारों का आयोजन हुआ। इसी क्रम में जानकीपुरम विस्तार में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री खाटू श्याम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में हरिओम पूजन शॉप एवं गिफ्ट सेंटर व श्याम प्रेमी मित्रगण ने बाबा श्याम की पूजा कर विशाल भंडारे का आयोजन किया। वहीं इस मौके पर श्याम भक्त बाबा श्याम के गीतों पर झूमते नजर आए। तो वहीं पूरे परिसर में रंग बिरंगे गुब्बारे भी लगाए गए। देर शाम को जन्मोत्सव का केक भी काटा गए। जिसके बाद प्रसाद में बूंदी का वितरण और 56 भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर संतोष यादव, बिन्नू



यादव, रोली यादव, बच्ची देवी, ममता सिंह, सीमा सिंह, शुभम सिंह, सीताराम, पंकज मिश्रा, मानसिंह देवरी रूखारा, दीपक शर्मा, अखिल मिश्रा, प्रशान्त शर्मा व अनूप राजपूत समेत अन्य मौजूद रहे। वहीं फैजुल्लागंज में राधा कृष्ण मंदिर के पास श्री श्याम पूजन भंडार के द्वारा श्री श्याम जन्मोत्सव व भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें इस मौके पर जगदीश तिवारी सपरिवार व राजेंद्र शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहे।

### भारत देश की शक्ति उसकी विविधता में निहित है: विशाल सिंह

लखनऊ। बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय में शनिवार को'दिल्ली राजयत्व दिवस' के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सूचना निदेशक विशाल सिंह ने कहा कि हम अपने देश के संघीय ढांचे को भली-भांति समझें, क्योंकि यही भारत की लोकतांत्रिक प्रणाली की सबसे बड़ी शक्ति है। आज हम सभी उत्तर प्रदेश में दिल्ली राज्यत्व दिवस मना रहे हैं, जो केवल एक राज्य का उत्सव नहीं बल्कि विभिन्न राज्यों और संस्कृतियों के बीच सहयोग, सहभागिता और एकता का प्रतीक है। यह दिवस हमें यह संदेश देता है कि भारत जैसे विशाल देश की शक्ति उसकी विविधता में निहित है।

उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को डॉ. भीमराव अंबेडकर के विचारों और आदर्शों को गहराई से समझना चाहिए, क्योंकि बाबासाहेब ने एक ऐसे भारत की परिकल्पना की थी जहाँ समानता, बंधुत्व और न्याय के सिद्धांतों के आधार पर सभी नागरिक आगे बढ़ें। विद्यार्थियों को सभी संस्कृतियों, भाषाओं और परंपराओं से जुड़े लोगों के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए, आपसी संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को और मजबूत किया जा सके।



देश के लोकप्रिय नेता और लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का आयोजन धूमधाम से किया गया।

### नगराम में युवती को फोन पर गालियां व समाज में बदनाम करने की दी धमकी

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगराम थाना क्षेत्र के करोरवा गांव की रहने वाली एक युवती के फोन पर बीते वर्ष 10 जुलाई 2024 की देर रात करीब 11 बजे एक मोबाइल नंबर से फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति ने न केवल गंदी-गंदी गालियां दीं, बल्कि समाज में बदनाम करने की धमकी भी दी। पीड़िता अंजू ने बताया कि उसने इस घटना की शिकायत नगराम थाने से लेकर उच्च अधिकारियों तक की, यहां तक कि मुख्यमंत्री को अपनी शिकायत डांक पोस्टल द्वारा भेजा , लेकिन हर जगह से उसे निराशा ही हाथ लगी। इसके बाद पीड़िता ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। न्यायालय के आदेश पर नगराम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी विवेक चौधरी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### वंदे मातरम ' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदेश के 18 स्थानों पर बड़े कार्यक्रम करेगी भाजपा

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। भारत के राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 07 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के 18 स्थानों पर बड़े कार्यक्रम करेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी की अध्यक्षता एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की मौजूदगी में शनिवार को पार्टी के राज्य मुख्यालय में इस संबंध में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वंदे मातरम केवल गीत नहीं, यह हमारे राष्ट्र की आत्मा है, जिसने आज़ादी के आंदोलन में करोड़ों लोगों में देशभक्ति की ज्वाला प्रज्वलित की थी। आज फिर से वही भाव जगाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए।ङ्क उन्होंने कहा कि आगामी 7 नवंबर को भारत के राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर होने वाले समारोह में पार्टी कार्यकर्ताओं को व्यापक स्तर पर सहभागिता करनी होगी। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने आगामी अभियानों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि वंदे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने का अवसर ल्लसांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पुनर्पुष्टि का पर्व है। इसमें हर कार्यकर्ता को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने बताया कि वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर पार्टी 7 नवंबर से पूरे प्रदेश में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों को आयोजन किया करेगी। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश में 18 स्थानों पर वंदे मातरम् अभियान को लेकर एक साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों को लेकर अभी से हमें अपनी तैयारियां प्रारम्भ कर देनी चाहिए। अभियान का प्रदेश संयोजक पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयम्बक त्रिपाठी को बनाया गया है। बैठक में पार्टी के चल रहे आत्मनिर्भर भारत अभियान, लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर पार्टी के किए जा रहे कार्यक्रमों, भारत के राष्ट्र गीत 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर 7 नवंबर को होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्रीय अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और विभिन्न अभियानों के संयोजक सम्मिलित हुए। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने किया।

# उत्तर प्रदेश में यातायात माह शुरू, जिलों में हुए कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश में नवंबर माह की पहली तारीख से ही यातायात माह की शुरुआत हो गयी है। शनिवार को यातायात को लेकर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने लोगों को यातायात नियमों के बारें जानकारी दी। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ, कानपुर नगर, वाराणसी, गोरखपुर, बरेली, मेरठ, आगरा, झांसी, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और तमाम शहरों में एक नवंबर को यातायात माह का शुंभारंभ किया गया। इन जिलों में तैनात जिलाधिकारियों, पुलिस कप्तान और पुलिस कमिश्नरेट से जुड़े पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचकर लोगों को यातायात के नियमों की जानकारी देते हुए सुरक्षित यात्रा करने की सलाह दी है।

सफर करते समय चालक और चालक की बगलवाली शीट पर बैठने वाले व्यक्ति को शीट बेल्ट बांधना अनिवार्य, हेलमेट पहनकर




बाइक चालना समेत सावधानियां बरतते हुए कई विषयों पर लोगों को जागरूक किया गया। लोगों को यातायात नियम का पालन करने के लिए शपथ भी दिलायी गई। यह कारवां पूरे माह जारी रहेगा और जिला व पुलिस अधिकारी लोगों को यातायात के बारे में जानकारी देने के लिए नुक्कड़ नाटक, रैली और स्कूली बच्चों के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

यातायात महानिदेशालय ने शनिवार को अपने एक्स एकाउंट से पोस्ट कर कुछ जिलों की तस्वीरें, वीडियो सार्वजनिक किया है। इसमें लिखा गया है कि तैयार है यूपी। पूरे उत्साह के साथ 'यातायात माह-2025' का शुभारंभ! ट्रैफ़िक नियमों के प्रति जागरूकता और सड़क सुरक्षा को समर्पित यह अभियान पूरे माह चलेगा। सभी से सुरक्षित यातायात के संकल्प में सहयोग की अपील। यातायात नियमों का पालन कर, अभियान को सफल बनाएँ।

# राजभवन में मनाया गया पंजाब राज्य का स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के राजभवन में पंजाब राज्य का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक योगदान तथा स्वाधीनता संग्राम में उसके विशिष्ट स्थान को भावपूर्ण रूप से स्मरण किया गया। कार्यक्रम में पंजाब थीम पर आधारित आकर्षक साज-सज्जा की गई। इसमें पारंपरिक रंगों, लोक-संस्कृति और ऐतिहासिक धरोहरों का सुंदर संगम प्रस्तुत हुआ। सजावट में पंजाब के महान व्यक्तित्वों, ऐतिहासिक स्थलों, लोक कलाओं और ग्रामीण जीवन की झलक प्रदर्शित की गई। पारंपरिक पंजाबी परिधानों, देहाती सजावट और लोक संगीत के तत्वों ने वातावरण को जीवंत बना दिया। पंजाबी रसोई नामक विशेष सेक्शन में पंजाब की मिट्टी की खुशबू और देसी स्वाद को दर्शाया गया।

फर्श पर बनी रंग-बिरंगी रंगोली ने इस सजावट को और भव्य बना दिया, जिसमें



स्वर्ण मंदिर, सरसों के खेतों और लोक कलाकारों के चित्र अंकित किए गए। कार्यक्रम की साज-सज्जा एवं थीम का अवलोकन विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल तथा विशेष सचिव, राज्यपाल द्वारा किया गया। यह आयोजन पंजाब की गौरवशाली परंपरा, देशभक्ति और सांस्कृतिक विविधता के सम्मान का प्रतीक रहा।

इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी राज्यपाल डॉक्टर सुधीर महादेव बोबडे (अपर मुख्य सचिव स्तर), विशेष सचिव राज्यपाल श्रीप्रकाश गुप्ता, राजभवन के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों सहित अन्य महानुभाव उपस्थित रहे।

# जनता की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर (ब्यूरो)। जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील महोली में मा0 विधायक शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को एक-एक करके सुना गया एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय

**तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस – जिलाधिकारी ने दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनता की सुनी गई समस्याएँ, 53 शिकायतों का हुआ मौके पर निस्तारण**

से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0 जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। वित्त मंत्रालय एवं भारतीय रिज़र्व बैंक के 'आपकी पूंजी आपका अधिकार' अभियान के अंतर्गत लीड बैंक, इंडियन बैंक के समन्वय में चयनित 7 लाभार्थियों को मा0 विधायक शशांक त्रिवेदी एवं जिलाधिकारी के कर-कमलों से अनक्लेम्ड डिपॉज़िट के पुनर्जीवन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।



सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी महोली देवेन्द्र कुमार मिश्र, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील महोली में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 88 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील मिश्रिख में प्राप्त 62 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील लहरपुर में प्राप्त 45 प्रार्थना पत्रों में से 15, तहसील सदर में प्राप्त 12 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील बिसवां में प्राप्त 27 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील सिधौली में प्राप्त 75 प्रार्थना-पत्रों में से 11 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। इसके पूर्व जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने तहसील महोली के विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कड़े निर्देश दिये कि न्यायालयों का संचालन नियमित रूप से किया जाये तथा लम्बित वादों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। चकमार्गों के अवैध कब्जों को हटवाये जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये तथा तालाब के पट्टों के आवंटन की स्थिति की समीक्षा भी की। इसके साथ ही अभिलेखों का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि सभी कर्मचारियों की सेवापुस्तिकाएं अद्यतन रखी जायें एवं उसमें अवकाश आदि की प्रविष्टियां समय से दर्ज की जाये। उपजिलाधिकारी महोली को निर्देश दिये कि वह संबंधित पटलों एवं अभिलेखों का नियमित रूप से अनुश्रवण कर अद्यतन कराना सुनिश्चित करें

## डीसी ग्राफिक्स एंड प्रिंटिंग प्रेस में बड़े धूमधाम से मनाया गया द्वितीय वार्षिकोत्सव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिला सीतापुर कसबा खैराबाद निकट ए आरटीओ ऑफिस बिसुनपुर में संचालित डीसी ग्राफिक्स एंड प्रिंटिंग प्रेस बहुत ही कुशलतापूर्वक अपना दो वर्ष पूरा करने पर अपने प्रिंटिंग प्रेस कार्यालय में वार्षिक उत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया और अपने सभी सम्मानित ग्राहकों को सहृदय से धन्यवाद देते हुए ग्राफिक्स के अध्यक्ष डालचंद्र वर्मा ने कहा कि हमारे इस प्रिंटिंग प्रेस को असीम ऊंचाइयो तक पहुंचाने का कार्य सम्मानित ग्राहकों का है जिन्होंने हमें इस अपना असीम सहयोग व प्यार देकरके हमारे कार्य को सफल बनाया है।मैं इस क्षेत्र के सभी सम्मानित ग्राहकों का हृदय से धन्यवाद देता हूं और आशा करता हूं कि आप सभी लोग इसी प्रकार से डीसी ग्राफिक्स का सहयोग करते रहेंगे हमारी प्राथमिकता लोगों की सेवा करना है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय अजय विश्वकर्मा जी ब्लॉक प्रमुख खैराबाद व परम पूज्य गुरुजी श्री



अशोक कुमार प्रजापति जी राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अध्यापक के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरम्भ हुआ। इस मौके पर आरंभ इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन के अध्यक्ष अंकित शुक्ला जी युग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजर ओम प्रकाश मौर्य जी लोधी महा सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लेखराज लोधी जी ब अमन पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य अजय राजपूत जी आदि सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित होकर डीसी ग्राफिक्स के कार्य की सराहना करते हुए बहुत सारी शुभकामनाएं प्रदान की ।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने किया यातायात माह नवम्बर 2025' का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर (ब्यूरो) । जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 व पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने सिविल लाइन स्थित महिला थाना सीतापुर के निकट आयोजित कार्यक्रम में यातायात माह नवम्बर 2025 का फीता काटकर शुभारम्भ किया। आमजनमानस को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक करने व सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से आयोजित यातायात माह के शुभारंभ के अवसर पर यातायात जागरुकता हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बिना हेलमेट के वाहन चालकों को हेलमेट वितरित किये गये तथा भविष्य में सदैव हेलमेट के प्रयोग हेतु जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर यातायात जागरूकता हेतु पम्पलेट का अनावरण किया गया एवं आमजनमानस में वितरित भी कराया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने सभी को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए वाहन पर सवार सभी व्यक्तियों को सीट बेल्ट व हेलमेट प्रयोग करने एवं सड़क सुरक्षा नियमों का



पालन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके हम स्वयं को सुरक्षित रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग गति सीमा में वाहन चलायें, जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो सके। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने स्पीड लिमिट बनाये रखने व पुलिस-प्रशासन द्वारा यातायात नियमों के पालन हेतु निरंतर किये जा रहे प्रयासों एवं आग्रह को सुनने के साथ उनके पालन करने का संकल्प लेने हेतु प्रोत्साहित करते हुए आमजनमानस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने की स्थिति में उनके प्रति नियमानुसार कार्यवाही के विषय में बताया। इसी क्रम में समस्त अधिकारियों द्वारा स्वयं के जीवन को खतरे में न डालने व यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गयी एवं बिना हेलमेट के मोटर वाहन चला रहे लोगों को रोककर उन्हें हेलमेट प्रदान करते हुए हेलमेट लगाने की अपील की गयी। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी विनायक भोसले, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद व व्यापार मंडल के पदाधिकारी शोभित टंडन, भगवती गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

# वन व उद्यान विभाग की मिलीभगत से हुआ पेड़ कटान का बड़ा खेल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सकरन/सीतापुर क्षेत्र में वन विभाग और उद्यान विभाग की लापरवाही व भ्रष्टाचार की नई मिसाल सामने आई है। विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से देशी आम के पेड़ों को कलमी प्रजाति बताकर कटान का परमिट जारी कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक, रौव्वापुर नेवादा गांव के पास स्थित गठिया खुर्द निवासी रामकुमार मौर्या की बाग में आठ हरे-भरे देशी आम के पेड़ लगे थे, जिन पर हर साल अच्छी फसल होती थी। इन्हें नकैला गांव निवासी लकड़ी ठेकेदार अजीज ने खरीद लिया। इसके बाद ठेकेदार ने वन विभाग से सांठगांठ कर देशी आम की जगह कलमी आम के नाम पर परमिट बनवा लिया।

सूत्रों के अनुसार, उद्यान विभाग ने बिना किसी स्थलीय निरीक्षण के पांच कलमी पेड़ों का परमिट जारी कर दिया, जबकि



मौके पर आठ देशी पेड़ मौजूद थे। शनिवार को ठेकेदार ने केवल पांच पेड़ों के परमिट पर सभी आठ पेड़ों को कटवा डाला।

ग्रामीणों ने इस अवैध कटान की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की, मगर क्षेत्रीय वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव ने पेड़ों को कलमी बता कर अधिकारियों को गुमराह किया। बताया जाता है कि सकरन बीट में तैनात वन दरोगा पर लंबे समय से बिना परमिट के पेड़ कटवाने और कमीशन के नाम पर मोटी रकम लेने के आरोप लगते रहे हैं। कई बार सुमरावां, सकरन, ताजपुर, सलौली आदि गांवों में पैसे के लेन-देन को लेकर उसकी पिटाई तक हो चुकी है,

**बिना निरीक्षण के जारी हुआ परमिट, देशी आम के पेड़ों को कलमी बताकर काटे गए आठ हरे-भरे पेड़**

**ग्रामीणों ने इस अवैध कटान की शिकायत विभागीय अधिकारियों से की, मगर क्षेत्रीय वन दरोगा नरेंद्र पाल यादव ने पेड़ों को कलमी बता कर अधिकारियों को गुमराह किया।**

बावजूद इसके विभाग ने कोई सख्त कार्रवाई नहीं की।

इस पूरे मामले पर रेंजर अहमद कमाल सिद्दीकी ने कहा सूचना मिली है, डिप्टी रेंजर को मौके पर भेजा गया है। जांच कर दोषियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## वन मंत्री अरुण सक्सेना ने किया दुधवा टाइगर रिजर्व का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया खीरी । उत्तर प्रदेश का गौरव और प्राकृतिक धरोहर कहलाने वाला दुधवा टाइगर रिजर्व आज से सैलानियों के लिए खोल दिया गया। एक नवम्बर से शुरू हुए पर्यटन सत्र का शुभारंभ प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान पूरे दुधवा क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में वनकर्मी, अधिकारी, स्थानीय लोग और देश-विदेश से आए पर्यटक मौजूद रहे।

इस बार दुधवा सफारी का आनंद लेना सैलानियों के लिए पहले से महंगा हो गया है। पार्क प्रशासन ने प्रवेश शुल्क और अन्य दरों में बढ़ोतरी की है। अब पार्क में प्रवेश के लिए 200 रुपये की जगह 250 रुपये देने होंगे। वहीं गैंडा दर्शन का शुल्क 150 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये प्रति व्यक्ति कर दिया गया है। इतना ही नहीं, सामान्य कैमरा ले जाने का शुल्क भी 100 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया गया है।

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शुल्कों में यह बढ़ोतरी पार्क की सुविधाओं के विस्तार, पर्यटक सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। इस बार पार्क के सभी जोन–



दुधवा, सोहेलवा और कर्तनियाघाट–में नए सुरक्षा इंतज़ाम और बेहतर गाइड व्यवस्था की गई है। वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि ल्लदुधवा प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की शान है। यहां के जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक सुंदरता भारत की जैव विविधता का अहम हिस्सा हैं। सरकार का लक्ष्य है कि दुधवा को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र बनाया जाए। पर्यटन सत्र की शुरुआत के साथ ही अब सैलानी घने जंगलों के बीच बाघ, गैंडा, हाथी, भालू, दलदली हिरण (बारासिंघा), और दर्जनों दुर्लभ पक्षी प्रजातियों का दीदार कर सकेंगे। दुधवा प्रशासन ने सड़कों की मरम्मत, पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था और सफारी बुकिंग प्रणाली को भी पहले से बेहतर किया है। दुधवा टाइगर रिजर्व एक बार फिर सैलानियों के स्वागत को तैयार है – नए नियम, नई उम्मीदें और रोमांच से भरपूर जंगल सफारी का अनुभव अब शुरू हो चुका है।

## आपराधिक कानूनों के प्रति आम जनमानस में जागरुकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । अंकुर अग्रवाल द्वारा नये आपराधिक कानूनों के प्रति आमजनमानस में जागरुकता फैलाने हेतु सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशानिर्देश दिये गये हैं। उक्त दिये गये निर्देशों के अनुपालन के क्रम में आज दिनांक 01.11.2025 को जनपद सीतापुर के समस्त थानों द्वारा नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु गएख्र जागरूकता अभियान 2.0 के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारतीय न्याय प्रणाली के नये स्वरूप ल्लदण्ड से न्याय की ओरङ्ग एवं उसके व्यावहारिक क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बताया गया कि नये आपराधिक कानून न्याय व्यवस्था को अधिक संवेदनशील, जनसुलभ एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं। इन कानूनों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराधों को और अधिक गंभीरता से लेते हुए कड़े एवं त्वरित दण्ड के प्रावधान किए गए हैं, वहीं संगठित अपराधों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु स्पष्ट और सशक्त विधिक ढाँचा तैयार किया गया है। साथ ही न्याय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सशक्त बनाने



के लिए ड्ट्रन्ध क्क्रन्ट, व-क्क्रन्ट पंजीकरण, डिजिटल साक्ष्य, ई-सम्मन, ऑनलाइन सुनवाई तथा फोरेंसिक विज्ञान के प्रयोग जैसे प्रावधान शामिल किए गए हैं। मुकदमों के शीघ्र निस्तारण हेतु सख्त समयसीमा निर्धारित की गई है, जिससे न्याय प्रक्रिया में दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। नये कानूनों से पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक जवाबदेह, पारदर्शी एवं जनहितोन्मुख बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। तथा निम्नलिखित बिन्दुओं के माध्यम से वार्ता की गई। पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोणः- नए कानूनों का मुख्य उद्देश्य न्याय प्रणाली को दंड-केंद्रित दृष्टिकोण से बदलकर न्याय-केंद्रित दृष्टिकोण की ओर ले जाना है, जो पीड़ितों के अधिकारों की रक्षा करे।

डिजिटल साक्ष्य का महत्वः- इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल रिकॉर्ड को अब कागजी दस्तावेजों के समान कानूनी दर्ज़ा दिया गया है। महिला और बच्चों के खिलाफ अपराधः- महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों पर एक नया अध्याय जोड़ा गया है, और कुछ अपराधों को लिंग-तटस्थ बना दिया गया है। नई अपराधों का समावेशः- आतंकवाद, संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग, और छीना-झपटी जैसे अपराधों को नए कानूनों में शामिल किया गया है। त्वरित न्यायः- मामलों को जल्दी और निष्पक्ष तरीके से निपटाने के लिए प्रक्रियात्मक सुधार किए गए हैं, जिसमें कुछ अपराधों के लिए त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के प्रावधान भी शामिल हैं।

समुदाय सेवाः- छोटे अपराधों के लिए, जिसमें चोरी की गई संपत्ति का मूल्य ?5000 से कम है, सामुदायिक सेवा जैसे दंड का प्रावधान किया गया है।

ऑनलाइन एफआईआरः- अब लोग सीसीटीएनएस के माध्यम से ऑनलाइन ई-एफआईआर दर्ज कर सकते हैं, और किसी भी पुलिस स्टेशन में जीरो एफआईआर दर्ज की जा सकती है। गिरफ्तारी के नियमः- गिरफ्तारी के समय व्यक्ति को अपने परिवार या दोस्तों को सूचित करने का अधिकार है, और पुलिस स्टेशनों में गिरफ्तारी की जानकारी प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

### एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील लखीमपुर में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम सदर अश्वनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में किया गया। समाधान दिवस में सुबह से ही बड़ी संख्या में फरियादी अपनी-अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। एसडीएम ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुना और कई पमामलों का निस्तारण मौके पर ही कराया। इस मौके पर प्रभारी तहसीलदार सुनील कुमार, बीडीओ ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ सुमित कुमार सिंह और बीडीओ संगीता यादव सहित कई विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से जनता की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता ने समाधान दिवस में अपनी जमीन विवाद, आवास योजना, बिजली, पानी, राशन कार्ड और राजस्व संबंधी समस्याएं रखीं। एसडीएम सदर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी फरियादी को तहसील के चक्कर न लगाने पड़ें और हर शिकायत का समाधान निर्धारित समय सीमा में किया जाए। एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और न्यायपूर्ण निस्तारण करना है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि कोई भी व्यक्ति अपनी समस्या को लेकर दर-दर न भटके, बल्कि उसे समय पर न्याय मिले। तहसील परिसर में पूरे दिन प्रशासनिक हलचल बनी रही। फरियादियों ने उम्मीद जताई कि उनकी समस्याओं का समाधान जल्द होगा और प्रशासन ने भी त्वरित कार्यवाही का भरोसा दिया। संपूर्ण समाधान दिवस में जनता और प्रशासन के बीच संवाद का पुल बना लखीमपुर तहसील परिसर – कई शिकायतों का निस्तारण मौके पर, बाकी मामलों के लिए दिए गए सख्त निर्देश।

### गुलरिया चीनी मिल में पेराई सत्र 2025-26 का हुआ भव्य शुभारंभ – पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा बने मुख्य अतिथि

लखीमपुर खीरी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद की ऐतिहासिक गुलरिया चीनी मिल में आज से पेराई सत्र 2025S26 की शुरुआत हो गई। पूरे क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल रहा। सुबह से ही गन्ना लेकर पहुंचे किसानों की भीड़ ने मिल परिसर को जीवंत कर दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने नारियल फोड़कर, पूजा-अर्चना कर और शुगर प्लांट का स्विच ऑन कर नए सत्र का विधिवत शुभारंभ किया।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने एक बैलगाड़ी चालक और एक ट्राली चालक किसान को सम्मानित कर समाज में उनके परिश्रम और योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि ल्लकिसान इस देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। उनकी मेहनत ही है जो खेतों में हरियाली और मिलों में मिठास भरती है। प्रशासन किसानों के साथ है और उनकी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता पर किया जाएगा।

गुलरिया मिल परिसर में सुबह से ही किसानों का जमावड़ा देखने को मिला। गन्ना लाने वाले किसानों के चेहरों पर नई उम्मीदें और उत्साह की झलक दिखाई दी। मिल प्रबंधन द्वारा किसानों का स्वागत पुष्प वर्षा और शीतल पेय वितरण के साथ किया गया। मिल परिसर को फूलों और रोशनी से सजाया गया, जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय बना रहा। मिल के अधिकारियों ने बताया कि इस बार के पेराई सत्र में आधुनिक तकनीक, बेहतर दक्षता और पारदर्शी तौल व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही किसानों को ऑनलाइन भुगतान सुनिश्चित करने के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। लक्ष्य इस बार उत्पादन बढ़ाने और समय से गन्ना मूल्य भुगतान करने का रखा गया है। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने कहा कि ल्लकिसानों को हर संभव सुरक्षा और सहयोग मिलेगा। गन्ना लाने-जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ की गई है ताकि कोई परेशानी न हो।ङ्क उन्होंने किसानों से अपील की कि वे नियमों का पालन करते हुए सुरक्षित तरीके से गन्ने की ढुलाई करें। इस मौके पर बड़ी संख्या में किसान, मिल कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में नए पेराई सत्र के सफल संचालन की शुभकामनाएं दीं। पकिसानों ने कहा कि एसपी संकल्प शर्मा द्वारा सम्मानित होना गर्व की बात है और इससे पूरे क्षेत्र के किसानों का हौसला बढ़ा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस बार गन्ने का दाम समय से मिलेगा और मिल प्रशासन किसानों के साथ पहले से बेहतर तालमेल रखेगा।

## सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने को शुरू हुआ यातायात माह, हेलमेट पहनें, सुरक्षित चलें : जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील पलिया के सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक ओर जहां फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं, वहीं दूसरी ओर जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र सौंपे। जनसुनवाई के दौरान डीएम व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण



**संपूर्ण समाधान दिवस : डीएम ने फरियादियों की सुनी समस्याएं, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात**

**शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : डीएम**

करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्यवाही करे।

इस समाधान दिवस में कुल 74 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए, जिनमें से 06 का मौके पर निस्तारण किया गया। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 35, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 07, नगर निकाय की 05, विकास विभाग की 04, आपूर्ति 02 और अन्य की 08 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।

समाधान दिवस पर मुस्कुराए चेहरे : लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

संपूर्ण समाधान दिवस जनपद में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का साक्षी बना। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा और सीडीओ अभिषेक कुमार ने मंच से स्वयं लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ सौंपा। विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के तहत टेलरिंग ट्रेड के तीन लाभार्थियों को सिलाई मशीन और प्रेस प्रदान की गई। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत दो लाभार्थियों को पाँच-पाँच लाख रुपये के

## वन मंत्री अरुण सक्सेना ने किया दुधवा टाइगर रिजर्व का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पलिया खीरी । उत्तर प्रदेश का गौरव और प्राकृतिक धरोहर कहलाने वाला दुधवा टाइगर रिजर्व आज से सैलानियों के लिए खोल दिया गया। एक नवम्बर से शुरू हुए पर्यटन सत्र का शुभारंभ प्रदेश के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना ने मंत्रोच्चारण के बीच फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान पूरे दुधवा क्षेत्र में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला। बड़ी संख्या में वनकर्मी, अधिकारी, स्थानीय लोग और देश-विदेश से आए पर्यटक मौजूद रहे। इस बार दुधवा सफारी का आनंद लेना सैलानियों के लिए पहले से महंगा हो गया है। पार्क प्रशासन ने प्रवेश शुल्क और अन्य दरों में बढ़ोतरी की है। अब पार्क में प्रवेश के लिए 200 रुपये की जगह 250 रुपये देने होंगे। वहीं गैंडा दर्शन का शुल्क 150 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये प्रति व्यक्ति कर दिया गया है। इतना ही नहीं, सामान्य कैमरा ले जाने का शुल्क भी 100 रुपये से बढ़ाकर 200 रुपये कर दिया गया है। वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शुल्कों में यह बढ़ोतरी पार्क की सुविधाओं के विस्तार, पर्यटक सुरक्षा और वन्यजीव संरक्षण को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। इस बार पार्क के सभी जोन–



दुधवा, सोहेलवा और कर्तनियाघाट–में नए सुरक्षा इंतज़ाम और बेहतर गाइड व्यवस्था की गई है। वन मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि ल्लदुधवा प्रदेश ही नहीं, पूरे देश की शान है। यहां के जंगल, वन्यजीव और प्राकृतिक सुंदरता भारत की जैव विविधता का अहम हिस्सा हैं। सरकार का लक्ष्य है कि दुधवा को अंतरराष्ट्रीय स्तर का पर्यटन केंद्र बनाया जाए।ङ्क पर्यटन सत्र की शुरुआत के साथ ही अब सैलानी घने जंगलों के बीच बाघ, गैंडा, हाथी, भालू, दलदली हिरण (बारासिंघा), और दर्जनों दुर्लभ पक्षी प्रजातियों का दीदार कर सकेंगे। दुधवा प्रशासन ने सड़कों की मरम्मत, पर्यटकों के ठहरने की व्यवस्था और सफारी बुकिंग प्रणाली को भी पहले से बेहतर किया है। दुधवा टाइगर रिजर्व एक बार फिर सैलानियों के स्वागत को तैयार है।

– नए नियम, नई उम्मीदें और रोमांच से भरपूर

# कार्यशाला आयोजित कर, एसएसपी ने दी नये कानून की जानकारी

**वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन एवं अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुई कार्यशाला**



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा आयोजित कार्यशाला में नये कानून के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। नये आपराधिक कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पुलिस लाइन सभागार, बदायूँ में आयोजित हुई गए जागरूकता अभियान 2.0 कार्यशाला, कार्यशाला में मौजूद रहे जनपद के सभी उच्च अधिकारी गण। आपको बता दें कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बदायूँ डा0 बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन एवं अध्यक्षता में पुलिस लाइन बदायूँ स्थित सभागार में गए जागरूकता अभियान 2.0 के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयेन्द्र द्विवेदी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डा0 हृदेश कुमार कठेरिया, अभियोजन अधिकारी ए0 पी0 शर्मा द्वारा विस्तृत रूप से विवेचकों, उपनिरीक्षकों व अन्य उपस्थित पुलिसकर्मियों को नये कानूनों के प्रमुख प्रावधानों एवं उनके व्यवहारिक उपयोग के संबंध में जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम के दौरान नये आपराधिक कानूनों की प्रमुख विशेषताओं - जैसे कि 'शून्य एफआईआर' (Zero FIR) की अवधारणा, E-FIR की प्रक्रिया, समयबद्ध न्याय प्रणाली, महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित प्रावधान, साइबर अपराध, फोरेंसिक विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बढ़ते उपयोग, तथा पीड़ित-केंद्रित दृष्टिकोण पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला गया। साथ ही अपराध की रोकथाम, विवेचना की पारदर्शिता, तथा न्यायिक प्रक्रिया को अधिक तीव्र और जनसुलभ बनाने हेतु पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इस कार्यशाला का उद्देश्य नये आपराधिक कानूनों – भारतीय न्याय संहिता (BNS), भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम (BNS) – जो 01 जुलाई 2024 से समस्त भारतवर्ष में अधिनियमित हैं के प्रभावी व व्यवहारिक क्रियान्वयन हेतु पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षित एवं जागरूक करना रहा। नये आपराधिक कानून द्वारा देश में एक न्यायोन्मुख, आधुनिक और तकनीकी दृष्टि से सशक्त आपराधिक न्याय प्रणाली की नींव रखना बताया। इस अवसर पर यह अपेक्षा व्यक्त की गयी कि जनपद के समस्त अधिकारी/कर्मचारी नये कानूनों के प्रावधानों को भलीभांति समझकर उन्हें व्यवहार में उतारें, जिससे जनपद कानून व्यवस्था के क्षेत्र में एक आदर्श मॉडल जिला के रूप में उदाहरण प्रस्तुत कर सके। इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों/कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि वे आम जनमानस को इन नये आपराधिक कानूनों के संबंध में अधिक से अधिक जागरूक करें, जिससे नये कानूनों के सम्बन्ध में सामान्य नागरिक भी परिचित हो सके तथा कानून के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके।

कार्यशाला में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी गण एवं विभिन्न थानों से आये हुए उपनिरीक्षकगण, विवेचक एवं अन्य पुलिसकर्मी उत्साहपूर्वक सहभागी रहे।

## प्रभारी निरीक्षक एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने होमगार्ड को सम्मानित कर बढ़ाया गौरव

रायबरेली। विगत माह की भांति इस माह भी, आज दिन शनिवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक जगदीश यादव एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने एक होमगार्ड को सम्मानित कर होमगार्ड विभाग का गौरव बढ़ाया। बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र में कार्य करने वाले होमगार्ड व उत्कृष्ट कार्य व अच्छा प्रदर्शन तथा निष्ठा व कार्यशैली के चलते आज कोतवाली परिसर में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव एवं एस एस आई देवेंद्र सिंह भदौरिया ने होमगार्ड राजीव कुमार मिश्रा को सम्मानित कर उनके द्वारा किये गए कार्यों की सराहना की इस मौके पर ,बी ओ राजेश कुमार राय ,पीसी इंद्रमणि सिंह, छिढई प्रसाद ,रमेश कुमार मौर्य, रामकुमार सिंह ,लाल मोहम्मद, मेवालाल गौड़, राम यश मौर्य, रामदास यादव ,रामप्रताप यादव ,आशीष द्विवेदी ,धर्मेंद्र मौर्य ,शिवकरण यादव, कमलाकांत ,रामसुफल, रमापति वाजपेई ,रमेश मिश्रा ,तेज कुमार, राम प्रकाश ,दिनेश सिंह ,रामकुमार यादव ,राजेश सिंह ,बृजेश सिंह रामसमुझ ,सुरेश यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## प्रेमिका से मिलने उसके घर में घुसा युवक, परिजनों ने पकड़ा, पिटाई कर पुलिस को सौंपा

बदायूं। कुंवरगांव क्षेत्र में एक युवक को प्रेमिका से मिलने उसके घर जाना भारी पड़ गया। प्रेमिका के परिजनों ने उसे पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। कुंवरगांव थाना क्षेत्र के एक गांव में प्रेमिका से मिलने पहुंचे प्रेमी को युवती के परिजनों ने पकड़ लिया। परिजनों ने उसकी पिटाई कर दी। इसके बाद उसे पुलिस को सौंप दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, कुंवरगांव थाना क्षेत्र के गरूइया गांव निवासी युवक शुक्रवार को प्रेमिका से मिलने उसके गांव पहुंच गया। वह प्रेमिका के घर में घुस गया। पड़ोस के लोगों को भनक लगी तो उन्होंने लड़की के परिजनों को सूचना देकर चोर-चोर कहकर हल्ला मचाना शुरू कर दिया। गांव के लोग एकत्र हो गए और प्रेमी को प्रेमिका के साथ पकड़ लिया। लोगों ने प्रेमी की जमकर पिटाई की। इसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी युवक को थाने ले आई। जानकारी करने पर हल्का दरोगा शोवीर सिंह ने बताया कि भैंस चोरी करने की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। मामले की जांच की जा रही है।

## शिकायतों का गंभीरतापूर्वक व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें अधिकारी : डीएम

बदायूँ। जिलाधिकारी अवनीश राय ने तहसील बिसौली में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 07 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता की संतुष्टि आवश्यक है, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से भी निस्तारण की गुणवत्ता के संबंध में फीडबैक लिया जाता है इसलिए अधिकारी पूरी गंभीरता से कार्य करें। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर चकरोड पर से अवैध कब्जा हटवाने, भूमि की पैमाइश करवाने, भूमि पर से अवैध कब्जा हटवाने सहित कुल 45 शिकायती पत्र प्राप्त हुए जिनमें से 07 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायती एवं प्रार्थना पत्रों का सम्बंधित अधिकारियों को गुणवत्तापरक व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी बृजेश कुमार सिंह, सीडीओ केशव कुमार, एसडीएम राशि कृष्णा सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मां गंगा की पूजा अर्चना कर कार्तिक मेला का शुभारंभ

अनूपशहर। गंगा तट पर लगने वाले कार्तिक मेला का शुभारंभ मां गंगा की विधि विधान से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चना व गंगा में दूध चढ़ाकर आरती करते हुए मेला के कुशलता पूर्वक संपन्न होने की कामना की। शनिवार को नगर के जाह्नवी गंगा तट पर कार्तिक मेला का शुभारंभ किया गया। सभी अतिथियों ने मां गंगा की पूजा अर्चना के बाद दूध, फल, फूल इत्यादि समर्पित कर मां गंगा से आशीर्वाद बनाने की प्रार्थना की। 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा पर आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर प्रशासन व पालिका द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है।15 दिन तक चलने वाले मेला का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता पं देवेन्द्र भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी निशा ग्रेवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह, पालिका चेयरमैन बृजेश गोयल, एसडीएम प्रियंका गोयल, पुलिस उपाधीक्षक रामकरन सिंह, कोतवाल धर्मेंद कुमार शर्मा, गार्गी त्यागी आदि को पुरोहित पं रवि शास्त्री ने वैदिक रीति-रिवाज से मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अर्चना कराकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने मां गंगा की आरती कर गंगा में फल-फूल, मिष्ठान आदि का भोग लगाकर दूध चढ़ाया। आगन्तुक अतिथियों ने हाथ जोड़कर गंगा मैया से भव्य मेला की कुशलता पूर्वक संपन्न होने की कामना की। चेयरमैन बृजेश गोयल ने मेला की कुशलता पूर्वक संपन्न होने के लिए सभी से सहयोगात्मक कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर मुनेश शर्मा, रामपाल सिंह, अनीता गोयल, श्रीकृष्ण अग्रवाल, संजीव गुप्ता, पराग गर्ग, सीपी सिंह, गोविंद अग्रवाल, मनोज गोल्डी, डा. मुकेश गुप्ता, दीपक शर्मा, राशिद गाजी, संजय यादव समेत अनेक लोग मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक्सरे मशीन खराब, मरीजों को हो रही भारी परेशानी

गुन्नौर। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में पिछले कई दिनों से एक्सरे मशीन खराब पड़ी होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक्सरे की सुविधा ठप होने से मजबूरन मरीजों को निजी क्लीनिकों का रुख करना पड़ रहा है, जहाँ उन्हें महंगे दामों पर एक्सरे कराना पड़ रहा है।जानकारी के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थापित एक्सरे मशीन करीब एक सप्ताह से तकनीकी खराबी के चलते बंद है। मशीन के बंद होने से चोटिल मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों और हड्डी संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों को सबसे अधिक दिक्कत हो रही है। अस्पताल आने वाले मरीजों को जांच के लिए बाहर भेजा जा रहा है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।मरीजों और तीमारदारों ने स्वास्थ्य विभाग से जल्द मशीन की मरम्मत कराकर सेवा बहाल करने की मांग की है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सरकारी अस्पताल में जांच सुविधाएं बंद रहने से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है।इस संबंध में सीएचसी प्रभारी ने बताया कि एक्सरे मशीन में तकनीकी खराबी आने के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। शीघ्र ही तकनीशियन को बुलाकर मशीन की मरम्मत कराई जाएगी, जिससे मरीजों को पुनः एक्सरे सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

## डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान, धान सेंटरों पर हो रही धांधलीः तनवीर खां

शाहजहांपुर। डीएपी खाद न मिलने से किसान परेशान है, दूसरी तरफ धान क्रय केंद्रों पर धांधली हो रही है। जिससे किसानों को अपना धान बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह बात सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खां ने पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित बैठक के दौरान कही। उन्होंने पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं से कहा कि सभी लोग वोटरों को जागरूक करें। नये वोट बनाने के लिए तेजी से अभियान चलाएं, जिससे सही वोटों का नुक़सान न हो। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में किसानों की अनदेखी हो रही है और किसानों का खुला शोषण और उत्पीड़न हो रहा है। बैठक में मुख्य रूप से सपा जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप ,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रमुख महासचिव सैय्यद रिजवान अहमद, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह सोमवंशी, अजफर अली, अवधेश पाल, मुनेंद्र पाल सिंह, जितेंद्र प्रसाद प्रधान, लखन प्रताप सिंह, दोदराम वर्मा, गोपाल अग्निहोत्री समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# वैश्य समाज राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है: विधायक नीरज बोरा

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के यशश्वी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा विधायक लखनऊ उत्तर अपने निजी दौरे पर संभल पहुंचे**

संभल। बिसौली गेट स्थित रामकृष्ण धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के यशश्वी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज बोरा विधायक लखनऊ उत्तर अपने निजी दौरे पर आए। सभी पदाधिकारियों व वैश्य भामाशाहों ने उनका जोरदार स्वागत किया।

डॉ. नीरज बोरा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वैश्य समाज सदियों से दानवीर एवं कुशल व्यापारी की पहचान रखने के साथ-साथ स्वतंत्रता आंदोलन के लेकर आज तक इस समाज का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान कर रहा है। यही कारण है कि यह समाज विश्व भर में अपनी एक अलग पहचान रखता है। उन्होंने कहा कि यही एक ऐसा समाज है जो अपनी आय का बड़ा हिस्सा राष्ट्र निर्माण, समाज कल्याण एवं धर्म कर्म में व्यय करता है। हमारे प्रेरणास्त्रोत स्व. रामदास अग्रवाल, जोकि चार बार राज्यसभा सांसद रहने के साथ-साथ भाजपा के कई अहम राष्ट्रीय पदों पर रहे। उन्होंने राजनीति के साथ-साथ समाज की चिंता करते हुए वर्ष 1975 से समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य प्रारंभ किया। उनके द्वारा किया गया प्रयास आज सफल हो रहा है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था प्रत्येक देश की रीढ़ की हड्डी होती है। जैसे किसी भी मनुष्य की रीढ़ की हड्डी टूटने पर उसका शरीर नकारा हो जाता है, उसी प्रकार जब किसी देश की अर्थव्यवस्था चरमरा जाती है तो उस देश की सारी व्यवस्थाएं एवं सेवाएं चरमरा जाती हैं। ऐसे समय में वैश्य समाज की भूमिका व सहयोग महत्वपूर्ण हो जाता है। आज हमारा देश जीडीपी में चौथे स्थान पर है,जल्दी ही हम तीसरे स्थान पर आयेंगे। वैश्य समाज राष्ट्रहित में अपना योगदान देता रहेगा।बैठक का कुशल संचालन क्षेत्रीय महामंत्री गिरीश रतन ने किया। इस अवसर पर युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित वार्ष्णेय डी आर, कार्यकारी अध्यक्ष अरुण अन्नू रतन, जिलाध्यक्ष अर्चित अग्रवाल, अमित मित्तल, ओमप्रकाश गोगी, तुषार वार्ष्णेय,प्रतिभा चौधरी,रीना चौधरी, आलोक वार्ष्णेय, शिखर गोयल, उमेश बरनवाल,भविष्य वार्ष्णेय,मोहित गुप्ता, विवेक चौधरी, प्रथम गोयल,सार्थक अग्रवाल,पवन अग्रवाल, मानस अग्रवाल आदि लोग मौजूद रहे।

# दसवीं के छात्र ने पेट्रोल छिड़क कर लगाई आग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

शिकारपुर, मुरादाबाद । सलेमपुर थाना क्षेत्र के मांगलौर गांव में स्थित कालेज में कक्षा दसवीं के छात्र ने संदिग्ध परिस्थितियों में अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा ली। गंभीर हालत में छात्र को हायर सेंटर रेफर किया गया है। छात्र के शरीर से उठती हुई आग की लपटों को बुझाने के प्रयास में कालेज के प्रधानाचार्य के हाथ भी झुलस गए हैं।

मांगलौर गांव निवासी दीपांशु पुत्र कुलदीप गांव में स्थित देवनागरी इंटर कालेज में कक्षा दसवीं का छात्र है। बताया गया है कि दीपांशु ने कालेज के टॉयलेट में जाकर अपने ऊपर पेट्रोल छिड़क लिया और आग लगा ली। आग की लपटों से घिरे दीपांशु ने हल्ला मचाते हुए कालेज परिसर में दौड़ लगा दी। छात्र के जिस्म से उठती हुई आग की लपटों को देख प्रधानाचार्य रमाकांत वर्मा ने संबरसेबिल चलवा कर आग बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान उनके हाथ झुलस गए। सूत्रों से पता लगा है कि छात्र अपनी मां से बाइक में पेट्रोल डलवाने के लिए 150 रुपए लेकर आया था और वह कालेज में पानी पीने की रंगीन बोतल में पेट्रोल लेकर पहुंचा था, जिस कारण किसी को संदेह न हो। थाना प्रभारी सलेमपुर रविंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिली है। झुलसे छात्र का हायर सेंटर में उपचार चल रहा है और पुलिस छात्र द्वारा कालेज परिसर में खुद को आग लगाने के पूरे मामले की कई बिंदुओं पर जांच कर रही है। पूरे प्रकरण में लगता है कि छात्र से उठती आग की लपटों को बुझाने के लिए अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग नहीं किया गया। इसलिए माना जा रहा है कि कालेज में अग्निशमन यंत्र सुचारू रूप से संचालित नहीं थे। वहीं, यह भी सवाल उठता है कि पेट्रोल पंप के कर्मियों ने छात्र को बोतल में पेट्रोल क्यों दिया जबकि, पेट्रोल पंप पर बोतल में पेट्रोल दिए जाने से मनाही है।

# महिला और जिला अस्पताल में तैनात हुए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बदायूं। शाहजहांपुर के राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज कराने पहुंची महिला के साथ हुई दुष्कर्म की घटना ने पूरे स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन को झकझोर दिया है। इस शर्मनाक वारदात के बाद बदायूं में महिला सुरक्षा को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है।

एहतियात के तौर पर जिला अस्पताल और महिला अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को पहले से ज्यादा मजबूत कर दिया गया है।महिला अस्पताल में अब मुख्य गेट से लेकर डॉक्टरों के कक्षों, वार्डों और प्रसूति कक्षों तक सुरक्षाकर्मियों की तैनाती बढ़ा दी गई है। देर रात ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों और नर्सों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात्रिकालीन सुरक्षा गश्त भी बढ़ाई गई है। अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि पर तुरंत रोक लगाई जाए और उसकी सूचना तत्काल उच्चाधिकारियों को दी जाए।वहीं, जिला अस्पताल में भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। ओपीडी, इमरजेंसी गेट और पार्किंग स्थल पर सुरक्षा कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है। अस्पताल प्रशासन ने सीसी कैमरों की तकनीकी जांच कराई। जो कैमरे खराब मिले, उन्हें तत्काल दुरुस्त कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पताल परिसर मंइ प्रकाश व्यवस्था को भी बेहतर किया जा रहा है ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर आसानी से निगरानी रखी जा सके।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अमित वार्ष्णेय ने बताया कि महिला मरीजों और अस्पताल स्टाफ की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता पर है। अस्पताल में आने-जाने वाले सभी व्यक्तियों की एंट्री रजिस्टर में दर्ज कराई जा रही है। किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बिना अनुमति अस्पताल परिसर में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

# कोल्ड स्टोरेज संचालक पर डेढ़ करोड़ के आलू हड़पने का आरोप, किसानों ने किया हंगामा, कार्रवाई की मांग

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

**किसानों का आरोप है कि कोल्ड स्टोरेज संचालक ने आलू के 35 हजार कट्टे हड़प लिए हैं। संचालक आलू खराब डालने की बात कहकर किसानों का करीब डेढ़ करोड़ रुपये नहीं दे रहा है**

बदायूं। ग्राम सिकरोडी के तमाम किसान शनिवार को बिनावर थाने पहुंचे। उन्होंने कोल्ड स्टोरेज संचालक पर डेढ़ करोड़ रुपये के आलू हड़पने ने का आरोप लगाया। पुलिस से आरोपी पर कार्रवाई की मांग की। बिनावर थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरोडी निवासी किसानों ने शनिवार को थाने में हंगामा किया। पुलिस से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

किसानों का आरोप है कि कोल्ड स्टोरेज संचालक ने आलू के 35 हजार कट्टे हड़प लिए हैं। संचालक आलू खराब डालने की बात कहकर किसानों का करीब डेढ़ करोड़ रुपये नहीं दे रहा है। बिनावर थाना क्षेत्र के नरखेड़ा रोड स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में सिकड़ोरी के रहने वाले किसानों ने शनिवार को थाने के सामने हंगामा कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने कुछ ही देर में कोल्डस्टोरेज संचालक को हिरासत में ले लिया। किसानों का आरोप है कि कोल्ड स्टोरेज संचालक जानबूझकर डेढ़ करोड़ रुपये के आलू पर डाका डाल रहा है। उन्होंने अपनी पूरी मेहनत की फसल इस कोल्ड स्टोरेज में रखी थी। जब वे आलू निकालने पहुंचे तो संचालक ने आलू देने से साफ इंकार कर दिया। एसओ ने दिया कार्रवाई का आश्वासन ग्राम सिकरोडी निवासी भूरे के साथ तमाम किसान थाने पहुंचे। एसओ राजेंद्र सिंह ने किसानों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके बाद किसान शांत हो गए। भूरे ने पुलिस को बताया कि उनके लगभग 475 पैकेट आलू कोल्ड स्टोरेज में रखे गए थे। इसी तरह सुशील कुमार, शुभम, गजेंद्र सिंह, इशाक, छोटे, राकेश, यूनुस, शाकिर, जितेंद्र निषाद, सत्यप्रकाश, तेजपाल, श्यामपाल, बैनुद्दीन, नवाब अली, नाजिश, सानी, रिजवान समेत तमाम किसानों के 35 हजार कट्टे आलू स्टोरेज में पड़े हैं, जिन्हें संचालक देने से इंकार कर रहा है। पुलिस ने कोल्ड स्टोरेज संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। एसओ राजेंद्र सिंह का कहना है कि किसानों ने कोल्ड स्टोरेज संचालक पर परेशान करने का आरोप लगाया है। उससे पूछताछ की जा रही है। अगर किसानों की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

# बवाल के 25 आरोपियों की जमानत खारिज

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बरेली। 26 सितंबर को भीड़ ने बवाल किया था। इस मामले में कई आरोपियों को जेल भेजा गया था। आरोपियों की ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गई। इनमें 25 आरोपियों की जमानत खारिज कर दी गई है। बरेली में 26 सितंबर को शहर में हुए बवाल और पुलिस टीम पर हमले के मामले में विभिन्न अदालतों ने 25 आरोपियों की जमानत अर्जी खारिज कर दी। आरोपियों के परिजन इस मामले में अपील के लिए कानूनी राय ले रहे हैं।

बवाल के आरोपी अरबाज कुरैशी, फैसल, मोहसिन,अरशद, जैनुल, मोहम्मद आजम, मुस्तकीम, रिजवान, शमशाद, साकिब, मोबिन शाह, ताजिम, तोहीन तथा उम्मीद ने एडीजे पांच कोर्ट में जमानत प्रार्थना पत्र दाखिल किया था। न्यायालय ने सभी की जमानत खारिज कर दी। वहीं किला बाजार संदल खां निवासी हस्सान की जमानत सीजेएम कोर्ट में प्रस्तुत की गई थी। कोर्ट ने उसकी जमानत भी खारिज कर दी। बवाल के आरोपी सलमान, जुबैर, अफरोज, रिहान, अदनान, कोहिनूर, शाहिद अहमद, फरहान, अहमद रजा, हसन की जमानत एडीजे पांच कोर्ट से निरस्त की जा चुकी है। वांछित आरोपियों की तलाश बवाल के बाद पुलिस ने तेजी से गिरफ्तारी की कार्रवाई शुरू की तो कुछ खुराफाती शहर छोड़कर भाग गए। इनमें से कुछ शहर या आसपास ही भूमिगत हो गए। इनमें कई वांछितों पर इनाम घोषित कर दिया गया है। वहीं कई आरोपी पुलिस की सेटिंग से अपने इलाकों में देखे जा रहे हैं। कई आरोपी हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत लेने की जुगत में हैं।

इनमें बरातघर मालिक वाजिद बेग व आईएमसी की युवा विंग का अध्यक्ष अत्ममश आदि आरोपी शामिल हैं। इन पर फिलहाल 15 हजार रुपये का इनाम है, ये धनराशि जल्द ही बढ़ाई जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक जिन खुराफातियों की संपत्ति सील हुई है वह अपनी सील खुलवाने के लिए संबंधित संस्था से संपर्क कर रहे हैं। बवाल के कई आरोपी इस बात की भी सेटिंग कर रहे हैं कि उनकी दूसरी संपत्ति सील न हो। दशहरा पर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने के आरोपियों को जमानत अपर सत्र न्यायाधीश (कोर्ट संख्या नौ) अविनाश कुमार सिंह ने दशहरा मेले के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले नवाबगंज के मोहल्ला प्रेमनगर निवासी आरिफ और नई बस्ती निवासी जाकिर उर्फ राजा की जमानत मंजूर कर ली है। दोनों पर चार अक्तूबर को नवाबगंज में दशहरा मेले के दौरान कस्बा भ्रमण करने निकले राम, लक्ष्मण और हनुमान के स्वरूपों को देखकर शेरों वाली बगिया के पास अश्लील इशारे करने, धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप है। श्री रामलीला सोसाइटी नवाबगंज के कोषाध्यक्ष शैलेश कुमार उर्फ मनोज शर्मा ने आरिफ, जाकिर उर्फ राजा व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि दोनों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो गए थे। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने दोनों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया था। कोर्ट ने उनको जेल भेज दिया था। आरोपियों ने अपने वकील के जरिये जमानत के लिए अर्जी दी थी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

## पुलिस ने मुठभेड़ में गैंगस्टर दानिश को किया गिरफ्तार

बरेली। आंवला थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात पुलिस की गैंगस्टर एक्ट के आरोपी से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। बरेली जिले में आंवला थाना पुलिस ने शुक्रवार रात मुठभेड़ में वांछित आरोपी मोहल्ला गौसिया चौक निवासी दानिश को गिरफ्तार कर लिया। उसके पैर में गोली लगी है। घायल आरोपी को पुलिस सरकारी अस्पताल लेकर आई, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर, रात में ही फॉरेंसिक टीम ने मुठभेड़ के घटनास्थल पर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार देर रात सूचना मिली थी कि गैंगस्टर एक्ट का वांछित आरोपी दानिश बिलायतगंज के पास छिपा है। इस सूचना पर बाइक सवार पुलिसकर्मी जब मौके पर पहुंचे तो बाइक की लाइट देखकर आरोपी वहां से भागने लगा। भाग रहे आरोपी को जब पुलिस ने पकड़ने का प्रयास किया तो उसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में गोली से लगने आरोपी घायल होकर वहीं गिर गया। पुलिस आरोपी दानिश को गिरफ्तार कर रात में एक बजे के करीब सीएचसी पहुंची।

# बरेली में तीन से पांच नवंबर तक रूट डायवर्जन पांच सौ पुलिसकर्मी संभालेंगे सुरक्षा व्यवस्था

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

बरेली। चौबारी मेले के मद्देनजर तीन दिन तक रूट डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान बदायूं की ओर जाने और उधर से आने वाले भारी वाहन व रोडवेज बसें प्रभावित होंगी। इसके लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। बरेली में कार्तिक पूर्णिमा पर रामगंगा के चौबारी घाट पर लगने वाले मेले के मद्देनजर पुलिस ने डायवर्जन प्लान जारी किया है। इस दौरान बदायूं की ओर जाने और उधर से आने वाले भारी वाहन व रोडवेज बसें प्रभावित होंगी। एसपी ट्रैफिक अकमल खान ने बताया कि तीन नवंबर को सुबह आठ से पांच नवंबर को रात 10 बजे तक भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया है। जाम से निपटने के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की जा रही है। बदायूं से भमोरा, देवचरा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी, फरीदपुर, बड़ा बाइपास होते हुए भारी वाहन व रोडवेज बसें शहर में आ सकेंगी। बदायूं से लखनऊ, शाहजहांपुर, पीलीभीत की ओर जाने वाले भारी वाहन व रोडवेज बसें देवचरा, दातागंज, फतेहगंज पूर्वी, बड़ा बाइपास होते हुए गुजरेंगी। लखनऊ, शाहजहांपुर की ओर से बदायूं की ओर जाने वाले भारी वाहन, रोडवेज बसें फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा, भमोरा होते गुजरेंगी।यहां से गुजारे जाएंगे वाहन पीलीभीत, नैनीताल की ओर से बदायूं की ओर जाने वाले भारी वाहन, रोडवेज बसें बड़ा बाइपास, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, देवचरा, भमोरा होते हुए बदायूं जा सकेंगी। दिल्ली, मुरादाबाद, रामपुर की ओर से बदायूं जाने वाले भारी वाहन झुमका तिराहे से बड़ा बाइपास, फरीदपुर, फतेहगंज पूर्वी, दातागंज, भमोरा होते हुए बदायूं जा सकेंगे। लखनऊ, शाहजहांपुर की ओर से दिल्ली, रामपुर, मुरादाबाद जाने वाले भारी वाहन फतेहगंज पूर्वी, बड़ा बाइपास, विलयधाम, बिलवा, झुमका तिराहा होते हुए गुजरेंगे। देवचरा से कोई भी भारी वाहन रामगंगा की ओर नहीं आ सकेगा। चौपुला व बुखारा मोड़ की ओर से कोई भी भारी वाहन रामगंगा की ओर नहीं जा सकेगा। पांच सौ पुलिसकर्मी संभालेंगे मेले की सुरक्षा व्यवस्थाचौबारी मले की सुरक्षा व्यवस्था के नोडल एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि पांच सौ पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने टीम के साथ शुक्रवार को मेला स्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि कोतवाली के इंस्पेक्टर राजीव कुमार सिंह को मेला प्रभारी बनाया गया है। सीओ फरीदपुर, सीओ ट्रैफिक और सीओ प्रथम को भी तैनात किया गया है। मेले में 16 इंस्पेक्टर, 50 दरोगा, 210 मुख्य आरक्षी और आरक्षी, एक कंपनी पीएसी, एक प्लाटून फ्लड पीएसी, 50 महिला पुलिसकर्मी, एक एंटी रोमियो दस्ता, आठ घुड़सवार पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। एक थाना आठ चौकियों में विभाजित किया गया है। आठ वॉच टावर व एक खोया-पाया केंद्र बनाया गया है।

# गोंडा में 'यातायात माह' का शुभारंभ, जागरूकता रैली के साथ लोगों को दिलाई गई शपथ

**रैली का शुभारम्भ गुरु नानक चौक से पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया गया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल नेगुरु नानक चौक से शुक्रवार को नवंबर माह के 'यातायात माह' की औपचारिक शुरुआत की गई। इस अवसर पर यातायात पुलिस कर्मी, होमगार्ड,पीआरडी जवान,स्कूली छात्र-छात्राएं एवं एनसीसी कैडेट्स की सहभागिता के साथ एक भव्य यातायात जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारम्भ गुरु नानक चौक से पुलिस अधीक्षक ने हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए थाना कोतवाली नगर पर समाप्त हुई।इस दौरान प्रतिभागियों द्वारा आमजन को सड़क सुरक्षा से संबंधित संदेश दिए गए तथा यातायात नियमों के पालन के प्रति जनजाग रूकता फैलाने हेतु नारे एवं बैनर के माध्यम से प्रेरित किया गया।रैली के उपरान्त पुलिस अधी क्षक ने उपस्थित जनसमूह, वाहन चालकों एवं छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ल्ययातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का सबसे प्रभावी उपाय यही है कि हम सभी स्वयं नियमों का पालन करें और दूसरों को भी प्रेरित करें।ङ्क साथ ही बताया कि नवम्बर माह को पूरे प्रदेश में 'यातायात माह' के रूप में मनाया जाता है।इसी क्रम में जनपद में पूरे माह विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, प्रचार-प्रसार अभियान, सेमिनार, स्कूल कॉलेजों में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक,पोस्टर प्रतियोगिता एवं जनसंपर्क अभियान आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन, विशेषक र युवा वर्ग को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशी ल बनाया जाएगा।इनसेट वाहन चलाते समय इन बातों का रखें ध्यानपुलिस अधीक्षक ने कहा कि वाहन चलाते सम य मोबाइल का प्रयोग,नाबालिग बच्चों को वाह न दे,दोपहिया वाहन चालक एवं पीछे बैठी सवा री दोनों को हेलमेट पहनना अनिवार्य है।चार प हिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें,क्षमता से अधिक सवारियाँ बैठाना व निर्धा रित गति सीमा से अधिक वाहन चलाना दण्ड नीय अपराध है।दायें-बायें मुड़ते समय इंडिकेटर का प्रयोग करें।दोपहिया वाहन पर दो से अधि क सवारी न बैठाएं।वाहन निर्धारित स्थान पर ही पार्क करें,वाहनों के आगे एवं पीछे रिफ्लेक्ट र टेप लगाना आवश्यक है।एम्बुलेंस एवं फायर ब्रिगेड वाहनों को जाने हेतु पहले रास्ता प्रदान करें,नशे अथवा मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन न चलाएं। सड़क पर वाहन चलाते समय स्टंट न करें,नशे में ड्राइविंग और या तायात संकेतों की अनदेखी दुर्घटनाओं का प्र मुख कारण हैं,इसलिए सभी को इन आदतों से बचना चाहि ए,सड़क दुर्घटना की स्थिति में घायल व्यक्तियों की मदद करें एवं 112 डायल कर सूचना दें।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अमले ने भी उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई।यातायात माह के शुभारंभ पर शहर में एक भव्य जागरूकता रैली भी निकाली गई,जिसमें स्कूली बच्चों,पुलिसकर्मियों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।रैली के माध्यम से ल्लसुरक्षित चले, सुरक्षित पहुंचेङ्क का संदेश दिया गया।कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी एवं पूर्वी सहित कई राज पत्रित अधिकारी मौजूद रहे।पूरे आयोजन का उद्देश्य नागरिकों में ट्रैफिक नियमों के प्रति अनु शासन और जिम्मेदारी की भावना जगाना रहा।

# 16 नवंबर को कालीकुंडा से रामपुर तक पदयात्रा, तैयारियों की बैठक

**भाजपा नगर मंडल की बैठक में पदयात्रा को लेकर बनी रणनीति**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। भारतीय जनता पार्टी नानपारा नगर मंडल की बैठक कम्प्यूटर मॉन्टेसरी स्कूल, बाईपास चौराहा पर नगर अध्यक्ष रेखा पाण्डेय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन नगर महामंत्री आनंद रस्तोगी ने किया। यह बैठक भाजपा विधायक रामनिवास वर्मा के निर्देशानुसार आयोजित की गई। इसमें सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर 16 नवंबर, रविवार को नानपारा में आयोजित होने वाली विशाल पदयात्रा को लेकर रणनीति बनाई गई। पदयात्रा कृपाराम वर्मा के मिल से कालीकुंडा तक निकाली जाएगी तथा सभी पदाधिकारियों को विभिन्न जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। यह पदयात्रा कालीकुंडा से शिवपुर होते हुए रामपुर पहुंचेगी, जहाँ एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष रेखा पाण्डेय ने बैठक के समापन पर सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। बैठक में जिला संयोजक एवं मंडल प्रवासी अनिल पाण्डेय, मंडल महामंत्री द्वय आनंद रस्तोगी एवं विपिन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गुड्डी शुक्ला, बंशीधर रस्तोगी, बसंत त्रिपाठी, विजय मिश्रा, जितेंद्र जायसवाल, मंडल मंत्री राजाराम, कोषाध्यक्ष राजेश श्रीवास्तव, सेक्टर अध्यक्ष राजेश द्विवेदी, विवेक श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रिमझिम बारिश में निकली भगवान श्री राम की बारात, बारात में जमकर झूमे बाराती

**पूजन कार्यक्रम में कथा व्यास परमपूज्य पीठाधीश्वर संत श्री रविशंकर जी महाराज ''गुरु भाई''के देख रेख में हुआ**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। श्री मेहंदीपुर बालाजी परिवार के द्वारा अष्टम श्री बालाजी महोत्सव में आयोजित दिव्या संगीत में श्री राम कथा का आयोजन श्री नूरामल मंदिर प्रांगण स्टेशन रोड गोंडा में चल रहे के श्री राम कथा के सातवें दिन दिव्य संगी तमय हनुमंत पूजन वैदिक मंत्र उच्चारण से ऋ ण निरविती के लिए घी सिंदूर और मसूर की दाल से अर्चन पूजन कराया गया।

पूजन कार्यक्रम में कथा व्यास परमपूज्य पीठाधीश्वर संत श्री रविशंकर जी महाराज ''गुरु भाई''के देख रेख में हुआ। कथा में शुक्रवार को को सांयका लीन भगवान राम के विवाह की कथा का वर्णन हुआ। उधर भगवान श्री राम जी की बारात श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला से निकलकर रानी बाजार होते हुए अग्रसेन चौक साहिबगंज होते हुए कथा स्थल नूरा मल मंदिर पर पहुंची। भगवान श्री राम जी के बारात में बारातियों ने ''आए हम बाराती बरात लेके ....गाने की धुन डीजे पर रिमझिम बारिश में खूबजमकर नृत्य किया। और महिलाएं बाराती डांडिया पर भी खूब झूमे।कार्यक्रम में शिवा पंडित - राघव पंडित ग्रुप द्वारा साथ सज्जा एवं भजनों पर रहे। कथा में श्री मेहंदीपुर बालाजी धाम से आए हुए गुरुवर अरविंद शर्मा जी भी कथा स्थल पर मौजूद रहे।कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्रीमती माला देवी और शंकर कुशवाहा रहे। कथा समापन पर दैनिक आरती हुई।फल उसके बादऔर लड्डू का प्रसाद वितरण किया गया।कथा के दौरान कमेटी के सुनील रस्तोगी, अनुराग शर्मा, अनूप कुशवाहा, संतोष सोनी, संदीप मेहरोत्रा,आकाश गर्ग,गौरव रस्तोगी,ऊषा रस्तोगी, रिंकी रस्तोगी,आरती सोनी,रूही टंडन, मलिका टंडन,कामिनी कुशवाहा, कृष्णा कली ,भावना सोमानी ,नेहा गुप्ता, मधु श्री शर्मा, रेनू कसौधन, वर्षा कसौधन, नैंसी कसौधन, ज्योति कसौधन, पूजा आर्य सहित भारी संख्या में लोग सम्मिलित हुए।

## महापंडित संत ज्ञानेश्वर जी के निधन पर अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

गोरखपुर । कुशीनगर बुद्ध परिनिर्वाण मन्दिर/बर्मी मन्दिर के अग्ग महापंडित संत ज्ञानेश्वर जी, जो विश्व की अनेकों उपाधियों से विभूषित थे, का आज लखनऊ के वेदान्ता अस्पताल में निधन हो गया। संत ज्ञानेश्वर जी के निधन से बुद्धा कराटे के चेयरमैन व भाजपा के वरिष्ठ नेता हरिनाथ भाई मर्माहत है । चूंकि हरिनाथ भाई का मूल गांव,सोहसा पट्टी गौसी,कुशीनगर से मात्र 10 किमी0 की दूरी पर है, अतः ज्ञानेश्वर जी से हरिनाथ भाई का सम्बन्ध 55 वर्षों से था। हरिनाथ कुछ रिश्तेदारों से भी उनके अच्छे सम्बन्ध थे।सन 1999 में हरिनाथ भाई , बुद्धा कराटे का बतौर चेयरमैन अपनी कराटे टीम लेकर ग्रेडिंग हेतु कुशीनगर गया था तो उन्होनें मेरे 95 खिलाड़ियों के रुकने और खाने का सराहनीय व्यवस्था किया था। उस समय मैं ब्लैक बेल्ट 2 डान था। हरिनाथ अपनें सभी पांच प्रशिक्षकों का परिचय कराया था तो वे सभी को ट्रैक शूट दिए थे। वे बुद्दा कराटे के आजीवन संरक्षक रहे।उनके निधन की सूचना से हरिनाथ भाई बहुत मर्माहत है

# एक सप्ताह से छुपा बैठा था अजगर वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। नगर के मोहल्ला किला कॉलोनी नंबर-2 स्थित मुन्ने नवाब के तालाब के पास पिछले लगभग एक सप्ताह से एक विशाल अजगर दिखाई देने की चर्चा थी। शनिवार को यह अजगर झाड़ियों के पास स्पष्ट रूप से नजर आया, तो स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। अजगर को देख लोगों ने यह सूचना समाजसेवी एवं पत्रकार मुस्तफा अली खान को दी, जिन्होंने तत्काल वन विभाग को अवगत कराया। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सावधानीपूर्वक कार्रवाई करते हुए अजगर को सुरक्षित रेस्क्यू किया। वन विभाग के अनुसार अजगर को सुरक्षित स्थान पर छोड़े जाने की प्रक्रिया की जा रही है। टीम ने लोगों से अपील की है कि किसी भी वन्यजीव को नुकसान न पहुंचाएं तथा ऐसे मामलों में तुरंत विभाग से संपर्क करें, ताकि जीव को उसके प्राकृतिक आवास में सुरक्षित पहुंचाया जा सके।

## अवैध खनन को रोकने व माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

तिलहर, शाहजहांपुर। राष्ट्रीय गौरक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज कश्यप ने समाधान दिवस के प्रभारी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि तिलहर नगर क्षेत्र में बड़े स्तर पर मिट्टी खनन हो रहा है। बारह पत्थर रोड पर पूरी रात मिट्टी से भरे सैकड़ों डम्पर निकलते हैं, जोकि थाना तिलहर के सामने से गुजरते हैं। जिसको देखकर तिलहर थाने की पुलिस नजर अंदाज कर देती है। इसके अलावा बारह पत्थर रोड पर सैकड़ो गोवंश घूमते देखे जा सकते हैं। इन डम्परों की चपेट में आकर रोजाना गोवंश जख्मी हो रहे हैं। जिनका रोजाना इलाज कराना पड़ रहा है। कहा गया कि गैर कानूनी खनन को रोका जाए। अन्यथा गौरक्षक संघ इन डम्परों को रोककर गोरक्षा का कार्य करेगा। ज्ञापन में मांग की गई कि तत्काल नगर क्षेत्र में चल रहे खनन को रोका जाए और खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की जाए।मनोज कश्यप ने कहा कि गैर कानूनी खनन को रोकने के लिए अगर गौ रक्षक सड़कों पर उतरेंगे, तो इसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

# तरबगंज पुलिस ने तीन नए कानून निबंध प्रतियोगिता पर छात्रों को किया पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा । तरबगंज पुलिस ने तीन नये कानून पर आयोजित की गयी निबन्ध व चित्रकला प्रतियो गिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र- छा त्राओं को पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी प्रमा ण पत्र देकर किया सम्मानित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के द्वारा जनपद में तीन नये कानून के सम्बन्ध जन-जागरुकता कार्यक्रम कर आमजनमास में प्रचार प्रसार किये जाने के निर्देश दिये गये थे।उक्त के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक,क्षेत्राधिकारी तरबगंज के निर्देशन मेंएक नवंबर को प्रभारी निरीक्षक थाना तरबगंज के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम के द्वारा विद्याल य परिसर में तीन नये कानून के सम्बन्ध में निब न्ध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया,जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा ब ढ - चढ कर हिस्सा लिया गया।इस मौके पर वि द्यालय की प्रबन्ध समिति व शिक्षकगणों की मौ जूदगी में मूल्यांकन कर प्रथम स्थान प्राप्त कर ने वाले छात्र छात्राओं को पुलिस अधीक्षक के द्वारा जारी प्रमाण पत्र देकर विभिन्न स्कूलो में दयानन्द शिक्षा संस्थान डिडिसिया कलां में ती स छात्र-छात्राओं निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगि ता में पुरुष्कृत किया है,आराध्या सिंह चित्रकला में प्रथम,शेखर बौद्ध निबन्ध में प्रथम,अंशी शु क्ला निबन्ध में द्वितीय,स्थान हासिल किया है।वही गुरुकुल एकेडमी बेलसर में निबन्ध व चित्र कला प्रतियोगिता 25 छात्र छात्राओं को पुर स्कृत किया गया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 113 शिकायतों में सात का मौके पर निस्तारण

**जनसुनवाई के दौरान तहसील गोण्डा सदर में कुल 113 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें सात प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोण्डा। शासन की मंशानुरूप जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील सदर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन,पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल,मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील गोण्डा सदर में कुल 113 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें सात प्रार्थना पत्रों का मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया है शेष को निर्धारित समय सीमा के अ न्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के नि र्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले शिका यतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाय, तथा टीम द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर पूरी गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाय। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण त था चकमार्ग के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर नि स्तारित कराना सुनिश्चित करें।

साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश,अवैध कब्जा,चकरोड,नाली,अवैध अ तिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हट वाने का कार्य करें।शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं।उसके आने पर लिखित रूप से उ ल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटो ग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण मौके पर जाकर पूरी गुणवत्ता के साथ करें अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।संपूर्ण समाधान दिवस के अंत में जि लाधिकारी ने वहां पर उपस्थित सभी संबंधित विभाग के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण करना सुनि श्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने पांच पात्र लाभार्थियों का मौके पर ही राशनकार्ड बनवाकर वितरित किया।समाधान दिवस के दौरान शिकायतकर्ता शकी ल अहमद निवासी धानेपुर ने अवगत कराया कि धानेपुर में भूखंड संख्या-1225 तालाब की भूमि है जिस पर स्थानीय लोगों द्वारा अवैध रू प से पक्का निर्माण कर लिया है।जिलाधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्र के लेखपाल को कड़ी निर्देश दिए हैं कि उपरो क्त भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को तत्काल हटवाकर अवगत कराया जाय अन्यथा विभागी य कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## ट्रंप की तानाशाही से परेशान होकर प्रवासी भारतीयों ने सड़क पर किया प्रदर्शन

गोण्डा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीति यों के विरोध में अमेरिकी बिजनेसमैन प्रवासी भारतीय सुशील मिश्रा ने कैलिफोर्निया लॉस एंजल शहर के मेयर और सैकड़ो प्रवासी भारती यों के साथ लोग इकठ्ठा हुए।

कैलिफोर्निया लॉस एंजल शहर में प्रदर्शनकारियों के हाथो में तख्तीलेकर ( मोर ओन्स आर गुटिंग अमेरिका ) के नारे के साथ मार्च निकाला और रैलियां कीं। नो किंग (अब कोई राजा नहीं) के नाम से बुलाए गए इस प्रदर्शन का असर केवल अमेरिका तक ही सीमित नहीं रहा,बल्कि कनाडा,यूरोप और में इसकी गूंज सुनाई दी।प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्र पति ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका के तेजी से अधिनायकवाद की तरफ बढ़ने की निंदा की कैलिफोर्निया लॉस एंजल शहर में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुटे जिन्होंने अपने हाथों में ना रों से लिखे बैनर ले रखे थे।प्रवासी भारतीय गोंडा जिले के सुशील मिश्रा ने कैलिफोर्निया लॉस एंजल के मेयर के साथ विरोध प्रदर्शन किया कहा कि अमेरिका में जब से ट्रंप की सरकार बनी है तब से भारत के कई लोगों को ट्रंप ने डिपार्टेड किया उसके बाद जो भी अमेरिका सिटीजन है निवासी नहीं है उसका रहना मुश्कि ल कर दिया है और ट्रंप सरकार किसी जज की भी नहीं सुनते।

# कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के पर्यटन सत्र का हुआ शुभारम्भ

**मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड व विशिष्ट अतिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर ने फीताकाट कर पर्यटन सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया**

**नाव दुर्घटना में मृतक महिला को दी गई श्रद्धांजलि**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । कतर्नियाघाट वन्य जीव अभ्यारण्य में पर्यटन सत्र 2025-26 का हुआ भव्य शुभारम्भ। मुख्य अतिथि सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड ने विशिष्ट अतिथि विधायक बलहा सरोज सोनकर, प्रभागीय वनाधिकारी कतर्नियाघाट सूरज व अन्य अतिथियों तथा अधिकारियों के साथ नावघाट के मुख्य द्वार पर विधि-विधान से हवन पूजन के पश्चात कतर्नियाघाट रेंज के नेचर इण्टरप्रटेशन सेन्टर (घड़ियाल सेन्टर) पर फीता काटकर पर्यटन सत्र 2025-26 का शुभारम्भ किया तथा हरी झण्डी दिखाकर जिप्सी सफारी पर सवार पर्यटकों को जंगल भ्रमण के लिए रवाना किया।

पर्यटन सत्र के शुभारम्भ अवसर की विशेषता यह रही कि पिछले बुधवार को कौड़ियाला नदी में हुई दर्दनाक नाव दुर्घटना जिसमें कतर्नियाघाट की हृदय स्थली में बसे भरथापुर ग्राम की 01 महिला की मृत्यु होने तथा 08 लोगों के लापता होने की घटना पर सांसद डॉ. आनन्द कुमार गोंड व विधायक श्रीमती सरोज सोनकर द्वारा गहरा दुख प्रकट करते हुए मौजूद अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, मीडिया बन्धुओं, गैर सरकारी संस्थाओं के सदस्यों, पर्यटकों एवं प्रकृति प्रेमियों के साथ दिवंगत मृतका की आत्मा की शांति के लिए सामूहिक रूप 02 मिनट का मौन धारण किया गया।

## महिला डिग्री कालेज में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे युवा कलाकार

बहराइच । जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी प्राची गंगवार ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर डायलाग (वी.बी.आई.एल.डी.) 2026 के अन्तर्गत 07 नवम्बर 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय बहराइच में जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम/युवा उत्सव का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के कलाकार प्रतिभाग कर सकते हैं।सुश्री गंगवार ने बताया कि जनपद स्तरीय सांस्कृतिक कार्यक्रम/युवा उत्सव अन्तर्गत 07 विधाओं डिक्लेमेशन, कहानी लेखन, पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन तथा इन्वोवेशन ट्रैक (साइंस मेला प्रदर्शनी) में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के कलाकार प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभागी युवाओं द्वारा माई भारत पोर्टल पर एनआईएफ-वाईबीवाईएलडी-2026 के अन्तर्गत इनोवेशन ट्रैक में प्रतिभागिता के लिए पंजीकरण किया जाना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि युवा कल्याण विभाग बहराइच के कार्यालय अथवा मो.न. 7905788653 पर सम्पर्क कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# वर्ष 2027 में होगी भारत की पहली डिजिटल जनगणना

**जनगणना से पूर्व प्री-टेस्ट के लिए प्रारम्भ हुआ प्रशिक्षण प्री टेस्ट के लिए चयनित किये गये तहसील मिहींपुरवा के 54 राजस्व ग्राम**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा राम दयाल ने बताया कि भारत की पहली डिजिटल जनगणना-2027 के प्रथम चरण अन्तर्गत मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कार्य के पूर्व परीक्षण (प्री-टेस्ट) हेतु मिहींपुरवा तहसील की न्याय पंचायत मिहींपुरवा, गोपिया, लौकाही, भगवानपुर कुर्मियाना, विश्वनाथ गांव व झाला के 54 राजस्व ग्रामों का चयन किया गया है। इन चयनित 54 ग्रामों के निवासियों द्वारा 01 से 07 नवम्बर तक स्व-गणना की जा सकती है तथा प्रगणक द्वारा 10 से 30 नवंबर 2025 तक पर्यवेक्षक के द्वारा बनाए गई डिजिटल सीमा में, पहली डिजिटल जनगणना-2027 हेतु प्रयोग किये जाने वाले एप से आंकड़े/स्व-गणना आईडी एकत्र करेंगे। इस प्री-टेस्ट के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण मिहींपुरवा के सर्वोदय इंटर कालेज, मिहींपुरवा में प्रारम्भ हुआ। दूसरे चरण में जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों द्वारा लगभग 430 प्रगणकों पर्यवेक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# सड़कों पर धड़ल्ले से चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड, हर दिन होती है लाखों की अवैध वसूली, जिम्मेदार बेखबर

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर व आस पास टैक्सी टेम्पो स्टैंड का धंधा है साहब कभी मंदा नहीं होगा जितना हो पाए वसूल लो कमाई हो,न हो टैक्सी साथ में है तो दबंग शोहदों की मनमानी के आगे झुकना ही पड़ता है। छोटे वाहनों का भी निकाय शुल्क के नाम पर 50 से सौ रुपये तक देना पड़ रहा है।वसूली का कोई अड्डा न शुल्क निर्धारित है।जहां मन में आए वहीं रकम ऐंठ ली जा रही है। निश्चित जगह पर स्टैंड और वहां पर रेट सूची चस्पा रहे यहां ऐसा कुछ भी नहीं मनबढ़ युवक डंडे के बल पर शहरी चौराहो एवं प्रमुख जगह पर वसूली कर रहे हैं। जिस पर कोई विवरण अंकित नहीं रहता है।धरातल पर इनकी पहचान नहीं है। वाहन चालकों के ना नूकुर करने पर उन्हें भला बुरा भी कहा जाता है।अवैध वसूली करने वाले शोहदों पर पुलिस, प्रशासन और पालिका का कोई अंकुश नहीं है। कुछ लोग जो अपने आप को किसी संगठन से ताल्लुक रखने वाला और दबंग समझते है।जबरन वसूली कर रहे हैं।सड़क हादसों में कमी लाने और अवैध कब्जों को हटाने के लिए बीते दिनों सीएम योगी ने सड़कों पर संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड को हटाने की कवायद शुरू की थी। मुख्यमंत्री योगी का फरमान मिलने के बाद जिले में कुछ दिनों तक पुलिस हरकत में नजर आई, लेकिन आदेश जैसे-जैसे पुराना होता गया पुलिस का रवैया भी ढीला हो गया, जिसके चलते एक बार फिर खुलेआम मुख्यमंत्री के आदेशों की अवहेलना होती नजर आई हैं दरअसल,पूरनपुर में सिरसा चौराहा,बण्डा चौराहा, चुंगी वाले बालाजी मन्दिर के पास, खुटार रोड लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस, माधोटाडा खटीमा रोड के पास के रास्तों पर जाने वाले छोटे-बड़े वाहन अवैध रूप से सड़क पर ही पार्किंग बना कर खड़े होते हैं। पुलिस भी इस पूरे मामले में मूकदर्शक बनी हुई है।अवैध स्टैंड पर धन उगाही करने वाले पुलिस का खौफ दिखाकर भी दबंग अवैध वसूली करते हैं।सूत्र बताते हैं जिसका कुछ हिस्सा पुलिस तक पहुंचता है। इसके एवज में पुलिस से अवैध रूप से सड़कों किनारे खड़े होने वाले वाहनों पर कार्रवाई न करने की बात भी तय होती है पूरनपुर, खुटार, पीलीभीत, खटीमा जैसे मार्गो पर 500 से अधिक छोटे-बड़े वाहन संचालित होते हैं। जो सवारियां ढोने का काम करते हैं।इन छोटे बड़े वाहनों से प्रति चक्कर के हिसाब से वसूली की जाती है।जिसके चलते एक तरफ वाहन संचालकों का आर्थिक शोषण हो रहा है।तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस की शह पर सड़कों पर खुलेआम अवैध टैक्सी स्टैंड भी संचालित हो रहे हैं। अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन से हर रूट की सड़कों पर अतिक्रमण है।ऐसे में सड़क पर चलना मुश्किल हो गया है। टैक्सियों का अवैध संचालन रोकने से पुलिस भी पीछे हट रही है। इससे सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। लोग घंटों जाम में फंसे रहते हैं। सड़क हादसों में लगातार लोगों की जान जा रही है।इसमें कमी लाने के लिए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों संग वर्चुअल बैठक में शहरों में अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के आदेश दिए थे। जिसके बाद मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में परिवहन, नगर पालिका व पुलिस की संयुक्त टीम ने अभियान चलाकर अवैध टैक्सी स्टैंड के संचालन पर रोक लगा दी थी। रोक के बावजूद टैक्सी चालक घूम-घूमकर सवारियां भर रहे हैं।टैक्सी चालक सवारियां तलाशने के चक्कर में जगह-जगह टैक्सी रोकते हैं इससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है ।ये नजारा सबसे अधिक सिरसा चौराहे पर खुटार रोड पर देखने को मिलता है।

# संकुल स्तरीय प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, गड़ाकला के बच्चों ने तीसरी बार जीतकर बनाई हैट्रिक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर।विकासखंड क्षेत्र में स्थित गड़ाकला स्कूल ने लगातार तीसरी बार कबड्डी प्रतियोगिता जीतकर हैट्रिक बनायी पूरनपुर संकुल स्तर की संकुल जोगराज की खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन आज पूर्व माध्यमिक विधालय अकेला में हुआ जिसमें पूरी न्याय पंचायत की 10 टीमों ने खेल कूद में भाग लिया जिस में नोडल संकुल शिक्षक हुकुम सिंह ने फीता काटकर खेल का शुभारंभ किया और इस प्रतियोगिता में कंपोजिट स्कूल गढ़ा कला के बच्चों ने ने लगातार इस बार जूनियर बालक बर्ग में लगातार तीसरी बार जीत हासिल कर हैट्रिक बनायी और जूनियर बालिका बर्ग की कबड्डी में भी गढ़ा कला की टीम ने जीती जबकि खो खो प्राथमिक स्तर बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय हमीरपुर और जूनियर बालिका बर्ग में उच्च प्राथमिक विधालय अकेला हंसपुर ने जीत दर्ज की इसके अतिरिक्त प्राथमिक स्तर कर बालक बर्ग और बालिका बर्ग में हमीर पुर स्कूल ने जीते और अन्य स्कूल के बच्चों ने भी विभिन्न प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की इस मौके पर सभी स्कूल के शिक्षक उपस्थित रहे जिसमें विकास,विकास गुप्ता, ममता देवी,परवेंदर आदि उपस्थित रहे।नोडल संकुल शिक्षक हुकूम सिंह ने सभी विजेताओं को जीत की बधाई दी और ब्लॉक स्तर की होने बाली खेल प्रतियोगिता में पूरी तयारी के साथ प्रतिभाग करने को कहा और अग्रिम जीत की शुभकामनाएं दीं हैं।

# जलभराव से ग्रामीण परेशान, शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समाधान ओडीएफ के नाम पर घोटाला



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।तहसील क्षेत्र के गांव जादौपुर गहलुइया में पिछले कई दिनों से जलभराव की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। सफाई व्यवस्था व जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण घरों के सामने और रास्ते पर पानी भरा पड़ा हैं। इस जलभराव से न केवल ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है बल्कि बच्चों, बुजुर्गों और राहगीरों के लिए यह एक बड़ी समस्या बन गई है। ग्राम पंचायत मेंबर शहीद मियां व अलियार खा, मोहम्मद हसन, इंतजार बैग, जुनैद बैग और अजमत शेर का कहना है कि पानी कई दिनों से जमा हुआ है जिससे दुर्गंध फैलने लगी है और मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। इस कारण गांव में बीमारियों के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उन्होंने इस समस्या की शिकायत ग्राम प्रधान इमरान खान और पंचायत अधिकारी से कई बार की है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि लापरवाही के कारण स्थिति दिन-ब-दिन और खराब होती जा रही है। मुख्य मार्गों पर जलभराव होने से वाहन और पैदल राहगीरों को गुजरने में परेशानी हो रही है। इसी को लेकर मामले में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है।

### वन मंत्री ने टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन सत्र में बराही पर्यटन गेट का फीता काटकर किया शुभारम्भ

पीलीभीत। राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार।वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग यूपी डॉ0 अरूण कुमार द्वारा पीलीभीत टाइगर रिजर्व के नए पर्यटन सत्र में बराही पर्यटन गेट का हवन पूजन कर व फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने पौधारोपण किया। महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सामानों को देखा एवं जानकारी प्राप्त करते हुये उनके उत्पादों की प्रशंसा की। उन्होंने सफारी गाड़ियों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। वन मंत्री ने अपने सम्बोधन में कहा कि टाइगर रिजर्व में नया गेट खुलने से घूमने आये पर्यटकों को आसानी होगी तथा आसपास रहने वाले लोगों को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि हम प्रयास कर रहे हैं कि टाइगर रिजर्व घूमने हेतु आसपास के रहने वाले लोगों की सफारी गाडियां को प्राथमिकता दी जाये तथा ड्राइवर व गाइड के लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए सामान की बिक्री हेतु एक काउंटर दिया जायेगा ताकि वह आने वाले पर्यटकों को अपने उत्पाद बेच सकें।इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह,विधायक बाबूराम पासवान, विधायक बीसलपुर विवेक वर्मा,जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह,मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, डीएफओ टाइगर रिजर्व सहित अन्य जनप्रनिधि व अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे हैं।

# आप कार्यकर्ताओं ने एडी हेल्थ को 420 रुपए भेजे

### बिरसिंहपुर अस्पताल की बदहाली पर प्रदर्शन, बाजार में मांगी भिक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जिले के बिरसिंहपुर में आम आदमी पार्टी (आप) कार्यकर्ताओं ने शनिवार को 100 शैय्या संयुक्त अस्पताल की बदहाल स्थिति के विरोध में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने भिक्षाटन कर 420 रुपए एकत्र किए, जिसे एडी हेल्थ अयोध्या मंडल को भेजने का निर्णय लिया गया है। पार्टी के मुख्य प्रदेश प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इस कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने आरोप लगाया कि एडी हेल्थ अयोध्या की लापरवाही के कारण बिरसिंहपुर का 100 शैय्या अस्पताल बर्बादी की कगार पर है। अस्पताल में न दवाएं उपलब्ध हैं, न उपकरण और न ही मरीजों के इलाज की कोई उचित व्यवस्था है। दुबे ने बताया कि तीन दिवसीय धरना-प्रदर्शन के बाद भी जब प्रशासन ने कोई सुधार नहीं किया, तो पार्टी ने अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के लिए 'भिक्षाटन कार्यक्रम' शुरू किया। कार्यकर्ताओं ने बिरसिंहपुर बाजार में जनता और दुकानदारों से प्रतीकात्मक रूप से भीख मांगकर यह राशि एकत्र की। यह राशि एडी हेल्थ अयोध्या मंडल को भेजी जाएगी, ताकि अस्पताल में दवाओं और उपकरणों की व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम के अंत में कार्यकर्ताओं ने एकत्र की गई 420 रुपए की राशि अस्पताल के नए अधीक्षक को सौंपने का प्रयास किया। हालांकि, अधीक्षक ने उच्च अधिकारियों से चर्चा के बाद यह राशि लेने से इनकार कर दिया। वंशराज दुबे ने बताया कि अब सोमवार को इस राशि का डिमांड ड्राफ्ट बनवाकर एडी हेल्थ अयोध्या मंडल को भेजा जाएगा। उन्होंने दोहराया कि आम आदमी पार्टी जनता के स्वास्थ्य अधिकार की लड़ाई सड़कों से लेकर शासन तक लड़ेगी। इस विरोध प्रदर्शन में राकेश सिंह, दिलीप यादव, रामशंकर गौतम, कुलदीप यादव, विनय मिश्रा, रौनक़ सिंह, देवांश, फूलचंद निषाद, अनिल कोरी, जीतेन्द्र तिवारी, भास्कर देव पांडेय और दिलीप कुमार सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

### मंडी समिति में धान खरीद को लेकर हंगामा, किसान संगठनों ने जताया रोष

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। मंडी समिति में शुक्रवार की शाम धान खरीद को लेकर भारी हंगामा हो गया। राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के कार्यकर्ताओं ने क्रय केन्द्र पर ट्राली उतरवाने को लेकर नाराजगी जताई। संगठन के युवा अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने बताया कि कई किसानों की ट्रालियां मंडी में कई दिनों से खड़ी हैं, फिर भी उनका धान नहीं तोला जा रहा है। जबकि शुक्रवार शाम को आई कुछ ट्रालियों का धान उतार लिया गया। इस पर किसानों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया।आरोप है कि उस समय मंडी में मौजूद विपणन निरीक्षक (एमओ) प्रदीप कुमार ने किसान संगठन पर अभद्रता करने का आरोप लगाते हुए धान खरीद तत्काल प्रभाव से बंद करा दी। बताया गया कि विवाद भाजपा जिलाउपाध्यक्ष प्रफुल मिश्रा की धान की ढेरी को लेकर हुआ था। किसान संगठन का आरोप था कि यह बिचौलियों का धान है, जिसे खरीद में प्राथमिकता दी जा रही है। वहीं एमओ प्रदीप कुमार का कहना था कि संगठन के सदस्यों ने उनके साथ अभद्रता की है। हंगामे के बाद मंडी समिति में धान की खरीद पूरी तरह ठप हो गई। शनिवार दोपहर लगभग एक बजे इस पूरे मामले की जानकारी मिलने पर पीलीभीत के डिप्टी आरएमओ विजय कुमार मंडी समिति पहुंचे। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मचारियों से धान खरीद के दौरान आने वाली दिक्कतों के बारे में जानकारी ली। कर्मचारियों ने बताया कि लगातार अभद्रता और दबाव के कारण खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। इसके बाद किसान संगठन के पदाधिकारी और किसान भी मंडी पहुंचे और अपनी समस्याएं रखते हुए धान खरीद दोबारा शुरू कराने की मांग की। किसानों ने कहा कि देरी के कारण उनकी ट्रालियां कई दिनों से मंडी में फंसी हुई हैं और उन्हें भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। स्थिति को देखते हुए डिप्टी आरएमओ विजय कुमार ने किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कर धान खरीद सुचारु रूप से शुरू कराने का आश्वासन दिया।

### कोलोकेटेड आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। समग्र शिक्षा अभियान के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र बरखेड़ा में चल रहे कोलोकेटेड आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण का समापन हो गया।इस प्रशिक्षण का उद्देश्य यह था कि कार्यकत्रियों को यह बताया जा सके कि दिव्यांग बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ आंगनवाड़ी केंद्रों पर कैसे नामांकित किया जाए और उनके साथ कैसा व्यवहार रखा जाए, जिससे वे भी सामान्य बच्चों की तरह शिक्षा से जुड़ सकें। अब तक आंगनवाड़ी केंद्रों पर केवल सामान्य बच्चों का ही पंजीकरण किया जाता था, लेकिन अब ऐसे दिव्यांग बच्चों को भी नामांकित किया जाएगा, जो विद्यालय परिसर में संचालित आंगनवाड़ी केंद्रों में अध्ययन कर सकेंगे। ऐसे केंद्रों को कोलोकेटेड आंगनवाड़ी केंद्र कहा जाता है। प्रशिक्षण में राज्य स्तर से प्रशिक्षण प्राप्त स्पेशल एजुकेटर अजय श्रीवास्तव, राजेश कुमार और अनिल सोनकर ने कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित किया।समेकित शिक्षा के अंतर्गत आयोजित इस प्रशिक्षण में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने यह सीखा कि दिव्यांग बच्चों को किस प्रकार शिक्षित किया जाए और उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप सीखने का वातावरण तैयार किया जाए।आंगनवाड़ी केंद्रों पर पहले ही लर्निंग बॉक्स (बंडर बॉक्स) उपलब्ध कराए जा चुके हैं, जिनमें खेल–खिलौने, पशु–पक्षियों के चित्र और अन्य शिक्षण सामग्री रखी गई है ताकि नन्हे बच्चों को खेल–खेल में बुनियादी शिक्षा से जोड़ा जा सके।

### दारोगा की शिकायत वापस न लेने पर पीड़िता को गौहत्या के झूठे मुकदमे मे फंसाने का आरोप

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के ग्रांट न0 21 उर्फ ढक्का चाट की एक महिला ने एक दरोगा पर फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाया है। महिला की माने कुछ दिन पूर्व पड़ोसी में हुए झगड़े में उसके साथ मारपीट की गई जिसका मेडिकल करा उसका मुकदमा दर्ज कर लिया था जबकि पुलिस ने दूसरे पक्ष से सेटिंग कर उसको छोड़ दिया आरोप है कि कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे और आरोपियों पर पुलिस के मेहरबानी की शिकायत पीड़िता ने मुख्यमंत्री तथा सम्पूर्ण समाधान दिवस मे शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है वही पीड़िता का आरोप है कि हल्का इंचार्ज राहुल कुमार ने मुख्यमंत्री पोर्टल की गई शिकायत से नाराज होकर पीड़िता के घर जाकर गालीगलोज की और धमकी देते हुऐ कहा देखे तू मेरा क्या कर लेगी और गौहत्या के झूठे मुकदमे मे जेल भेजने की धमकी दी और आईजीआरएस पोर्टल पर की गई शिकायत मे फ़ोटो खींच निरस्त कर अधिकारियों को गुमराह किया है।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी फरियादियों की जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उददेश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।तहसील अमेठी में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुये डीएम संजय चौहान ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लेकर उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाय। उन्होंने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना हमारी प्राथमिकता है।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के संबंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिये।तहसील अमेठी में कुल छत्तीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें एक का मौके पर निस्तारण कराया गया।तहसील तिलोई में चौतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें चार का निस्तारण किया गया।तहसील गौरीगंज में सैंतालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें छह शिकायत का निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में उनतीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें पांच का निस्तारण कराया गया तथा शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, सीएमओ डॉ अंशुमान सिंह, बीएसए संजय तिवारी तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वशासी मेडिकल कॉलेज में नवीन ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स का हुआ लोकार्पण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज, सुल्तानपुर में शनिवार को जनरल सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स एवं एनेस्थीसिया विभागों के नव-निर्मित ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण किया गया। यह अवसर संस्थान की स्वास्थ्य सेवाओं, सर्जिकल शिक्षा और चिकित्सा अधोसंरचना के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा हैकार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे डॉ. ए. के. सिंह, एम.बी.बी.एस., एम.एस. (जनरल सर्जरी), प्रोफ़ेसर, जनरल सर्जरी विभाग।कॉलेज की नई अस्पताल भवन की द्वितीय मंजिल पर स्थित यह अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स आधुनिक सर्जिकल उपकरणों से सुसज्जित है, जो चिकित्सा विद्यार्थियों को उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करने और रोगियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएँ देने में सहायक होगाइस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. सलील श्रीवास्तव ने कहायह नया ऑपरेशन थियेटकॉम्प्लेक्स हमारे संस्थान की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं, उन्नत सर्जिकल प्रशिक्षण एवं रोगी कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। यह संपूर्ण कॉलेज परिवार के लिए गर्व का क्षण है।ङ्कार्यक्रम में सीएमएस डॉ. आर. के. मिश्रा सहित अनेक संकाय सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें डॉ. आर. के. तिवारी, डॉ. अनुज जैन, डॉ. नदीम, डॉ. जितेश, डॉ. किरण रेबेलो, डॉ. सुप्रीत वर्मा, डॉ. अनूप, डॉ. अमोल रेबेलो, डॉ. वीरेन्द्र, डॉ. यशांक, डॉ. आनंद, डॉ. आकाश श्रीवास्तव, डॉ. सुकैश के.एस., डॉ. पीयूष, डॉ. दिलीप एवं डॉ. अभिषेक प्रमुख रहे।सभी संकाय सदस्य, सीनियर एवं जूनियर रेजिडेंट्स, इंटर्न्स, के साथ-साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थी तथा नर्सिंग स्टाफ (जिनमें सिस्टर अंजलि एवं सिस्टर नसीमा शामिल थीं) ने समारोह में उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस महत्वपूर्ण अवसर को स्मरणीय बनाया।

## दंड से न्याय की ओर लकी चिल्ड्रन स्कूल में नए आपराधिक कानूनों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।लकी चिल्ड्रन सीनियर सेकेंडरी स्कूल पूरनपुर में दंड से न्याय की ओर विषय पर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को देश में लागू हुए नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देना और उनमें कानूनी जागरूकता बढ़ाना था कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पांडेय ने की अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नए आपराधिक कानून केवल दंड तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये समाज में न्याय,सुरक्षा और नागरिक अधिकारों की रक्षा की दिशा में एक सशक्त कदम हैं उन्होंने यह भी कहा कि न्याय तभी सशक्त होता है जब नागरिक अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक हो कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने कानून व्यवस्था, नागरिक दायित्वों और अपराध रोकथाम जैसे विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए शिक्षकों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों को मजबूत करते हैं विद्यालय के प्रबंधक विजय नागी एवं निदेशक डॉ. अमन नागी ने मुख्य अतिथि पवन कुमार पांडेय का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक रहा इसके साथ ही विद्यालय प्रबंधक विजय नागी ने सभी स्कूलों के विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कोतवाल पवन कुमार पांडेय से आग्रह किया कि विद्यालय के प्रातःकालीन आगमन और छुट्टी के समय 112 नंबर की पुलिस गाड़ी विद्यालय परिसर के आसपास लगाई जाए, ताकि बच्चों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित हो सके वहीं, विद्यालय के निदेशक डॉ. अमन नागी ने विद्यार्थियों को नई दंड संहिता के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी प्रदान की और उन्हें बताया कि ये कानून नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और समाज में न्याय की स्थापना के लिए बनाए गए हैं उन्होंने इस अवसर पर पवन कुमार पांडेय को विद्यालय में आकर विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए हार्दिक धन्यवाद भी दिया।

# देश को नेतृत्व के गुणों से संपन्न युवाओं की आवश्यकता है : लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। राणा प्रताप पी जी कॉलेज में 18 यूपी बटालियन एनसीसी प्रतापगढ़ के त्रिजनपदीय प्रतापगढ़, सुलतानपुर, अमेठी का दस दिवसीय वार्षिक कैंप सी ए टी- 75 चल रहा है। एनसीसी के त्रिजनपदीय दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल अरविंद सिंह यादव ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि अनुशासन, राष्ट्रप्रेम और सेवा की सजीव पाठशाला है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल सैन्य कौशल विकसित करना नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना जगाना भी है। कैडेट्स ने दस दिनों में जो ड्रिल, फायरिंग, मैप रीडिंग, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, और सामाजिक सेवा जैसे प्रशिक्षण प्राप्त किए हैं, वे केवल शारीरिक दक्षता तक सीमित नहीं हैं, बल्कि ये जीवन के हर क्षेत्र में नेतृत्व, अनुशासन और निष्ठा की सीख देते हैं। एनसीसी का आदर्श वाक्य ल्लएकता और अनुशासनङ्क है, जो हर कैडेट को समाज और राष्ट्र के प्रति कर्तव्यनिष्ठ बनाता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कैडेट्स को अपने-अपने विद्यालयों, महाविद्यालयों और समुदायों में जाकर सफाई अभियान, रक्तदान, साक्षरता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, और नशामुक्ति जैसे सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज देश को ऐसे युवाओं की आवश्यकता है जो सेवा, अनुशासन और नेतृत्व के गुणों से संपन्न हों। एनसीसी के प्रशिक्षण से विकसित यह चरित्र राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है। उन्होंने कैडेट्स को प्रेरित करते हुए कहा कि वे जहाँ भी जाएँ, राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें और समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनें। इस अवसर पर डिप्टी कैम्प कमांडेंट सूबेदार मेजर इकबाल सिंह, ट्रेनिंग इंचार्ज लेफ्टिनेंट इम्तियाज खान,कैप्टन विनोद सिंह, कैप्टन डॉ उमेश सिंह, लेफ्टिनेंट मनोज कुमार सिंह ,लेफ्टिनेंट एस के मिश्र, सेकेंड आफिसर आर बी सिंह, दिग्विजय सिंह ,महाविद्यालय के प्रबंधक बालचंद्र सिंह, एमजीएस प्रबंधक प्रो विनोद सिंह प्राचार्य प्रो डी के त्रिपाठी, एनसीसी अधिकारी आलोक कुमार, डॉ संतोष अंश, विनय सिंह के साथ 600 कैडेट्स उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# साइबर ठगी का जाल

शायद ही कोई दिन ऐसा जाता होगा जब कोई बुजुर्ग या आम लोग साइबर ठगी के शिकार न हुए हों। पिछले दिनों महाराष्ट्र में एक सेवानिवृत्त जज भी डिजिटल अरेस्ट स्कैम के शिकार हो गए। पिछले सप्ताह ऐसा ही एक अन्य दुखद मामला पुणे से सामने आया जब साइबरों ठगों ने एक 82 वर्षीय सेवानिवृत्त अधिकारी को डिजिटल हाउस अरेस्ट स्कैम में फंसाकर 1.19 करोड़ लूट लिए। कई दिन के मानसिक उत्पीड़न व आर्थिक क्षति से टूट गए वृद्ध की आखिर सदमे से मौत हो गई। यह विचारणीय पहलू है कि कैसे पढ़े-लिखे लोग साइबर ठगों की साजिश की गिरफ्त में आ जाते हैं। वैसे आम आदमी को साइबर ठगों व फर्जी फोन कॉल्स से बचाने के लिये पुख्ता व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। आम लोगों की सुविधा व सुरक्षा के लिये सरकार के प्रयासों के बाद अब दूरसंचार विभाग ने मार्च 2026 में ऐसी व्यवस्था लागू करने के तैयारी की, जिसमें बिना ट्रू-कॉलर के खुद मोबाइल अवांछित फोन के प्रति सजग करेगा। नियामक संस्था ट्राई ने इस प्रस्ताव पर सहमति जतायी है। यह विडंबना ही कि जैसे-जैसे नई तकनीक आम आदमी के जीवन में सुविधा लाती है, वहीं असामाजिक तत्व उसे लूट-खसोट का हथियार बनाने में आगे निकल जाते हैं। देश में इंटरनेट सेवाओं के विस्तार और मोबाइल फोन की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि के साथ ही साइबर अपराधों में खासी तेजी आई है। जरा सी चूक होने पर लाखों लोग, साइबर धोखाधड़ी में अपने जीवनभर की पूंजी कुछ ही क्षणों में गवां देते हैं। अपराधियों का संजाल इतना विस्तृत व रहस्यमय है कि प्रवर्तन एजेंसियां जब तक उन तक पहुंचती हैं, पैसा विदेशों में ट्रांसफर हो जाता है। इस संकट का एक पहलू अनजान नंबरों से आने वाली फोन कॉल्स होती हैं, जिसके जरिये अपराधी लोगों को भ्रमित कर जीवन की जमा पूंजी लूट लेते हैं। दरअसल, संचार क्रांति के चलते तमाम सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हुई हैं, लेकिन इस सुविधा के साथ पुरानी पीढ़ी साम्य नहीं बैठा पाती है। अब इसी चुनौती को दूर करने के लिये दूरसंचार विभाग आम उपभोक्ता को ऐसी सुविधा देने जा रहा है, जिसमें फोन करने वाले को पहचाना जा सकेगा। फोन पर कॉल करने वाले व्यक्ति का नाम लिखा नजर आएगा। फिर व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार फोन कॉल्स लेना तय कर सकता है। दूरसंचार नियामक ट्राई की मंजूरी के बाद इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। हालांकि, फोन करने वाले व्यक्ति की जानकारी जुटाने के कई ऐप अभी भी मौजूद हैं, लेकिन उनका उपयोग कुछ ही लोग कर पाते हैं। वैसे ऐसा निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि ऐप द्वारा दी जाने वाली सूचना सटीक है। ऐसे में यदि दूरसंचार विभाग की कोशिश सिरे चढ़ती है तो इससे करोड़ों उपभोक्ताओं को सुरक्षा कवच मिल पाएगा। पहले इस सुविधा का लेना मांग पर आधारित था, लेकिन बाद में तय किया गया कि यह सुविधा प्रत्येक मोबाइल उपयोगकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी। विश्वास किया जा रहा है कि अगले साल मार्च तक पूरे देश में यह सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जानकारों का मानना है कि इस सुविधा से किसी सीमा तक मोबाइल के जरिये धोखाधड़ी करने वाले अपराधियों पर नकेल कसी जा सकेगी। मोबाइल उपयोगकर्ता की सजगता इसमें मददगार हो सकेगी। स्क्रीन पर अनजान नंबर व नाम देखने के बाद मोबाइलधारक फोन कॉल्स को उठाने से बच सकता है। वैसे इसके साथ ही देश में डिजिटल साक्षरता की दिशा में व्यापक पहल करने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों के जरिये लोगों को सजग-सतर्क किए जाने की आवश्यकता है। शहरों से लेकर ग्राम पंचायतों तक जनजागरण अभियान चलाकर लोगों को बताया जाना चाहिए कि बैंक, सीबीआई, कोर्ट या अन्य प्रवर्तन एजेंसियां कभी फोन करके उनके बैंक खाते या अन्य मामलों की जानकारी नहीं मांगती हैं। ऐसे फर्जी कॉल्स की प्रमाणिकता की पुष्टि करने के लिये हेल्पलाइन सुविधाओं में विस्तार करने की भी जरूरत है। देश में मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध कराने वाली कंपनियों को भी बाध्य किया जाना चाहिए कि वे उपयोगकर्ताओं को शिक्षित करके संदिग्ध फोन नंबरों के प्रति सचेत करें।

# डीप फ़ेक का बढ़ता खतरा

डीपफ़ेक या मिलावटी ऑडियो-वीडियो से किसी व्यक्ति के सामाजिक या व्यक्तिगत नुकसान को रोकने के लिए सरकार नया कानून लाने जा रही है। जल्द ही ट्विटर, फ़ेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डाले जाने वाले मिलावटी कंटेंट पर एक लेबल लगाना अनिवार्य होगा। ताकि यूजर्स को यह पता लग जाए कि जो वीडियो या ऑडियो वह देख या सुन रहा है, वह असली नहीं है। इलेक्ट्रॉनिक्स व आईटी मंत्रालय ने इस संबंध में मसौदा जारी किया है, जिस पर स्टेकहोल्डर्स से प्रतिक्रिया मांगी गई है। प्रतिक्रिया देने का काम अगले पंद्रह दिनों में समाप्त हो जाएगा, उसके बाद इस नियम को लागू किया जा सकता है। मंत्रालय के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिलावटी कंटेंट का पता लगाने की जिम्मेदारी इंटरमीडिएरिज की होगी। बता दें कि इंटरमीडियरिज किसी ऐसे टूल का इस्तेमाल करेंगे जो कंटेंट को प्लेटफार्म पर पोस्ट करते ही यह पता लगा लेगा कि कंटेंट में मिलावट है और फिर उस पर लेबल लगा दिया जाएगा। फिलहाल सरकार को इसकी जरूरत क्यों पड़ रही है, यह बताने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए क्योंकि आए दिन ऐसी खबरें मीडिया में बनी रहती हैं कि डीप फ़ेक वीडियो के जरिये किसी नामचीन हस्ती के चरित्र हनन की कोशिश की गई या एआई की मदद से किसी की आवाज की नकल करके आर्थिक मुनाफा कमा लिया गया। हाल ही में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अभिनेता अभिषेक बच्चन ने दिल्ली उच्च न्यायालय में गूगल और यू-ट्यूब के खिलाफ चार करोड़ रुपये के हर्ज़ाने का मुकदमा दायर किया है। इस दंपति को खुद से जुड़े काल्पनिक एआई कंटेंट वाले वीडियो यू-ट्यूब और गूगल पर प्रसारित किए जाने के खिलाफ अदालत से संरक्षण की मांग करनी पड़ी। निःस्संदेह, सोशल मीडिया पर जिस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की भरमार देखने को मिलती है, वह अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे का सीधा-सीधा अतिक्रमण दिखती है। इसलिए इसका नियमन वक्त की मांग है। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान भी किसी प्रत्याशी की छवि को खराब करने के लिए डीपफ़ेक वीडियो-आडियो का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी तरफ अब किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से कंटेंट को हटाने का निर्देश संयुक्त सचिव या डीआईजी रैंक के अधिकारी ही दे सकेंगे। ध्यातव्य है कि आगामी एक नवंबर से यह नियम लागू हो जाएगा। विभिन्न राज्यों में अभी दरोगा स्तर के अधिकारी ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म से कंटेंट हटाने का फरमान जारी कर रहे थे। राज्य सरकार की तरफ से इस नियम में बदलाव की मांग की जा रही थी। संयुक्त सचिव और डीआइजी पुलिस स्तर के अधिकारी की तरफ से अगर किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म को कंटेंट हटाने का निर्देश जाता है और कंटेंट को नहीं हटाया जाता है तो उस प्लेटफार्म को भी कंटेंट डालने वाले के बराबर जिम्मेदार माना जाएगा और उसके खिलाफ भी कार्रवाई होगी। इस प्रकार की कार्रवाई की समीक्षा मासिक स्तर पर सचिव स्तर के अधिकारी करेंगे। इस नए नियम के बाद यह स्पष्ट हो गया कि किस स्तर के अधिकारी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कंटेंट हटाने के लिए निर्देश जारी कर सकते हैं। इसलिए अनुमान लगाया जा रहा है कि शायद अब आने वाले समय में अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग रोकने में मदद मिल सकेगी। सोशल मीडिया मंचों के नकारात्मक उदाहरणों का हवाला देकर हम इसके अच्छे पहलुओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। ये मंच स्वतंत्र अभिव्यक्ति के सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभरे हैं। इन मंचों की मदद से आम लोग न सिर्फ अपनी बात शासन- प्रशासन तक पहुंचाने में सफल हो रहे हैं, बल्कि कई बार इनके दबाव में अपराधियों को दबोचने में भी प्रशासन को मदद मिली है। निर्विवाद तथ्य यह भी है कि लाखों लोग इनकी मदद से अपनी रचनाशीलता को नई धार दे रहे हैं और ये उनकी आमदनी का जरिया बन रहे हैं। इसलिए सरकार ने इस बार काफी सतर्कता बरतते हुए प्रावधान प्रस्तावित किए हैं। मौजूदा प्रस्तावों में सरकार ने काफी सावधानी बरतते हुए पचास लाख से अधिक उपयोगकर्ता वाले सोशल मीडिया मंचों से यह अपेक्षा की है कि वे यह सुनिश्चित करें कि अपलोड सामग्री कृत्रिम नहीं हैं। ऐसी किसी भी सामग्री को उन्हें प्रमुखता से चिह्नित करना होगा। वाकई यह बहुत आवश्यक है क्योंकि इससे डिजिटल दुनिया की अराजकता को नियंत्रित करना आसान होगा, बल्कि टेक्नोलॉजी का गलत इस्तेमाल करने वाले लोगों को कानूनी रूप से जवाबदेह

मंत्रालय के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मिलावटी कंटेंट का पता लगाने की जिम्मेदारी इंटरमीडिएरिज की होगी। बता दें कि इंटरमीडियरिज किसी ऐसे टूल का इस्तेमाल करेंगे जो कंटेंट को प्लेटफार्म पर पोस्ट करते ही यह पता लगा लेगा कि कंटेंट में मिलावट है और फिर उस पर लेबल लगा दिया जाएगा। फिलहाल सरकार को इसकी जरूरत क्यों पड़ रही है, यह बताने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए क्योंकि आए दिन ऐसी खबरें मीडिया में बनी रहती हैं कि डीप फ़ेक वीडियो के जरिये किसी नामचीन हस्ती के चरित्र हनन की कोशिश की गई या एआई की मदद से किसी की आवाज की नकल करके आर्थिक मुनाफा कमा लिया गया। हाल ही में अभिनेत्री ऐश्वर्या राय और अभिनेता अभिषेक बच्चन ने दिल्ली उच्च न्यायालय में गूगल और यू-ट्यूब के खिलाफ चार करोड़ रुपये के हर्ज़ाने का मुकदमा दायर किया है। इस दंपति को खुद से जुड़े काल्पनिक एआई कंटेंट वाले वीडियो यू-ट्यूब और गूगल पर प्रसारित किए जाने के खिलाफ अदालत से संरक्षण की मांग करनी पड़ी। निःस्संदेह, सोशल मीडिया पर जिस तरह की गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियों की भरमार देखने को मिलती है, वह अभिव्यक्ति की आजादी के दायरे का सीधा-सीधा अतिक्रमण दिखती है। इसलिए इसका नियमन वक्त की मांग है। गौरतलब है कि चुनाव के दौरान भी किसी प्रत्याशी की छवि को खराब करने के लिए डीपफ़ेक वीडियो-आडियो का इस्तेमाल किया जाता है। दूसरी तरफ अब किसी सोशल मीडिया प्लेटफार्म से कंटेंट को हटाने का निर्देश संयुक्त सचिव या डीआईजी रैंक के अधिकारी ही दे सकेंगे। ध्यातव्य है कि आगामी एक नवंबर से यह नियम लागू हो जाएगा। विभिन्न राज्यों में अभी दरोगा स्तर के अधिकारी ही सोशल मीडिया प्लेटफार्म से कंटेंट हटाने का फरमान जारी कर रहे थे। राज्य सरकार की तरफ से इस नियम में बदलाव की मांग की जा रही थी।

ठहराने में भी आसानी होगी। सरकार ने गलत कंटेंट हटाने वाले डिजिटल मंचों को वैधानिक संरक्षण देने की बात भी कही है और छ नवंबर तक इन मसौदों पर लोगों की राय मांगी है तो यह अवसर है उन लोगों के लिए जिन्हें इन नियमों को लेकर कोई अंदेशा है। उन्हें अपने अंदेशे और आपत्तियां अवश्य दर्ज करानी चाहिए, ताकि पारदर्शी व प्रभावी नियम वजूद में आ सकें। तकनीकी युग में जहाँ कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानव जीवन को आसान बना रही है, वहीं इसका एक भयावह रूप ‟डीप फ़ेक” समाज के लिए गंभीर संकट बनता जा रहा है। गौरतलब है कि डीपफ़ेक आधुनिक कृत्रिम बुद्धिमत्ता की एक प्रभावशाली तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति के चेहरे, आवाज और हावभाव को इस प्रकार बदला या पुनःनिर्मित किया जा सकता है कि असली और नकली में अंतर करना लगभग असंभव हो जाता है। डीप फ़ेक तकनीक से ऐसे वीडियो, ऑडियो या फोटो तैयार किए जा सकते हैं जो पूरी तरह झूठे होते हैं, पर देखने या सुनने में एकदम असली लगते हैं। भारत जैसे विशाल और विविध देश में जहाँ सोशल मीडिया सूचना का प्रमुख माध्यम बन चुका है, वहाँ इस तकनीक का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है। कभी राजनीतिक विरोधियों को बदनाम करने, कभी सांप्रदायिक तनाव फैलाने, तो कभी मशहूर व्यक्तियों की छवि धूमिल करने में। समस्या यह है कि आम नागरिक अक्सर डिजिटल साक्षरता की कमी के कारण झूठे कंटेंट को सच मान बैठते हैं, और यही डीप फ़ेक की सबसे खतरनाक परिणति है। समाज में जन-जागरूकता ही इसका सबसे प्रभावी हथियार बन सकती है। स्कूलों से लेकर कॉलेजों तक, और गाँवों से लेकर शहरों तक, डिजिटल शिक्षा और मीडिया साक्षरता को अभियान के रूप में फैलाना होगा। सरकार और सोशल मीडिया कंपनियों को भी ऐसे पहचान तंत्र विकसित करने होंगे जो डीप फ़ेक कंटेंट को तुरंत चिन्हित कर सकें। साथ ही नागरिकों को यह समझना होगा कि हर वायरल वीडियो सच नहीं होता। जबतक समाज सूचना को परखने की आदत नहीं डालेगा, तबतक डीप फ़ेक लोकतंत्र की जड़ों को कमजोर करता रहेगा। जागरूक नागरिक ही इस डिजिटल युग के असली प्रहरी बन सकते हैं, जो तकनीक को साधन बनाएँ, हथियार नहीं। डीप फ़ेक जैसी तकनीकी चुनौती का निदान केवल कानून बनाकर संभव नहीं, बल्कि इसके लिए तकनीकी, शैक्षिक और सामाजिक तीनों स्तरों पर सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, सरकार को सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और डिजिटल इंडिया कानूनों में संशोधन कर डीप फ़ेक सामग्री बनाने और प्रसारित करने वालों पर कड़ी सज़ा का प्रावधान करना चाहिए। साथ ही, देश में ऐसे स्वदेशी एआई आधारित पहचान तंत्र विकसित किए जाने चाहिए जो डीप फ़ेक वीडियो या ऑडियो को तुरंत पहचान सकें। स्कूलों और कॉलेजों में डिजिटल साक्षरता और मीडिया नैतिकता को शिक्षा का हिस्सा बनाना होगा ताकि नई पीढ़ी तकनीक का उपयोग समझदारी से करे। नागरिक समाज, मीडिया संस्थान और सोशल मीडिया कंपनियों को मिलकर फैक्ट-चेकिंग नेटवर्क को सशक्त बनाना चाहिए ताकि झूठी सूचनाओं का प्रसार रोका जा सके। डीप फ़ेक की रोकथाम तभी संभव है जब स्वयं भी सूचना को साझा करने से पहले उसकी सत्यता की जाँच करने की आदत डालें। भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में तकनीक तभी कल्याणकारी बन सकती है, जब उसका उपयोग विवेक और जिम्मेदारी के साथ किया जाए। **–लालजी जायसवाल**

# क्या भारत के लिए बड़ा खतरा बनेगा बांग्लादेश

**मृत्युंजय दीक्षित**

जिस बांग्लादेश को वर्ष 1971 में पाकिस्तानी सेना के अत्याचारो से स्वतंत्र कराने में भारत ने अहम भूमिका निभाई अब वही बांग्लादेश अपने संस्थापक मुजीबुर्रहमान के सपने को ध्वस्त करते तथा जमीयत की विचारधारा को अपनाते हुए पाकिस्तान के करीब जा रहा है । यूनुस का बांग्लादेश पाकिस्तान को खुश करने और भारत को चिढ़ाने के लिए तरह -तरह के पैतरे दिखा रहा है। बांग्लादेश की ओर से विगत दिनों में ऐसी कई हरकतें की गई हैं जो भारत की राष्ट्रीय एकता, अखंडता व सुरक्षा के लिए गम्भीर खतरा बन सकती हैं । भारत के लिए अच्छी बात यह है कि केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली ऐसी सशक्त सरकार है जो हर चुनौती से निपटने में सक्षम है। विगत दिनों पाकिस्तानी सेना के नंबर दो अधिकारी ज्वांइट चीफ आफ स्टाफ कमेटी के अध्यक्ष जनरल साहिर शमशाद मिर्ज़ा को बांग्लादेश के अंतरिम प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने उपहार में एक पुस्तक दी है जिसका नाम है ‟आर्ट ऑफ ट्रायंफः बांग्लादेश द न्यू डानʼ और साथ में एक विवादित मानचित्र भी दिया है। यह मानचित्र बहुत ही हैरान करने वाला है जो यह बताता है कि मोहम्मद यूनुस के मन में भारत के प्रति क्या चल रहा है और वह किस प्रकार कठमुल्ला विचारधारा का साथ दे रहे हैं। बांग्लादेश ने पाकिस्तान व पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई को खुश करने के लिए जो नया मानचित्र दिया है उसमें बिहार, झारखंड, ओडिशा, असम और अन्य उत्तर पूर्वी राज्यों को ग्रेटर बांग्लादेश के रूप में दिखाया गया है। यूनुस का यह कृत्य उकसाने वाला है उन्होंने जो पुस्तक जारी की है उसमें 2024 में छात्र आंदोलन की शुरुआत से लेकर शेख हसीना सरकार को हटाने तक की तस्वीरें हैं। यही नहीं भारत का मोस्ट वांटेड शत्रु जाकिर नाईक जो बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में बांग्लादेश के एक होटल में घटी आतंकी घटना का आरोपित है वह अब बांग्लादेश का मुख्य अतिथि बनकर जा रहा है। जाकिर नाईक भारत में हिंदुओं का मतांतरण कराने का षड्यंत्र करता रहता जो केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार आने के बाद किसी तरह मलेशिया भाग गया और वहां शरण लेकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। भारत ने जाकिर के प्रत्यर्पण के लिए मलेशिया की सरकार से संपर्क भी किया है किंतु अभी इसमें सफलता नहीं प्राप्त हुई है।अब वही जाकिर नाईक बांग्लादेश में युवाओं को कट्टरता की आग में झोंकने का काम करने जा रहा है। जाकिर ने एक बार कहा था कि अगर मुगल चाहते तो तलवार के बल पर भारत के 80 प्रतिशत हिंदुओं को मुसलमान बना सकते थे। जाकिर नाईक के बांग्लादेश का मुख्य अतिथि बनकर जाने से वहां पर बचे हुए हिंदू अल्पसंख्यकों के लिए एक बार फिर एक बहुत बड़ा खतरा उत्पन्न हो गया है। बांग्लादेशी प्रमुख मोहम्मद यूनुस स्वतंत्र विदेश नीति के नाम पर पकिस्तान के साथ जा रहे हैं और इसीकारण बंगला देश में पाकिस्तान की गतिविधियां भी बहुत तीव्रता के साथ बढ़ रही है। भारत के दृष्टिकोण से मोहम्मद यूनुस एक छद्म व्यक्ति है जो बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की सरकार अपदस्थ होने के बाद निर्दोष हिंदुओं पर भीषणतम अत्याचारों पर मौन साध कर उनको बढ़ावा देता रहा ।बांग्लादेश में सत्ता परिवर्तन के बाद हिंदू तथा अन्य अल्पसंख्यक समुदय के लोगों की लक्षित हत्याएं लूटपाट आगजनी महिलाओ के साथ जघन्य अपराध किये गये मंदिरों पर बर्बरतापर्वूक हमलों को अंजाम दिया गया। अब वह कट्टरपंथियों जमात के साथ मिलकर भारत के विरुद्ध षड्यंत्र कर रहा है। नोबेल पुरस्कार प्राप्त मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में बांगलादेश के हालात इतने दयनीय हो गये हैं कि शांतिपूर्वक जीने और विभिन्न सामाजिक सेवाएँ करने वाले संगठन इस्कॉन को धार्मिक कट्टरपंथी संगठन करार देते हुए उसे प्रतिबंधित करने की मांग तक कर डाली गई। नवरात्र के पर्व पर कट्टरपंथी हमलों की बाढ़ सी आ गई थी बाद में भारत का बहुत दबाव पड़ने के बाद हालात कुछ नियंत्रित हुए । भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एक कार्यक्रम में वक्तव्य देते हुए कहा था कि भारत अगर किसी को जन्म दे सकता है तो वह उसे समाप्त भी कर सकता है। उनका यह वक्तव्य वैसे तो पाकिस्तान के परिप्रेक्ष्य में था पर उसके निहितार्थ में बांग्लादेश भी था।

## सेहत मंत्र

# सिर्फ 15 दिन लौकी जूस से शरीर होगा डिटॉक्स, स्किन बनेगी बेदाग और ग्लोइंग

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी और अनहेल्दी लाइफस्टाइल बीमारियों का सबसे बड़ा कारण बन गया है। हर अक्सर समय बचाने या सुविधा के चक्कर में तला-भुना, प्रोसेस्ड या बाहर का खाना ज्यादा खाते हैं। लेकिन क्या आप जानती हैं कि अनहेल्दी खाने का सीधा और बुरा असर पड़ता है। जिस कारण हमें कई तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। इनमें वजन बढ़ना, पेट से जुड़ी समस्याएं और पोषक तत्वों की कमी शामिल है। इसलिए हेल्दी और अच्छी डाइट लेना चाहिए। लौकी की सिर्फ सब्जी नहीं बल्कि स्वादिष्ट हलवे, पौष्टिक रायते और लाजवाब कोफ्ते के रूप में भी खाया जाता है। लेकिन लौकी का जूस बनाया जाता है। लौकी का जूस हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी फायदेमंद होता है। बता दें कि लौकी में 90% से ज्यादा पानी पाया जाता है। इसलिए लौकी को गर्मियों की हाइड्रेटिंग सब्जी मानी जाती है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है, जोकि शरीर को फ्री रेडिकल्स से होने वाले नुकसान से बचाते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि रोजाना 15 दिनों तक खाली पेट लौकी का जूस पीने से सेहत में किस तरह के बदलाव दिख सकते हैं। लौकी के जूस का फायदा डाइजेशन पर पड़ता है। इसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है और यह घुलनशील और अघुलनशील फाइबर से भरपूर होता है। फाइबर आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है। इससे आप ज्यादा खाने से बचते हैं। फाइबर की मौजूदगी की वजह से लौकी का जूस आसानी से पेट को साफ करता है। खाली पेट लौकी का जूस पीने से गैस, कब्ज और एसिडिटी जैसी डाइजेशन से संबंधी समस्याएं दूर होती हैं। यह जूस पेट की आंतरिक परत को शांत करके पेट में एक्स्ट्रा एसिड को बेअसर करता है। लौकी का जूस शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर निकालता है और डाइजेशन दुरुस्त होता है। यह जूस डाययूरेटिक के रूप में भी काम करता है, जोकि किडनी को साफ करने में सहायता करता है।

## धर्म मंत्र

# कार्तिक में तुलसी चालीसा का विशेष महत्व, श्रीहरि की कृपा से बदल जाएगी किस्मत



कार्तिक महीना हिंदी पंचांग का आठवां महीना होता है। इस महीने को भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित माना जाता है। कार्तिक महीने में भक्त पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा करते हैं और उनकी कृपा पाने की कामना करते हैं। यह महीना धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। क्योंकि यह महीना भगवान विष्णु के प्रति भक्ति और समर्पण का प्रतीक होता है। तुलसी के पौधे को भगवान विष्णु का अतिप्रिय माना जाता है। तुलसी के बिना भगवान विष्णु का भोग अधूरा माना जाता है। इसलिए कार्तिक महीने में तुलसी पूजा का विशेष महत्व होता है। ऐसे में अगर आप भी भगवान विष्णु की कृपा और आशीर्वाद पाना चाहते हैं, तो तुलसी पूजा के समय तुलसी चालीसा का पाठ जरूर करना चाहिए। इससे व्यक्ति को मां तुलसी और भगवान विष्णु की विशेष कृपा प्राप्त होती है। इससे जातक के जीवन में सकारात्मक बदलाव आते हैं।

## पर्यटन



# कश्मीर में गिरी पहली बर्फ जन्नत से खूबसूरत हुए नजारे

नवंबर का महीना शुरू होने वाला है और भारत का जन्नत कहा जाने वाले शहर कश्मीर में पहली बर्फबारी हुई है। मौसम की पहली बर्फबारी ने कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाके जोजिला पास की चोटी को रातों-रात बर्फ से ढक दिया है। उत्तरी कश्मीर का यह फ़ेमस पर्यटन स्थल एक शांत शीतकालीन वंडरलैंड में बदल गया है। कश्मीर के खूबसूरत नजारे इन दिनों पर्यटकों को स्वर्ग का एहसास दे रहे हैं। नवंबर से जनवरी तक का मौसम कश्मीर में किसी वंडरलैंड से कम नहीं होता है। अगर आपको भी बर्फबारी और बर्फ से ढके पहाड़ पसंद हैं, तो नवंबर का महीना यहां जाने के लिए बेस्ट है। आप गुलमर्ग जैसे स्थानों पर स्नो-बोर्डिंग, स्कीइंग और अन्य विंटर एक्टिविटी का लुत्फ उठा सकते हैं। आप हवाई जहाज और ट्रेन दोनों से कश्मीर की यात्रा कर सकते हैं। हवाई जहाज से दिल्ली या मुंबई जैसे शहरों से डायरेक्ट श्रीनगर तक सीधी उड़ान भर सकते हैं। वहीं कश्मीर पहुंचने के लिए श्रीनगर हवाई अड्डे पर उतरें। मुंबई से जम्मू तक उड़ान का समय करीब 2 घंटे से अधिक है। आप दिल्ली या मुंबई से ट्रेन से जम्मू तक यात्रा कर सकते हैं। फिर वहां से बस या टैक्सी द्वारा श्रीनगर तक सफर तय कर सकते हैं। बता दें कि आप अपनी चॉइस के मुताबिक कभी भी कश्मीर जा सकते हैं। यानी की आपको जिस तरह का मौसम पसंद है, उसी के हिसाब से आप कश्मीर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। अगर आपको कश्मीर में हरे-भरे पहाड़ और वादियां देखना चाहते हैं, तो मार्च से अक्तूबर का महीना यहां जाने के लिए बेस्ट है। वहीं अगर आप कश्मीर में बर्फबारी और स्कीइंग का लुत्फ उठाना चाहते हैं, तो आप नवंबर से फरवरी तक कभी भी यहां पहुंच सकते हैं। वहीं हरी-भरी वादियां देखने के लिए आप मार्च से अगस्त के बीच यहां आ सकते हैं।

## महिला अफसरों की मौजूदगी में घंटों चला बुलडोजर , पंद्रह दुकानें जमीदोज

# न्यायालत के आदेश पर गरजी तहसील प्रशासन की जेसीबी, जलहरी अतिक्रमण मुक्त

कैनविजव टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल की सख्त कार्रवाई से लोधेश्वर महादेवा जलहरी अतिक्रमणमुक्त हो गई । न्यायालय के आदेश पर शनिवार को तहसील प्रशासन ने लोधेश्वर महादेवा स्थित शिवार्चन जलहरी क्षेत्र को अवैध निर्माणों से मुक्त कराते हुए एक बड़ा अभियान चलाया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजिता अग्रवाल के नेतृत्व में भारी पुलिस बल एवं पीएसी की मौजूदगी में अतिक्रमणकारियों द्वारा बनाए गए व्यावसायिक व आवासीय भवनों को बुलडोजर से ध्वस्त कराया गया।

जानकारी के अनुसार, लोधेश्वर महादेवा के पवित्र जलहरी क्षेत्र में कुछ माह पूर्व रियाज सहित 13 लोगों ने अवैध रूप से भवनों और दुकानों का निर्माण कर लिया था। इस पर ग्राम प्रधान सहित स्थानीय नागरिकों ने आपत्ति दर्ज कराते हुए उपजिलाधिकारी न्यायालय, रामनगर में वाद दायर किया था। न्यायालय के निर्देश पर गठित जांच टीम ने स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच में अतिक्रमण की पुष्टि की। इसके बाद उपजिलाधिकारी न्यायालय ने नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने का आदेश पारित किया।

अतिक्रमणकारियों द्वारा आदेश के विरुद्ध दायर अपील को शुक्रवार को उच्च न्यायालय ने खारिज कर पूर्व आदेश को बरकरार रखा। न्यायालय के निर्णय के अनुपालन में शनिवार को प्रशासन ने सख्त



रुख अपनाते हुए कार्रवाई शुरू की। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल, उपजिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह, तहसीलदार विपुल कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी सुश्री गरिमा पंत, नायब तहसीलदार विजय प्रकाश तिवारी, थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव, निरीक्षक अमित सिंह सहित प्रशासनिक अमला एवं भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहे। पांच जेसीबी मशीनों की मदद से पूरे दिन और देर रात तक अवैध निर्माणों को गिराया गया।

अभियान के दौरान महादेव कॉरिडोर निर्माण क्षेत्र में अधिग्रहित दुकानों व मकानों को भी हटाया गया। प्रशासन की इस निर्णायक कार्रवाई से क्षेत्र में संदेश गया कि धार्मिक स्थलों पर अतिक्रमण किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने ज्वाइंट मजिस्ट्रेट व तहसील प्रशासन की तत्परता और कानून के प्रति दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्रवाई आस्था स्थल की पवित्रता को बनाए रखने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

विवरण के अनुसार ही कॉरिडोर के निर्माण में बाधक अवैध अतिक्रमण के संबंध में अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ला ने याची गणों की निगरानी खारिज कर दी है।जिससे अब महादेवा कॉरिडोर में कार्य बढ़ाने का रास्ता साफ हो गया है। उक्त पुनरीक्षण याचिका अजय कुमार तिवारी आदि व दीन मोहम्मद आदि की ओर से उप जिला मजिस्ट्रेट, रामनगर द्वारा 11 मार्च के आदेश के विरूद्ध दाखिल की गयी थी। पुनरीक्षण याचिका के अनुसार लोधेश्वर महादेवा सुश्रषा ट्रस्ट के न्यासी महन्त बी.पी दास के शिकायती प्रार्थनापत्र में जांचोपरांत थाना प्रभारी रामनगर व तहसीलदार रामनगर द्वारा दी गयी आख्या में



यह उल्लिखित किया गया कि ग्राम महादेवा मजरे लोधौरा थाना रामनगर स्थित भूमि गाटा संख्या 54 क्षेत्रफल 0.33 (2) आबादी के नाम खतौनी में दर्ज है। श्री लोधेश्वर महादेव मंदिर के पूजा अर्चना का जल एक बड़े नाला से होकर इसी भूमि पर एकत्रित होता है, इसके अतिरिक्त कुछ नालियों का पानी भी यहीं आता है। इस जलमार्ग को बाधित करते हुए विपक्षी गणों दीनमोहम्मद आदि सहित 13 व्यक्तियों द्वारा विवादित स्थल में दुकान व मकान बनाये गये हैं तथा रियाज पुत्र कल्लू तेली द्वारा काम्प्लेक्स का निर्माण करके जलमार्ग बाधित किया गया है तथा इसी भूमि के आंशिक भाग पर मृतक महन्त चन्द्र चुरेन्द्रपुरी की ओर से मिट्टी पाटकर खम्भों का निर्माण कराकर अतिक्रमण किया गया है जो वर्तमान में मठ के रिसीवर (प्रबन्धक) के कब्जे में है। इस कारण श्री लोधेश्वर महादेव मन्दिर के पूजा अर्चना का जल एवं अन्य जल के भण्डारण का संकट उत्पन्न हो रहा है, जो जनहित के विरूद्ध है। लोगों में रोष व्याप्त है तथा लोकशान्ति भंग होने की प्रबल सम्भावना है। लोकहित में उक्त जलमार्ग से अतिक्रमण हटाये जाने के संबंध में न्यायालय द्वारा सशर्त आदेश दिनांक 05.02.2023 को निर्गत करते हुए दीनमोहम्मद व अन्य को 15 दिवस के अन्दर लोकशांति बनाये रखने एवं जनहित तथा पर्यावरण के संरक्षण के दृष्टिगत जलमार्ग से अतिक्रमण हटाये जाने का निर्देश दिया गया।शिकायतकर्ता महन्त बी0पी0 दास द्वारा माननीय उच्च न्यायालय खंड पीठ लखनऊ में भी पीआईएल याचिका प्रस्तुत करके अवगत कराया गया कि विवादित स्थल पर रात्रि के अंधेरे में रियाज पुत्र कल्लू द्वारा टाइल्स व अन्य निर्माण कार्य कराया जा रहा है। न्यायालय को गुमराह कर निर्माण कराया गया इस बाबत न्यायालय की अवमानना का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन हैं। उक्त तथ्यों का संज्ञान लेते हुए 20 फरवरी 2023 को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, रामनगर, को विवादित स्थल पर निर्माण की समस्त गतिविधियों को अग्रिम आदेशों तक रोकने का आदेश जारी किया गया ।विचारण न्यायालय के समक्ष दिनांक 12 अक्टूबर 2023 को प्रतिवादी रियाज अहमद व रविप्रकाश व इसरार अहमद व शमशाद अहमद द्वारा 5 फरवरी 2023 के आदेश के विरूद्ध लिखित आपत्ति में बताया गया कि विवादित भूमि पुरानी आबादी हैं और विपक्षी जन द्वारा कोई जलमार्ग बाधित नहीं किया गया है और न ही कोई जलमार्ग आपत्तिकर्ता के निर्माण के मध्य स्थित है। प्रथम पक्ष बी.पी. दास द्वारा गलत व असत्य तथ्यों के आधार पर आपत्तिकर्ता को ब्लैकमेल करने के उद्देश्य से प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। उपरोक्त के विपरीत विपक्षी राज्य सरकार की ओर से यह तर्क किया गया कि कानून व्यवस्था संरक्षित करने का अधिकार कार्यपालक मजिस्ट्रेट को प्राप्त है। शिव मंदिर का पानी निकालने के लिये बनी हुयी ड्रेन राज्य सरकार में निहित है। कालान्तर में अगल बगल के लोगों ने उस पर अवैध अतिक्रमण कर लिया, जिसे मुक्त कराने हेतु आक्षेपित आदेश पारित किया गया है। यह भी तर्क किया गया कि पुनरीक्षण कर्तागण द्वारा जिससे बैनामा लेना बताया है उसके नाम से जमीन ही नहीं थी तथा वह स्वयं अतिक्रमणकारी था तथा विवादित भूमि किसी की कोई पैतृक सम्पति नहीं है। सिविल न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के आधार पर कानून व्यवस्था संरक्षित करने की कार्यवाही को रोका नहीं जा सकता। उक्त आधार पर आक्षेपित आदेश को पुष्ट किये जाने की याचना की गयी।

विचारण न्यायालय के समक्ष विवादित गाटा संख्या 54 क्षेत्रफल 0.33 (2) के स्वामी खेमराज थे, के संबंध में कोई प्रपत्र निगरानीकर्तागण द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया है। ''कोर्ट ने आदेश में कहा है कि निगरानीकर्तागण द्वारा विभिन्न वादों में विवादित भूमि को आबादी की भूमि बताते हुये उसके स्वामी के रूप में खेमराज को बताया गया है परन्तु निगरानीकर्तागण द्वारा विवादित गाटा के स्वामित्व के संबंध में कोई आधार प्रस्तुत नहीं किया जा सका है। दाखिल प्रपत्रों के आधार पर यह दर्शित हो रहा है कि वर्ष 1998 व 2002 से ही विवादित सम्पति को राज्य सरकार द्वारा अधिग्रहीत किया जा चुका था और राज्य सरकार द्वारा जब जब अधिग्रहण किये जाने की कार्यवाही की गयी कोई न कोई नया तथ्य प्रस्तुत कर अलग अलग वाद दाखिल कर आदेश प्राप्त किया जा रहा था। ऐसी स्थिति में निगरानीकर्ता गण का जो आधार है कि आक्षेपित आदेश अपास्त कर दिया जाये वह बलहीन प्रतीत होता है। निगरानी पोषणीय व बलहीन है और निरस्त होने योग्य है तथा आक्षेपित आदेश पुष्ट किये जाने योग्य है।''कोर्ट ने विचारण न्यायालय के आदेश की पुष्टि करते हुए पुनरीक्षण याचिका निरस्त कर दिया है।

# दंड से न्याय की ओर' प्रतियोगिता का आयोजन, प्रतिभागी पुष्कृत

कैनविजव टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा में प्रधानाचार्य भानु प्रताप सिंह और शिक्षकों रेखा वर्मा,कुमार नंदन प्रधान व अन्य की उपस्थित में थाना कुर्सी प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह व उनकी टीम द्वारा ' दंड से न्याय की ओर' विषय पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों और आम नागरिकों को साइबर अपराध, नवयुवकों में बढ़ते अपराधों तथा नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देकर उन्हें कानूनी रूप से जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान



प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया पर होने वाले अपराधों और उनसे बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इंटरनेट का सही उपयोग करना चाहिए और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए।

उन्होंने यह भी बताया कि नए आपराधिक कानून नागरिकों को त्वरित न्याय दिलाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। विद्यार्थियों से अपील की गई कि वे कानूनों की जानकारी रखें और समाज में जिम्मेदार नागरिक बनकर योगदान दें। कार्यक्रम के दौरान निबंध, चित्रकला और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई।

निबंध प्रतियोगिता में रूबी पुत्री कमलेश(प्रथम), मुस्कान पुत्री अवधराम (द्वितीय) , नीतू पुत्री शिवपाल (तृतीय)। चित्रकला प्रतियोगिता में कसक गौतम पुत्री आकाश कुमार (प्रथम), काजल पुत्री राम सजीवन ( द्वितीय), अंजलि पुत्री रामानंद (तृतीय), क्विज़ प्रतियोगिता में दीपक कुमार पुत्र बिष्णु कुमार (प्रथम), अरुण पुत्र श्री निवास (द्वितीय), रीतिक कुमार पुत्र राधे लाल लाल (तृतीय)।

इस दौरान एसआई के.पी. मिश्रा, कांस्टेबल मनोज कुमार, धनंजय यादव, राहुल यादव, विवेक पटेल, तथा महिला कांस्टेबल संगीता पाल और रूपा रानी मौर्या मौजूद रहीं।

विद्यालय प्रशासन ने थाना कुर्सी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होंगे।

कार्यक्रम में कॉलेज के अध्यापक गण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में एसडीएम ने सुना जन समस्याएं

रामनगर /सिरौली गौसपुर/ रामसनेहीघाट बाराबंकी कैनविजव टाइम्स संवाददाता। तहसील सभागार में उपजिलाधिकारी गुंजिता अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।इस दौरान सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।जन सुनवाई में विभिन्न विभागों की कुल 91 शिकायतें प्राप्त हुईं।जिनमें राजस्व विभाग से 55 पुलिस 16 विकास 9 विद्युत 2 समाज कल्याण 3 लोक निर्माण 1चकबंदी 1 शिक्षा 2 व वन विभाग के 2 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।इनमें से 6 मामलों का निस्तारण मौके पर कराया गया।शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए गए।''सिरौलीगौसपुर'' एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता व तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा के संयोजन में हुए तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस कार्यक्रम में कुल 19 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से आठ का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।प्राप्त शिकायतों में से 11 राजस्व विभाग से, 1 पुलिस विभाग से, 3 पूर्ति विभाग से और 4 विद्युत विभाग से संबंधित थीं। कुल 11 शिकायतें निस्तारण के लिए लंबित रहीं। एडीएम प्रीति सिंह ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने निस्तारण आख्या के साथ फोटोग्राफ संलग्न करने पर भी जोर दिया।इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी संजीव गुप्ता, सीडीपीओ अर्चना वर्मा, लोक निर्माण विभाग अवर अभियंता सिल्की अग्रवाल, डॉ. देव प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत दरियाबाद शंभू नाथ पाठक सहित तहसील एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## खेल महोत्सव का नेडा सचिव ने किया शुभारंभ

बाराबंकी कैनविजव टाइम्स संवाददाता। कस्बे के एसबीपीएम स्कूल में वार्षिक खेल मंच महोत्सव का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के स्पेशल सेक्रेटरी एवं डायरेक्टर यूपी नेडा इंद्रजीत सिंह आईएएस ने दीप प्रज्वलित कर किया।विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधक संतोष कुमार तिवारी मैनेजर बीना तिवारी व प्रधानाचार्या अलका शुक्ला ने प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया।कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकाओं अभिभावकों व विद्यार्थियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

## अन्तर्राष्ट्रीय यूनिटी अवार्ड 2025 से सम्मानित हुए डॉ.चन्द्रपाल राजभर

सुल्तानपुर कैनविजव टाइम्स संवाददाता। जनपद का गौरव का बढ़ा रहे चित्रकार, लेखक, शिक्षक डॉ. चन्द्रपाल राजभर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर ल्लअंतर्राष्ट्रीय यूनिटी अवार्ड 2025ङ्क से सम्मानित किया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें अंतर्राष्ट्रीय एकता, शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने तथा सामाजिक एकजुटता की भावना को सशक्त करने में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। यह सम्मान शांति फाउंडेशन गोंडा द्वारा आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। डॉ. राजभर को यह सम्मान कला, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए मिला है। उन्होंने चित्रकला, लेखन, संगीत और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से सदैव मानवता, एकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया है। डॉ. चन्द्रपाल राजभर वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय रानीपुर कायस्थ, कादीपुर में सहायक अध्यापक के रूप में सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। वे अपने शैक्षिक दायित्वों के साथ-साथ कला और संस्कृति के माध्यम से समाज में चेतना जागृति बढ़ाने हेतु कार्य भी करते रहते हैं। उनके इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पाने से जनपद वासियों में खुशी की लहर है।

## समय से पहले गायब हो जाते हैं डाक्टर व स्वास्थ्य कर्मी

पूरनपुर कैनविजव टाइम्स संवाददाता। नगर में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही सामने आई है अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मी और डॉक्टर अपने निर्धारित समय से पहले ही गायब मिले, जिससे इलाज के लिए पहुंचे मरीजों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा दोपहर करीब साढ़े तीन बजे मीडिया टीम ने अस्पताल का दौरा किया इस दौरान टीम ने पाया कि अधिकांश डॉक्टरों ने अपना स्थान छोड़ चुके थे कुछ कमरे बन्द भी पाये गये अस्पताल का निर्धारित समय 1 अक्टूबर से सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक तय है, लेकिन डॉक्टर तय समय से पहले ही अस्पताल छोड़कर चले गए थे अस्पताल परिसर में मौजूद मरीजों,राजेंद्र और अनुराग ने बताया कि उन्होंने लगभग 3:20 बजे पर्चा बनवाया था, लेकिन उस समय कोई भी डॉक्टर मौके पर मौजूद नहीं था मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ा, जिससे उनमें काफी नाराजगी थी।

## शौर्य गाथा में भारत माता की जय के उदघोष से गूंज उठा पण्डाल

अमेठी कैनविजव टाइम्स संवाददाता। गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह के आवास मंगलम भवन पर आयोजित श्रीरामकथा के दशम दिवस पर आचार्य श्री शांतनु जी महाराज के श्रीमुख से भारत माता के वीर बलिदानियों की अदभुत शौर्य गाथा का भावपूर्ण वर्णन हुआ। कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने अपने अमृतमय वचनों में कहा कि भारत भूमि ऐसे अनेकों वीर पुत्रों से पावन है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर धर्म, संस्कृति और राष्ट्र की रक्षा की।अनेक ऐसे वीर हैं जिनकी गाथाएँ इतिहास के पन्नों में नहीं मिलतीं, पर उनका बलिदान ही हमारी आज़ादी की नींव है। इस अवसर पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह,काशी प्रसाद तिवारी,एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर के अध्यक्ष प्रवीण कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत अमेठी के अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, मनीष सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ राम जी, धीरु सिंह, हिमांशु सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम के उपरांत श्रद्धा एवं भक्ति से ओतप्रोत वातावरण में बटुक भोजन एवं ब्रह्म भोज का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें भक्तों ने बड़े भाव से सहभागिता की।यह दिवस राष्ट्रभक्ति, भक्ति और सेवा का एक अदभुत संगम बनकर सदैव स्मरणीय रहेगा।

# श्री कोटवाधाम पंचकोशी परिक्रमा में उमड़ा जन सैलाब

कैनविजव टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर कोटवाधाम में पंचकोसी परिक्रमा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा बड़े बाबा जगजीवन दास साहब के मंदिर से शुरू होकर कई गांवों से होते हुए उन्हीं के दरबार में संपन्न हुई। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए।शनिवार को श्रीकोटवाधाम जगजीवन दास साहेब के पश्चिमी फाटक से प्रारंभ हुई यह परिक्रमा पीताम्बर दास कुटी से होते हुए मदारपुर स्थित मोतीदास के मंदिर पहुंची। यहां परिक्रमार्थियों ने जलपान और प्रसाद ग्रहण किया।इसके बाद यात्रा कटेहरा देवी मंदिर से समर्थ



साहेब जगजीवन दास के जन्मस्थल सरदहा गांव पहुंची। वहां से साहेब शोभादास के समाधि स्थल और तराई क्षेत्र में साहेब जगजीवन दास के साधना स्थल पुरवा होते हुए श्रीकोटवाधाम बड़े बाबा के मंदिर पर पहुंची। मंदिर में दर्शन के बाद परिक्रमा का समापन हुआ।इस परिक्रमा में महंत कमलेश दास, महंत शेषनारायण तिवारी, हर्षित तिवारी, अखिलेश दास, नागेंद्र वर्मा, रवि वर्मा,पूर्णमासी वर्मा, सत्यनाम दास सहित हजारों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में तहसील हैदरगढ़ में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

कैनविजव टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी । चार पात्र परिवारों को लंबित अन्त्योदय कार्ड की सौगात उस समय मिली जब जिलाधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी की तत्परता एवं संवेदनशीलता से उनकी पत्रावलियाँ कुछ ही मिनटों में स्वीकृत कराई गईं और कार्ड की प्रतियाँ स्वयं जिलाधिकारी द्वारा संबंधित परिवारों को प्रदान की गईं। यह कार्यवाही जिलाधिकारी द्वारा तहसील हैदरगढ़ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए की गई, जिससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली और प्रशासन की जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का सशक्त संदेश गया।तहसील दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने जनता की शिकायतों को गंभीरता से सुना और कई प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे प्रकरण जिनमें आवेदक को त्वरित लाभ दिलाया जा सकता है, उन्हें प्राथमिकता पर निस्तारित करें। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रत्येक

**जिलाधिकारी की पहल पर चार पात्र परिवारों को मिली मिनटों में अन्त्योदय कार्ड की सौगात**

**बिना सूचना के अनुपस्थित अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण पर हुई कार्यवाही**

**हर पात्र व्यक्ति को मिले कल्याणकारी योजनाओं का लाभ : डीएम**

शिकायत के निस्तारण के बाद शिकायतकर्ताओं से फोन पर फीडबैक लेकर यह सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें समाधान से संतुष्टि प्राप्त हुई है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक श्री अर्पित विजयवर्गीय, जॉइंट मजिस्ट्रेट श्री तेजस के0, उप जिलाधिकारी श्री राजेश विश्वकर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री अवधेश यादव सहित जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने भूमि विवाद, राशन कार्ड, आवास, पेंशन, चकमार्ग, सरकारी रास्ते एवं



नालियों जैसी जनसामान्य की समस्याओं को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने खतौनी में नाम अथवा विवरण की त्रुटियों को शीघ्र सुधारने पर बल देते हुए संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

ग्राम पंचायत दीनपनाह विकासखंड सिद्धौर से चार आवेदकों यथा मंगली पत्नी दिनेश कुमार,संजू पत्नी परमहंस,तारावती पत्नी रामनिवास,अनीता पत्नी रामनेवल द्वारा अंत्योदय योजना में प्रस्ताव होने के उपरांत कार्ड जारी किए जाने हेतु लंबित पत्रावली के सम्बंध में आवेदन प्रस्तुत किया गया।जिस पर जिलाधिकारी द्वारा डीएसओ के माध्यम से पत्रावलियाँ कुछ ही मिनटों में स्वीकृत कराई गई और कार्ड की प्रतियाँ संबंधित परिवारों को प्रदान की।

श्री देव पूजन शर्मा निवासी होलपुर चौबीसी द्वारा अवगत कराया गया कि पूर्व में प्रार्थी द्वारा किये गए पेंशन हेतु त्रुटिपूर्ण आवेदन को निरस्त कर दिया जाय जिससे वह पुनः आवेदन कर सके जिनका पोर्टल पर तत्काल पूर्व का आवेदन निरस्त करवाया गया।

श्रीमती शांती देवी निवासी पलिया ग्राम की खतौनी में नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज होने सम्बन्धी प्रार्थना पत्र दिया गया। जिलाधिकारी ने मौके पर ही लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को बुलाकर आवेदक की खतौनी दुरुस्त करवाई।

इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि सरकारी रास्तों/ चकमार्गो सहित सरकारी भूमियों को अतिक्रमण मुक्त रखना प्रशासन की अहम जिम्मेदारी है इसलिए सम्बन्धित अधिकारी इन्हें अतिक्रमण मुक्त रखें उक्त प्रकरणों सहित अन्य प्रकरणों को गंभीरतापूर्वक सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह में समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्रों तक पहुँचे साथ ही योजनाओं से सम्बंधित प्रार्थना पत्रों का निस्तारण शीघ्रातिशीघ्र किया जाय।

जनपद में समस्त तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्तर्गत विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 506 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 69 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

तहसील हैदरगढ़ में संपूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न मामलों के 157 प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से आज 21 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया शेष प्रार्थना पत्रों के समय से व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। इसी क्रम में तहसील फतेहपुर में अपर जिलाधिकारी(वि/रा) श्री निरंकार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 48 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 07 प्रकरणों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार तहसील राम सनेहीघाट में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें राजस्व विभाग एवं तहसील स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 63 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 05 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

तहसील रामनगर में जॉइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न संदर्भो से संबंधित कुल 91 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 06 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया।

इसी क्रम में तहसील नवाबगंज मे मुख्य विकास अधिकारी श्री अन्ना सुदन की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 128 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 22 शिकायतों का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

इसी प्रकार तहसील सिरौलीगौसपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 08 शिकायत का तत्काल मौके पर निस्तारण कराया गया।

# भारत की नजरें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वापसी करने पर

**एजेंसी**

होबार्ट। होबार्ट की दक्षिणी हवाएं कल निर्णायक मुकाबले की आहट दे रही हैं। सीरीज अपने अंतिम पड़ाव पर है - ऑस्ट्रेलिया 1-0 की मामूली बढ़त बनाए हुए है, भारत बेचैन, घायल है, और जानता है कि इसके आगे कोई कल नहीं है। तस्मान की रोशनी में एक आखिरी नृत्य, सम्मान और संतुलन बहाल करने का एक आखिरी मौका। बेलेरिव ओवल, अपने मनमोहक आसमान और शाम की तेज हवा के साथ, दो टीमों के बीच न केवल क्रिकेट का मुकाबला देखने को मिलेगा, बल्कि उनके हौसले, जज्बे और शुरुआत से भी ज़्यादा मज़बूती से मैच खत्म करने की इच्छाशक्ति की भी परीक्षा होगी। ऑस्ट्रेलिया इस तीसरे टी20 मैच में लय और अपने खेल पर नियंत्रण के साथ उतरेगा। पिछले मैच में मिशेल मार्श ने आक्रामकता और संयम का भरपूर इस्तेमाल करते हुए पूरे अधिकार के साथ नेतृत्व किया था। ट्रैविस



हेड के साथ, वह एक ऐसी सलामी जोड़ी बनाते हैं जो गति और दबाव का भरपूर लाभ उठाती है। उनके पीछे, जोश इंगलिस, टिम डेविड और मैथ्यू शॉर्ट मध्य क्रम की धड़कन हैं - ये खिलाड़ी सत्रों में नहीं, बल्कि ओवरों में स्टेडियम में आग लगा सकते हैं। जोश हेजलवुड की कमी खलेगी; उनकी जगह सीन एबॉट गेंद संभालेंगे, और उन्हें ज़ेवियर बार्टलेट के साथ शुरुआत में ही लय हासिल करनी होगी। नाथन एलिस मध्यक्रम में नियंत्रण बनाए रखेंगे, और एडम जम्पा की चतुराई एक बार फिर वह खतरा साबित होगी जिससे भारत को निपटना होगा। मार्कस स्टोइनिस इन कमियों को पूरा करने के लिए अपनी पूरी ताकत लगा देंगे, जिससे टीम में गहराई और विकल्प दोनों मिलेंगे। यह एक आत्मविश्वास से भरी ऑस्ट्रेलियाई टीम है, जो अच्छी तरह से प्रशिक्षित है और जानती है कि क्या कारगर है। भारत के लिए, यह जवाबी कार्रवाई की रात है - नेतृत्व और दृढ़ विश्वास की रात। सूर्यकुमार यादव की टीम ने पिछले एक साल में शानदार टी20 रिकॉर्ड बनाया है, लेकिन मेलबर्न ने याद दिलाया कि क्रिकेट की धड़कनें नाज़ुक होती हैं। अभिषेक शर्मा वहाँ अकेले योद्धा थे, उनकी 68 रन की पारी ढलती शाम में एक उज्ज्वल, बहादुर रोशनी की तरह थी। वह फिर से शुभमन गिल के साथ ऊपरी क्रम में लय बनाने की कोशिश करेंगे, जिनकी टाइमिंग और टच इस तेज पिच पर अहम होंगे। सूर्यकुमार को खुद उस स्पष्टता को हासिल करना होगा जिसने उन्हें इतना आधुनिक चमत्कार बनाया है - सहज, साहसी, और जब वह लय में हों तो अजेय। संजू सैमसन, तिलक वर्मा और हर्षित राणा मध्यक्रम में ज़िम्मेदारी संभालेंगे, जबकि अक्षर पटेल और शिवम दुबे वह फिनिशिंग गहराई प्रदान करेंगे जिस पर भारत भरोसा करता है। पिछले मैच में असामान्य रूप से शांत रहे जसप्रीत बुमराह, आग उगलते हुए वापसी करेंगे। मार्श के साथ उनका मुकाबला रात का रुख बदल सकता है। उनके साथ, हर्षित राणा ऊर्जा लेकर आएंगे, जबकि कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती बीच के ओवरों में लय की तलाश करेंगे।

# श्रेयस अय्यर अस्पताल से डिस्चार्ज रिकवरी के लिए सिडनी में ही रहेंगे

**एजेंसी**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मध्यक्रम बल्लेबाज़ श्रेयस अय्यर को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) ने शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में बताया कि अय्यर अब सिडनी में मेडिकल सुपरविजन के तहत रिकवरी जारी रखेंगे और पूरी तरह फिट होने के बाद ही भारत लौटेंगे। श्रेयस अय्यर को 25 अक्टूबर 2025 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान फील्डिंग करते समय पेट में गंभीर चोट लगी थी। जांच में पाया गया कि उनके प्लीहा में कट लगने के कारण आंतरिक रक्तस्राव हुआ था। डॉक्टरों ने तुरंत इलाज करते हुए ब्लीडिंग को नियंत्रित किया और एक मामूली प्रक्रिया के बाद उनकी हालत स्थिर हो गई। बीसीसीआई के चिकित्सा प्रमुख डॉ. अभिजीत सैकिया ने बयान में कहा, ल्लश्रेयस अय्यर अब स्थिर हैं और अच्छी तरह से ठीक हो रहे हैं। सिडनी और



भारत के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम उनकी रिकवरी से संतुष्ट है। बोर्ड ने सिडनी के डॉ. कौरूश हघीगी और उनकी टीम, साथ ही मुंबई के डॉ. दिनशॉ पारदीवाला को धन्यवाद दिया, जिन्होंने अय्यर को बेहतरीन इलाज उपलब्ध कराया। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अय्यर ने दो वनडे में 72 रन बनाए थे, जिसमें एडिलेड वनडे में 61 रनों की जुझारू पारी शामिल थी। इस पारी में उन्होंने कप्तान रोहित शर्मा के साथ शतकीय साझेदारी भी की थी। इस साल अय्यर ने 11 मैचों में 496 रन बनाए हैं, औसत 49.60 और स्ट्राइक रेट 89.53 रहा है। उन्होंने पांच अर्धशतक लगाए हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 79 रन है। इसके अलावा उन्होंने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 243 रन बनाए थे और भारत के शीर्ष रन-स्कोरर रहे थे। अब उनकी चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज (30 नवंबर से शुरू) में खेलने पर संदेह जताया जा रहा है। फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि टीम इंडिया के इस भरोसेमंद बल्लेबाज़ की जल्द मैदान पर वापसी हो।

# टूर्नामेंट ट्रॉफी का नाम विश्वनाथन आनंद कप रखा गया

**एजेंसी**

पणजी। भारत और गोवा की समृद्ध संस्कृति का एक जीवंत उत्सव - शतरंज की आत्मा और कहानी को दर्शाने वाले एक चमकदार प्रकाश और संगीत कार्यक्रम द्वारा - शुक्रवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्टेडियम में फिडे विश्व कप 2025 के भव्य उद्घाटन के लिए मंच तैयार किया गया। इस समारोह में विश्व कप ट्रॉफी का नाम बदलकर विश्वनाथन आनंद कप भी रखा गया - पीतल से बनी और सोने की परत चढ़ी एक उत्कृष्ट कृति जो आजीवन टिकेगी। यह ट्रॉफी जुनून, सटीकता और दृढ़ता का प्रमाण है, जो भारत के पहले विश्व शतरंज चैंपियन और उनकी स्थायी विरासत के पर्याय हैं। यह एक चलती हुई ट्रॉफी की तरह काम करेगी, जो फिडे विश्व कप के भावी चैंपियनों को सौंपी जाएगी। शनिवार,एक नवंबर से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में 82 देशों के 206 खिलाड़ी इस प्रतिष्ठित खिताब और 2026 के तीन दावेदारों के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। फिडे विश्व कप 2025 की आधिकारिक शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एआईसीएफ अध्यक्ष नितिन नारंग को लिखे गए एक पत्र के माध्यम से की, जिसमें प्रधानमंत्री ने अपनी शुभकामनाएं दीं और कहा, ''... शतरंज विश्व कप 'शतरंज के घर' में लौट रहा है, ऐसा लग रहा है जैसे खेल का चक्र पूरा हो गया हो। प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों के मेजबान के रूप में भारत की बढ़ती भूमिका जारी है और यह भारत और दुनिया दोनों के लिए शुभ संकेत है... मैं फिडे शतरंज विश्व कप 2025 के उद्घाटन की घोषणा करता हूँ!'' इस समारोह में केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, गोवा के मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत भी उपस्थित थे। गोवा के कला एवं संस्कृति, आदिवासी कल्याण और खेल एवं युवा मामलों के मंत्री डॉ. रमेश तावड़कर, फिडे अध्यक्ष अर्कडी ड्वोर्कोविच, एआईसीएफ अध्यक्ष नितिन नारंग और टूर्नामेंट में भाग लेने वाले कई अन्य गणमान्य व्यक्ति और शीर्ष ग्रैंडमास्टर्स उपस्थित थे। जब गणमान्य व्यक्तियों ने विश्व कप ट्रॉफी का अनावरण किया, तो मौजूदा महिला शतरंज विश्व कप विजेता ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने रंगों के ड्रा समारोह में खिलाड़ियों के लिए पहले राउंड में शुरू होने वाले रंगों का चयन किया। चूँकि उन्होंने नंबर एक खिलाड़ी डी गुकेश के लिए काला मोहरा चुना था, इसलिए सभी विषम संख्या वाले खिलाड़ी कल अपने मैचों में काले मोहरों से शुरुआत करेंगे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, डॉ. मांडविया ने भारत में इस आयोजन की मेजबानी के लिए एआईसीएफ और गोवा सरकार की प्रशंसा की और कहा, ''पिछली बार जब भारत ने फिडे विश्व कप की मेजबानी की थी, तब हमारे पास 10 से भी कम ग्रैंडमास्टर थे। अब हमारे पास 90 ग्रैंडमास्टर हैं और भारत ओपन और महिला वर्ग, दोनों में ओलंपियाड खिताब जीत चुका है, और महिला विश्व कप का खिताब दिव्या देशमुख ने जीता है। भारत ने इन 23 वर्षों में एक लंबा सफर तय किया है और मुझे विश्वास है कि इस विश्व कप की मेजबानी हमें भविष्य में और अधिक चैंपियन बनाने में मदद करेगी।

# भारत और दक्षिण अफ्रीका की नजरें इतिहास बनाने पर

**एजेंसी**

नवी मुंबई। खेल में कुछ ऐसे पल आते हैं जो प्रतियोगिता से कहीं आगे निकल जाते हैं-ऐसे पल जब गर्व, विरासत और विश्वास मिलकर जीत से भी बड़ी चीज बन जाते हैं। रविवार को डॉ. डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में, ऐसे ही एक पल पर फ्लडलाइट्स की रोशनी पड़ेगी।

भारत महिला और दक्षिण अफ्रीकी महिला, दो टीमें जिन्होंने इस विश्व कप में निरंतरता और साहस की कठिन राह पर चलकर इतिहास रचा है, अब अंतिम पुरस्कार के लिए भिड़ेंगी-आईसीसी महिला विश्व कप 2025 का ख़िताब। यह सिर्फ़ एक और फ़ाइनल नहीं है। यह लचीलेपन, कलात्मकता और उस शांत संकल्प का चरमोत्कर्ष है जिसने पिछले एक दशक में महिला क्रिकेट को परिभाषित किया है।

सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया के ख़िलाफ रोमांचक जीत के बाद भारत ने एक बार फिर देश के सपने को जगा दिया है। जब उन्होंने



नौ गेंद शेष रहते 339 रनों का लक्ष्य हासिल किया, तो यह सिर्फ़ एक जीत नहीं थी-यह एक बयान था। जेमिमा रोड्रिग्स, शांत और प्रभावशाली, ने नाबाद 127 रनों की पारी खेली, जिसकी गूंज भारतीय क्रिकेट के इतिहास में हमेशा रहेगी। दूसरी ओर, कप्तान हरमनप्रीत कौर, जो समान रूप से आक्रामक और शालीन थीं, 88 गेंदों पर 89 रनों की पारी खेलीं, एक ऐसे नेता का आत्मविश्वास जो जानता है कि नियति बुला रही है। दबाव में बनी 221 रनों की वह साझेदारी सिर्फ़ स्कोरकार्ड पर दर्ज रन नहीं थे। यह धैर्य, स्पष्टता और साहस का प्रतीक था। तब से भारत का ड्रेसिंग रूम गुलज़ार है। और इस गुलज़ार में यह विश्वास छिपा है कि रविवार वह दिन हो सकता है जब वे आखिरकार अपनी धरती पर कप उठाएं। स्मृति मंधाना, बाएं हाथ की खूबसूरत बल्लेबाज, जिनका बल्ला दर्शकों की ताल पर थिरकता हुआ प्रतीत होता है, इस टूर्नामेंट का सबसे बड़ा आकर्षण रही हैं - 100 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 389 रन, और उससे भी ज़्यादा जरूरी, जरूरत पड़ने पर रन। अगर वह डीवाई पाटिल पर फिर से हमला बोलती हैं, तो शायद मैच भारत के पक्ष में झुक जाए। शेफाली वर्मा, जो बोल्ड और बेबाक हैं, शुरुआत में ही लय हासिल करने की कोशिश करेंगी, जबकि ऋचा घोष की आखिरी क्षणों की शानदार गेंदबाजी इस लाइन-अप को एक ऐसा खतरा देती है जिससे हर प्रतिद्वंद्वी डरता है। फिर आती हैं खामोश किलर- दीप्ति शर्मा। उनकी ऑफ-स्पिन नियंत्रण में कविता की तरह है, उनकी विविधताएँ तनावपूर्ण ओवर में ढोल की थाप से भी ज़्यादा सटीक हैं। उनके साथ, श्री चरणी और क्रांति गौड़ गुमनाम नायक रहे हैं, जो अटूट अनुशासन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। लेकिन, जैसा कि किसी भी शानदार समापन की मांग होती है, एक योग्य चुनौती भी मौजूद है। दक्षिण अफ्रीका का सफर भी उतना ही काव्यात्मक रहा है - एक टीम जो कभी करीबी मुकाबलों से जूझती थी, अब विश्वास की लय पर चल रही है। कप्तान लॉरा वोल्वार्ट ने सपने जैसी बल्लेबाजी की है - 470 रन, हर शॉट शान और उद्देश्य के साथ बनाया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### अशरफ, मिर्ज़ा और अयूब ने पाकिस्तान को बराबरी दिलाई

**लाहौर।** रावलपिंडी में श्रृंखला के पहले मैच में हारने के बाद पाकिस्तान ने शानदार वापसी की। फहीम अशरफ (4-23), सलमान मिर्ज़ा (3-14) और सैम अयूब (35 गेंदों पर नाबाद 71) की तिकड़ी ने लाहौर में नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज की। दक्षिण अफ्रीका की टीम 110 रनों पर ऑलआउट हो गई, जिसे पाकिस्तान ने 14वें ओवर में हासिल कर लिया। मिर्ज़ा ने पावरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के चार में से तीन विकेट चटकाकर बड़ी जीत की नींव रखी। उन्होंने पारी की दूसरी गेंद पर रीज़ा हेंड्रिक्स को आउट किया और तीसरे ओवर में टोनी डी ज़ोरज़ी को लेग कटर से चकमा दिया, जिन्होंने शॉर्ट फाइन लेग पर अबरार अहमद को पुल शॉट पर टॉप-एज से कैच दे दिया। पाँचवें ओवर में, मैथ्यू ब्रीट्ज़के एक धीमी गेंद पर बोल्ड हो गए। मिर्ज़ा के पहले दो आउट होने के बीच, नसीम शाह को भी गति परिवर्तन का फ़ायदा मिला और उन्होंने क्विंटन डी कॉक को मिड-ऑफ पर शॉट खेलने से रोक दिया। डेवाल्ड ब्रेविस ने पारी के चार में से तीन छक्के लगाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन उनका यह कमाल ज़्यादा देर तक नहीं चला। वह अशरफ़ के चार शिकारों में से पहले शिकार बने, एक धीमी गेंद पर, जिसे उन्होंने शॉर्ट में डग इन किया और कवर की ओर मारा। इसके बाद अशरफ़ ने अपने अगले दो ओवरों में डोनोवन फरेरा और जॉर्ज लिंडे को आउट करके दक्षिण अफ्रीका का स्कोर 73/7 कर दिया। कॉर्बिन बॉश और ओटनील बार्टमैन ने दक्षिण अफ्रीका को 100 रनों के पार पहुंचाने के लिए दोहरे अंकों में स्कोर बनाया, लेकिन वे ज़्यादा आगे नहीं बढ़ सके। नसीम, अबरार अहमद और फहीम ने अंतिम ओवर में इन दोनों पर भारी पड़ते हुए मेहमान टीम को ढेर कर दिया। पावरप्ले में साहिबज़ादा फरहान और अयूब ने छोटे से लक्ष्य का पीछा करते हुए तेजी और तेजी दिखाई। वे टीम को उस चरण के अंत तक ले गए जब स्कोर 49/0 था, इससे पहले कि अयूब ने आगे की पारी खेली। सातवें ओवर में बॉश ने फरहान को आउट किया, लेकिन दक्षिण अफ्रीका को यही एकमात्र सफलता मिली। बाबर आजम ने पिछले मैच में शून्य पर आउट होने को पीछे छोड़ते हुए अयूब के साथ मैच जिताऊ साझेदारी की। इस दौरान, वह रोहित शर्मा को पीछे छोड़ते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए। अयूब ने नौवें ओवर में बार्टमैन के खिलाफ़ बेरहमी से अपनी लय बदली और 21 रनों के ओवर में दो चौके और दो छक्के जड़े।

### यशस्वी जायसवाल की शानदार वापसी, राजस्थान के खिलाफ ठोंके 67 रन

जयपुर। मुंबई के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर में राजस्थान के खिलाफ शानदार वापसी करते हुए 67 रनों की बेहतरीन पारी खेली। सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में जायसवाल ने 97 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके और एक छक्का जड़ा। उन्हें अनिकेत चौधरी ने विकेटकीपर के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। जायसवाल ने अपने साथी ओपनर मुशीर खान के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 100 रनों की अहम साझेदारी की, जिससे मुंबई ने मजबूत शुरुआत हासिल की। जायसवाल की पारी में वही पुराना आत्मविश्वास और लय देखने को मिली, जो उन्हें घरेलू क्रिकेट में विशेष बनाती है। इस साल की शुरुआत में जायसवाल ने घरेलू क्रिकेट में गोवा के लिए खेलने की घोषणा की थी, लेकिन बाद में उन्होंने अपना फैसला बदलते हुए मुंबई के साथ बने रहने का निर्णय लिया। समाचार लिखे जाने तक मुंबई ने अपनी पहली पारी में 34 ओवर में 1 विकेट पर 107 रन बना लिए थे। क्रीज पर मुशीर खान 32 रन और कप्तान अजिंक्य रहाणे 3 रन बनाकर खेल रहे थे। मुंबई की नजर अब पहली पारी में बड़ा स्कोर खड़ा करने पर होगी, ताकि टीम को शुरुआती बढ़त मिल सके।

### टीवीएस मोटर की कुल बिक्री अक्टूबर में 11 प्रतिशत बढ़कर 5,43,557 इकाई रही

**नयी दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने शनिवार को बताया कि अक्टूबर 2025 में उसकी बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 5,43,557 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 4,89,015 इकाई थी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि पिछले महीने कुल दोपहिया वाहनों की बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 5,25,150 इकाई हो गई, जबकि अक्टूबर 2024 में यह 478,159 इकाई थी। कंपनी ने आगे कहा कि घरेलू दोपहिया वाहनों की बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 4,21,631 इकाई हो गई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यह 3,90,489 इकाई थी। अक्टूबर 2025 में मोटरसाइकिलों की बिक्री पिछले साल इसी महीने में 2,30,822 इकाइयों से 16 प्रतिशत बढ़कर 2,66,715 इकाई हो गई।

# सर्राफा बाजार में चमका सोना चांदी की कीमतों में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में आज एक बार फिर तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज के कारोबार में सोना 1,670 रुपये से लेकर 1,820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। सोने की कीमत में आई इस तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,23,290 रुपये से लेकर 1,23,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,13,010 रुपये से लेकर 1,13,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 1,50,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट



सोना 1,23,440 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,23,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,23,340 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,13,060 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,23,290 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,13,010 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,23,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,010 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,23,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,13,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,23,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,13,060 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,23,440 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,13,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना महंगा हुआ है।

# दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य ने प्लेऑफ में जीता पूना क्लब ओपन

**एजेंसी**

पुणे। तीसरे राउंड के बाद दो शॉट से पिछड़ रहे दिल्ली के शौर्य भट्टाचार्य ने आखिरी राउंड के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बचाकर रखा और टूर्नामेंट से पहले के प्रबल दावेदार युवराज संधू को हराकर पूना क्लब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1 करोड़ रुपये के टूर्नामेंट पूना क्लब ओपन 2025 के प्लेऑफ में जीत हासिल की। शौर्य भट्टाचार्य (69-63-67-64) ने आखिरी राउंड में सात अंडर 64 का शानदार स्कोर बनाया, जो दिन का सर्वश्रेष्ठ स्कोर था। उन्होंने कुल 21 अंडर 263 का स्कोर बनाया और फिर प्लेऑफ़ में बर्डी लगाकर युवराज संधू को पछाड़ दिया। यह शौर्य का इस सीजन का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा खिताब था, जिससे उन्हें 15 लाख रुपये का चेक मिला और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में उनका चौथा स्थान और मजबूत हो गया। इस सीजन में उनकी कमाई 83,02,392 रुपये हो गई। युवराज संधू (65-67-65-66), जिनका कुल स्कोर 21-अंडर 263 था, ने चौथे राउंड में 66 का स्कोर बनाया, लेकिन प्लेऑफ में पार स्कोर से हारकर उपविजेता रहे। युवराज को 10 लाख रुपये का उपविजेता चेक मिला, जिससे उन्होंने पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी अर्जुन प्रसाद पर 10 लाख रुपये से ज़्यादा की बढ़त बना ली। 28 वर्षीय संधू की सीजन की कमाई अब 98,67,200 रुपये हो गई है। वीर अहलावत और शिवेंद्र सिंह सिसोदिया 12-अंडर 272 के स्कोर के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर रहे। पूना क्लब ओपन 2025 को मेजबान स्थल पूना क्लब गोल्फ कोर्स, मुख्य प्रायोजक वेन्कोब और एनईसीसी, साथ ही प्रायोजक वेंटिव, एसकेएस फास्टनर्स, एलिका, मार्वल रियल्टर्स, शुभबन इन्वेस्टमेंट्स, डीएफएमसी, ऑटोमेक और काइनेटिक द्वारा समर्थित किया जा रहा है। नोवोटेल पुणे नगर रोड इसका सहयोगी भागीदार है।

# सीसीपीए ने दो आईएएस कोचिंग संस्थानों पर भ्रामक विज्ञापन देने के लिए लगाया जुर्माना

नयी दिल्ली। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत भ्रामक विज्ञापन, अनुचित व्यापार व्यवहार और उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के लिए दो कोचिंग संस्थानों 'आईएएस दीक्षांत' और 'आईएएस अभिमनु' पर आठ-आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि यह कार्रवाई यूपीएससी के सफल अभ्यर्थियों की शिकायत के बाद की गई। शिकायत में यूपीएससी के सफल अभ्यर्थियों ने कहा था कि उनके नाम और फोटो का बिना अनुमति इस्तेमाल किया गया और उनके परिणामों का गलत तरीके से श्रेय लिया गया। दीक्षांत आईएएस के मामले में सीसीपीए को मिनी शुक्ला (एआईआर 96, यूपीएससी सीएसई 2021) से शिकायत मिली थी, जिन्होंने कहा कि संस्थान की प्रचार सामग्री में उनकी सहमति के बिना उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किया गया था। अभिमनु आईएएस के मामले में नताशा गोयल (एआईआर 175, यूपीएससी सीएसई 2022) ने शिकायत की थी कि संस्थान ने उन्हें अपनी छात्रा बताकर झूठा दावा किया और बिना अनुमति के उनके नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किया।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर की घटी कीमत, रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में बदलाव नहीं

**एजेंसी**

नई दिल्ली। ऑयल मार्केटिंग कंपनियों (ओएमसी) ने आज से 19 किलो वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कटौती कर दी है। हालांकि घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। मतलब घर के किचन के बजट में पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है। आज कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 4.50 रुपये से लेकर 6.50 रुपये तक की कटौती की गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के मुताबिक कीमत में की गई कटौती के बाद अब राजधानी दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत 1,595.50 रुपये से कम होकर 1,590.50 रुपये हो गई है। पिछले महीने ही 1 अक्टूबर को ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 15 रुपये तक की बढ़ोतरी की थी। इस बढ़ोतरी के बाद होटल, रेस्टोरेंट और कमर्शियल गैस का उपयोग करने वाले छोटे कारोबारियों पर महंगाई का बोझ बढ़ गया था।



ऐसी स्थिति में आज कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती करके होटल, रेस्टोरेंट और छोटे कारोबारियों को कुछ हद तक राहत दी गई है। ताजा कटौती में कोलकाता में कमर्शियल सिलेंडर के दामों में सबसे ज्यादा 6.50 रुपये की कमी की गई है। अब यहां 19 किलो का सिलेंडर 1,694 रुपये में मिल रहा है, जबकि अक्टूबर में इसका रेट 1,700.50 रुपये था। इसके अलावा, मुंबई में 19 किलो एलपीजी सिलेंडर का नया रेट 1,542 रुपये हो गया है, जो पिछले महीने से 5 रुपये कम है। वहीं चेन्नई में इसकी कीमत 1,750 रुपये तय की गई है, जो अक्टूबर के मुकाबले 4.5 रुपये कम है। इस कटौती के बाद पटना में अब 19 किलोग्राम वाला सिलेंडर 1,876 रुपये, नोएडा में 1,876 रुपये, लखनऊ में 1,876 रुपये, भोपाल में 1,853.50 रुपये और गुरुगाम में 1,607 रुपये में मिलेगा। आज सिर्फ कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत मे ही कटौती हुई है। घरों में इस्तेमाल होने वाले 14.2 किलो के एलपीजी सिलेंडर (रसोई गैस) की कीमत में कोई बदलाव नहीं हुआ है। घरेलू उपयोग वाले सिलेंडर की कीमत में आखिरी बार 8 अप्रैल 2025 को बदलाव हुआ था। दिल्ली में इसकी कीमत अभी 853 रुपये है। इसी तरह कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये, चेन्नई में 868.50 रुपये, लखनऊ में 890.50 रुपये, अहमदाबाद में 860 रुपये, हैदराबाद में 905 रुपये, वाराणसी में 916.50 रुपये और पटना में 951 रुपये है। जानकारों का कहना है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत हर महीने अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत और टैक्स स्ट्रक्चर के आधार पर तय की जाती है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गैस की कीमत बढ़ाने या घटना का सीधा असर ऑयल मार्केटिंग कंपनियों की लागत पर भी पड़ता है। इसीलिए हर महीने की पहली तारीख को लागत की समीक्षा करके गैस सिलेंडर के नए दाम का ऐलान किया जाता है।

# हिन्द प्रशांत में नियम आधारित व्यवस्था सभी हितधारकों के हितों की सुरक्षा के लिए जरूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में नियम आधारित व्यवस्था और नौवहन तथा उडान की स्वतंत्रता की पुरजोर वकालत करते हुए कहा है कि भारत का यह विचार किसी देश के खिलाफ नहीं है बल्कि इसमें सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा निहित है। श्री सिंह ने शनिवार को मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 12 वीं एडीएमएम-प्लस बैठक में अपने संबोधन में कहा, ''भारत का कानून के शासन पर जोर, विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन, और हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता की वकालत, किसी देश के खिलाफ नहीं है, बल्कि सभी क्षेत्रीय हितधारकों के सामूहिक हितों की रक्षा के लिए है।'' रक्षा मंत्री ने '' एडीएमएम-प्लस के 15 के वर्ष पर चिंतन और भविष्य का रास्ता तैयार करना'' विषय पर अपनी बात रखते हुए जोर देकर कहा कि आसियान के साथ भारत का रणनीतिक जुड़ाव लेन-देन संबंधी नहीं बल्कि दीर्घकालिक और सिद्धांत-आधारित है। यह इस साझा विश्वास पर आधारित है कि हिन्द-प्रशांत क्षेत्र खुला, समावेशी और दबाव से मुक्त रहना चाहिए।''



श्री सिंह ने 'समावेशीता और स्थिरता' को मौजूदा समय में प्रासंगिक बताते हुए कहा कि सुरक्षा में समावेशिता का अर्थ यह सुनिश्चित करना है कि आकार या क्षमता की परवाह किए बिना सभी राष्ट्रों की क्षेत्रीय सुरक्षा को आकार देने में भूमिका हो। उन्होंने कहा कि स्थिरता का तात्पर्य ऐसे सुरक्षा ढांचे का निर्माण करना है जो प्रतिकूल परिस्थितियों के प्रति लचीले हों, उभरते खतरों के अनुकूल हों और अल्पकालिक के बजाय दीर्घकालिक सहयोग पर आधारित हों। उन्होंने कहा, '' भारत के लिए ये सिद्धांत उसके अपने रणनीतिक दृष्टिकोण के अनुरूप हैं। हिन्द-प्रशांत के लिए भारत का सुरक्षा दृष्टिकोण रक्षा सहयोग को आर्थिक विकास, प्रौद्योगिकी में साझेदारी और मानव संसाधन उन्नति के साथ एकीकृत करता है। सुरक्षा, विकास और स्थिरता के बीच अंतर्संबंध आसियान के साथ साझेदारी के लिए भारत के दृष्टिकोण को परिभाषित करते हैं।''

एडीएमएम-प्लस को भारत की 'एक्ट ईस्ट नीति' और व्यापक हिन्द-प्रशांत दृष्टिकोण का अनिवार्य घटक बताते हुए श्री सिंह ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आसियान और प्लस देशों के साथ रक्षा सहयोग को क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और क्षमता निर्माण में योगदान के रूप में देखा जाता है। उन्होंने कहा, '' एडीएमएम-प्लस 16वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, भारत मतभेदों के समाधान के लिए संवाद और शांति एवं स्थिरता सुनिश्चित करने वाले क्षेत्रीय तंत्रों को मजबूत करने के लिए आपसी हित के सभी क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने को तैयार है।''

उन्होंने कहा कि एडीएमएम-प्लस और आसियान के प्रति भारत का दृष्टिकोण समावेशी सहयोग, क्षेत्रीय स्वामित्व और सामूहिक सुरक्षा के सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने कहा कि भारत महासागर यानी 'क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति' की भावना के साथ संवाद, साझेदारी और व्यावहारिक सहयोग के माध्यम से रचनात्मक योगदान जारी रखने के लिए तैयार हैं।

## दिल्ली विधानसभा ने सौ दिनों में नेवा लागू कर नया मानक स्थापित किया : रिजिजू

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि दिल्ली विधानसभा ने केवल 100 दिनों में नेशनल ई विधान एप्लीकेशन (नेवा) को लागू कर नया मानक स्थापित किया है

श्री रिजिजू ने संसद भवन में आयोजित कार्यक्रम में आज कहा कि दिल्ली विधानसभा ने केवल 100 दिनों में नेवा को लागू कर एक नया मानक स्थापित किया है। उन्होंने दिल्ली विधानसभा की सराहना करते हुए कहा कि केवल 100 दिनों में नेवा लागू करने का यह प्रयास पूरे देश में सबसे तेज़ और प्रभावी रहा है। उन्होंने इसे अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बताते हुए कहा कि दिल्ली ने तकनीक को अपनाकर विधायी पारदर्शिता और दक्षता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति दिखाई है।

इस अवसर पर दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने नेशनल लेजिस्लेटिव इंडेक्स विकसित करने हेतु संसदीय कार्य मंत्रालय से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यह सूचकांक एक पारदर्शी और आंकड़ा-आधारित उपकरण होगा, जो राज्यों के विधायी प्रदर्शन का आकलन कर स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, जवाबदेही और सुशासन को प्रोत्साहित करेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा में नेवा का सफल कार्यान्वयन डिजिटल इंडिया और पेपरलेस विधान के राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। इस उपलब्धि के साथ दिल्ली ने उन प्रगतिशील विधान संस्थाओं की श्रेणी में स्थान प्राप्त किया है, जो नवाचार, पारदर्शिता और दक्षता के माध्यम से संसदीय कार्यप्रणाली को नए युग में प्रवेश करा रही हैं। यह दिल्ली विधानसभा की सुशासन और तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

## सेना ने रेगिस्तानी इलाके में बड़ा ड्रोन रोधी अभ्यास किया

एजेंसी

नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान द्वारा बड़ी संख्या में ड्रोन का इस्तेमाल किये जाने के बाद इस तरह के हमलों से निपटने की तैयारी के तहत भारतीय सेना ने रेगिस्तानी इलाके में अग्रिम क्षेत्र में बड़े पैमाने पर ड्रोन और ड्रोन रोधी अभ्यास 'वायु समन्वय-दो' सफलतापूर्वक किया है। सेना के अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि रेगिस्तानी इलाका और मौसम की स्थिति दोनों तरह के अभियानों के लिए एक आदर्श 'टेस्टिंग ग्राउंड' साबित हुई।

दो दिन का यह अभ्यास दक्षिणी कमान की देखरेख में पिछले सप्ताह 28 और 29 अक्टूबर के बीच हुआ। इस अभ्यास को विभिन्न हवाई और जमीनी प्लेटफार्म के साथ वास्तविक, इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और एक प्रतिस्पर्धी संचालन वातावरण में मल्टी डोमेन कमान और नियंत्रण केंद्रों के विलय के साथ अगली पीढ़ी के युद्ध के लिए सेना की तैयारी के लिए डिज़ाइन किया गया था। दक्षिणी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ लेफ्टिनेंट जनरल धीरज सेठ ने अभ्यास की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि यहां सीखे गए सबक सीधे क्षमता विकास और ड्रोन और ड्रोन रोधी प्रणाली को मजबूती प्रदान करने में योगदान देंगे। यह अभ्यास मल्टी डोमेन वातावरण में आधुनिक प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए सेना के प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम है। एक बयान में कहा गया है,'' सेना अपनी परिचालन क्षमता को आधुनिक बनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और सभी डोमेन में उभरते खतरों का मुकाबला करने के लिए तत्परता सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अभ्यास ने सैनिकों को एक परिचालन वातावरण के तहत स्वदेशी प्रौद्योगिकियों के साथ प्रयोग करने में भी सक्षम बनाया।

## हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका: आसियान रक्षा मंत्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता बनाए रखने में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका का उल्लेख करते हुए आसियान-भारत रक्षा संबंधों को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों की 12 वीं एडीएमएम प्लस बैठक में हिस्सा लेने के लिए मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर गये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक के दौरान आसियान के रक्षा मंत्रियों से मुलाकात की। आसियान देशों के रक्षा मंत्रियों ने हिन्द प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और क्षेत्रीय स्तर पर भारत के साथ रक्षा सहयोग को मजबूत बनाने पर बल दिया। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत-आसियान रक्षा मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक आसियान के साथ भारत की व्यापक रणनीतिक साझेदारी, विशेष रूप से 2026-2030 के लिए आसियान-भारत कार्य योजना के रक्षा और सुरक्षा घटकों को आगे बढ़ाने का एक रणनीतिक अवसर है। उन्होंने इस अवसर पर दो दूरदर्शी पहलों संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों में महिलाओं पर आसियान-भारत पहल और आसियान-भारत रक्षा थिंक-टैंक संपर्क की भी घोषणा की।

मलेशिया के रक्षा मंत्री ने एडीडीएम प्लस के अध्यक्ष के रूप में श्री सिंह का स्वागत करते हुए भारत को एक महाशक्ति बताया। उन्होंने कहा कि आसियान को साइबर और डिजिटल रक्षा के साथ-साथ रक्षा उद्योग एवं नवाचार के क्षेत्र में भारत के साथ संबंध मजबूत बनाने से लाभ होगा। उन्होंने आत्मनिर्भर रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने की भारत की क्षमता की सराहना की और कहा कि इससे आसियान सदस्य देशों को लाभ हो सकता है। फिलीपींस के रक्षा मंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय कानून और बहुपक्षवाद के प्रति भारत के सम्मान की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून सम्मेलन का पालन करके भारत ने क्षेत्र के अन्य देशों के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण स्थापित किया है। हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में संकट के समय सबसे पहले सहायता का हाथ बढाने वाले देश के रूप में भारत की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने आगामी भारत-आसियान समुद्री अभ्यास के लिए पूर्ण समर्थन व्यक्त किया।

कंबोडियाई रक्षा मंत्री ने भी इसी तरह की भावनाओं को दोहराते हुए संयुक्त राष्ट्र शांति अभियानों और सैन्य चिकित्सा में प्रशिक्षण में भारत के योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

सिंगापुर के रक्षा मंत्री ने जोर देकर कहा कि आसियान को इस क्षेत्र में शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की भारत की क्षमता और योग्यता पर पूरा भरोसा है। उन्होंने युवा पीढ़ी के स्तर पर भारत और आसियान के बीच अधिक संयुक्त गतिविधियों, अधिक नीतिगत संवादों, अधिक संयुक्त अभ्यासों और बातचीत का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि यह बातचीत भविष्य के सहयोग की नींव रखेगी। थाईलैंड के रक्षा मंत्री ने भी कहा कि भारत के रक्षा उद्योग और प्रौद्योगिकी पारिस्थितिकी तंत्र से आसियान को लाभ होगा।

## 10,001 परिवारों ने घरों में किया गृह प्रवेश, मोदी ने वर्चुअली प्रवेश करवाया

अम्बिकापुर। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती अवसर पर प्रदेशभर में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के हितग्राहियों का सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। राज्योत्सव स्थल नवा रायपुर अटल नगर में आयोजित राज्य स्तरीय मुख्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के कुल 3.51 लाख हितग्राहियों का गृह प्रवेश कराया। इनमें सरगुजा जिले के 10,001 हितग्राही भी शामिल रहे। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिला पंचायत सीईओ विनय अग्रवाल की ओर से जनपद पंचायत लुण्ड्रा के ग्राम पंचायत कोरिमा में हितग्राही गोविंदा कोरवा एवं ग्राम पंचायत पटोरा में हितग्राही संकुती के नवीन आवास का गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर हितग्राहियों ने पारंपरिक विधि-विधान से दीप प्रज्ज्वलन, रंगोली और साज-सज्जा के साथ नए घर में प्रवेश किया।

## नेपाली नागरिक को बर्लिन यात्रा की इजाज़त न देने के मामले में भारतीय आप्रवासन ब्यूरो की भूमिका नहीं : गृह मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि नेपाल की नागरिक शंभवी अधिकारी को यहां हवाई अड्डे से बर्लिन जाने से रोकने में भारतीय आप्रवासन ब्यूरो की कोई भूमिका नहीं है और भारत नेपाल के साथ मज़बूत रिश्तों को महत्व देता है।




गृह मंत्रालय ने यह स्पष्ट किया है कि किसी भी भारतीय अधिकारी का नेपाल के नागरिकों के खिलाफ कोई भेदभाव या पक्षपात का दृष्टिकोण नहीं है। मंत्रालय ने शनिवार को एक वक्तव्य जारी कर कहा कि रिपोर्टों में कहा गया है कि नेपाल की नागरिक सुश्री शंभवी अधिकारी जो बर्लिन जा रही थीं, उन्हें यहां इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोक दिया गया और काठमांडू वापस भेज दिया गया। इस घटना को नेपाली नागरिकों के खिलाफ भेदभाव और पक्षपात के तौर पर गलत तरीके से दिखाया गया है।

गृह मंत्रालय ने कहा है कि इस पूरे मामले में भारतीय आप्रवासन ब्यूरो के अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं है। वह यात्री एयर इंडिया से काठमांडू से आई थीं और दिल्ली से ट्रांजिट कर रही थीं। उन्हें कतर एयरवेज़ की कनेक्टिंग फ्लाइट में चढ़ते समय रोका गया। एयरलाइंस ने उनके वीज़ा की वैलिडिटी को देखते हुए उन्हें जर्मनी की आगे की यात्रा से रोकने का फैसला किया और उन्हें काठमांडू वापस भेज दिया। यह आमतौर पर गंतव्य देश के नियमों तथा जरूरतों के अनुसार किया जाता है। इसके बाद उन्होंने अपनी यात्रा की तारीखें फिर से तय कीं और बाद में काठमांडू से दूसरे रास्ते से यात्रा की। गृह मंत्रालय ने कहा है कि इंटरनेशनल ट्रांजिट यात्रियों को अपनी आगे की यात्रा के लिए भारतीय आप्रवासन ब्यूरो से संपर्क करने की ज़रूरत नहीं होती है और यह एयरलाइंस और यात्री के बीच का मामला है, जिसमें भारतीय अधिकारियों की कोई भूमिका नहीं है। वक्तव्य में कहा गया है कि भारत नेपाल के साथ अपने मज़बूत रिश्तों को महत्व देता है और यह भरोसा दिलाता है कि किसी भी भारतीय अधिकारी का नेपाल के नागरिकों के खिलाफ कोई भेदभाव या पक्षपात नहीं है।

## ब्रह्मबोध से ही सम्भव है आत्मबोध : सुदीक्षा महाराज

एजेंसी

समालखा। 'हमें अपने वास्तविक स्वरूप की पहचान करने के लिए परम अस्तित्व परमात्मा को जानना जरूरी है क्योंकि ब्रह्मबोध से ही आत्मबोध सम्भव है।'' यह उद्गार सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने समालखा (हरियाणा) स्थित निरंकारी आध्यात्मिक स्थल पर आयोजित चार दिवसीय 78वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के पहले दिन देश-विदेश से आये हुए लाखों के श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए।

देश के कोने कोने से एवं विश्व के विभिन्न भागों से अलग अलग संस्कृतियों की पृष्ठभूमि से आये भक्तों के प्रेमपूर्ण मिलन से आत्ममंथन का भाव गूंज उठा। सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि संसार में विभिन्न धर्म हैं और हर किसी की अपनी अपनी आस्था है; पर हर कोई एक ही सत्य की बात कर रहा है। वास्तव में यह एक निराकार परमात्मा ही है जो सदैव रहने वाला सत्य है। यही सबका मूल स्त्रोत है।



जब हम इस स्त्रोत के साथ जुड़कर एकत्व के भाव में समाहित हो जाते हैं तो फिर कोई विपरीत भाव मन में उत्पन्न नहीं होता। समागम का मुख्य विषय 'आत्ममंथन' भी इसी ओर अग्रसर करता है कि इस एक सत्य का आधार लेकर आत्ममंथन करते हुए हम अपने भीतर की यात्रा तय करते चले जाना है। भौतिक उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए सतगुरु माता जी ने कहा कि जिन सांसारिक उपलब्धियों के लिए मनुष्य अपना अमूल्य समय व्यतीत कर रहा है वह समाजिक उपलब्धियां, पारिवारिक रिश्ते यहां तक कि मन के विचार आदि सब अस्थाई हैं और वे भी समय के साथ बदलने ओर अंत में समाप्त होने वाले हैं। माता जी ने स्पष्ट करते हुए बताया कि स्थायी केवल परमात्मा है। यह परमात्मा जितना बाहर है उतना भीतर भी है। जब इस स्थायी परमात्मा की उपलब्धि होगी तभी मनुष्य जीवन का परम उद्देश्य पूर्ण होगा। सतगुरु माता जी ने उदाहरण देकर समझाया कि जिस तरह हम कमरे के अंधेरे को दूर करने के लिए स्विच ऑन करते हैं और उजाले का इंतजार नहीं करना पड़ता उसी प्रकार से अज्ञानता के अंधेरे में जी रहे मनुष्य के जीवन में जब ब्रह्मज्ञान प्रवेश करता है तो ज्ञानरूपी प्रकाश से तुरंत आलोकित हो जाता है। अंत में सतगुरु माता जी ने समझाया कि आत्ममंथन अथवा भीतर की यात्रा मनोवैज्ञानिक नहीं बल्कि आध्यात्मिक विषय है। हर समय निरंकार परमात्मा का अहसास रखते हुए अपनी गलतियों को स्वीकार एवं उनका सुधार करना होगा जिससे समर्पण, विनम्रता जैसे दिव्य मानवीय गुण जीवन में सहज ही उतरते चले जायेंगे। सतगुरु माता जी ने यही शुभ कामना प्रकट की कि हर एक का जीवन भक्ति भाव से भरपूर हो जाये और प्रभू की रज़ा में प्रेमपूर्ण जीवन जीते चले जायें। इसके पूर्व हरियाणा के माननीय राज्यपाल आशिष कुमार घोष ने अपनी अर्धांगिनी के साथ समागम में पधारकर सतगुरु माता जी एवं निरंकारी राजपिता जी के आशीर्वाद प्राप्त किए और उनके प्रति अपना आदर-सम्मान प्रकट किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने संत निरंकारी मिशन की दिव्य विचारधारा एवं मानवता के प्रति निष्काम सेवाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर आपने मंच के करीब उपस्थित सेवादल के सदस्यों से वार्तालाप किया और उनके इस तरह समर्पित सेवा भाव का राज जानने का प्रयास किया। माननीय राज्यपाल महोदय नें निरंकारी सेवादल की मर्यादा और अनुशासन की सराहना की।

## समुद्री सुरक्षा पर नौसेना की तीन दिन की कार्यशाला कल से

नयी दिल्ली। भारतीय नौसेना सुरक्षित, शांतिपूर्ण और समृद्ध वैश्विक महासागर के भविष्य के रोड़मैप पर चर्चा के लिए अगले सप्ताह तीन दिन की समुद्री सूचना आदान-प्रदान कार्यशाला का आयोजन कर रही है। नौसेना के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि इस तरह की यह तीसरी कार्यशाला है और इसका आयोजन सोमवार से गुरूग्राम स्थित नौसेना के 'इंफॉर्मेशन फ्यूजन सेंटर ऽ इंडियन ओशन रीजन' में किया जा रहा है और दुनिया भर की प्रमुख नौसेनाओं की समुद्री सुरक्षा एजेन्सी इसमें हिस्सा लेंगी। इसका थीम ' हिन्द महासागर क्षेत्र में वास्तविक समय पर समन्वय और सूचना साझा करना' रखा गया है।

कार्यशाला का उद्घाटन डिप्टी चीफ ऑफ नेवल स्टाफ, वाइस एडमिरल तरुण सोबती करेंगे और नौवहन महानिदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक सुशील मानसिंह खोपड़े इसमें मुख्य भाषण देंगे। यह कार्यशाला हिंद महासागर रिम एसोसिएशन, जिबूती कोड ऑफ कंडक्ट/जेद्दा अमेंडमेंट और बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक) के 30 देशों के समुद्री सुरक्षा विशेषज्ञों को एक मंच पर लायेगी। कार्यशाला में 25 साझेदार देशों के साथ अनेक हितधारक हिस्सा लेंगे।

## पेज एक का शेष

### राज्यों के विकास ...

करते हुए यह बात कही। उन्होंने बताया कि उनका इस आध्यात्मिक आंदोलन से दशकों पुराना जुड़ाव रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैंने ब्रह्मकुमारी संस्था को वटवृक्ष की तरह बढ़ते हुए देखा है। 2011 में अहमदाबाद में 'फ्यूचर ऑफ पावर' कार्यक्रम हो या 2012 में संस्था के 75 वर्ष का उत्सव, माउंट आबू और गुजरात के कार्यक्रमों में जाना मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र केवल एक भवन नहीं, बल्कि एक प्रेरणास्थल है, जहाँ राजयोग, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान से जीवन में संतुलन आएगा और मन को शांति मिलेगी। श्री मोदी ने इस अवसर पर कहा कि आज का दिन बहुत विशेष है आज के दिन हमारे छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण हुए हैं। झारखंड उत्तराखंड भी 25 वर्ष पूर्ण कर रहे है साथ ही देश के कई राज्यों का आज स्थापना दिवस है हम राज्यों को विकसित करना चाहते है राज्यों का विकास होगा तो देश का विकास होगा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण यात्रा में ब्रह्मकुमारी जैसी संस्थाओं की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने बताया कि उनका इस आध्यात्मिक आंदोलन से दशकों पुराना जुड़ाव रहा है। श्री मोदी ने कहा, मैंने ब्रह्मकुमारी संस्था को वटवृक्ष की तरह बढ़ते हुए देखा है। 2011 में अहमदाबाद में 'फ्यूचर ऑफ पावर' कार्यक्रम हो या 2012 में संस्था के 75 वर्ष का उत्सव, माउंट आबू और गुजरात के कार्यक्रमों में जाना मेरे जीवन का हिस्सा रहा है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि दिल्ली आने के बाद भी उन्हें कई अवसरों पर ब्रह्मकुमारी संस्था से जुड़ने का मौका मिला- चाहे वह आजादी के अमृत महोत्सव का अभियान हो या स्वच्छता अभियान। उन्होंने कहा,ञ्जजब भी मैं आपके बीच आया हूं, मैंने आपके प्रयासों को गहराई से महसूस किया है। यहां शब्द कम, सेवा ज्यादा है। उन्होंने संस्था से अपने व्यक्तिगत लगाव का भी उल्लेख किया और कहा, इस संस्थान से मेरा अपनापन हमेशा रहा है। जानकी दीदी का स्नेह और राजयोगिनी दादी योगिनी जी का मार्गदर्शन मेरे जीवन की विशेष स्मृतियों में शामिल हैं।

### धर्म युद्ध था...

हुए सेना प्रमुख ने कहा कि सफलता की नींव विद्यार्थी जीवन में ही रखी जाती है। ञ्जजो विद्यार्थी आज परिश्रम करता है, वही कल राष्ट्र निर्माण का आधार बनता है। आप चाहे वर्दी में हों या सिविल ड्रेस में, लेकिन राष्ट्र प्रेम और राष्ट्र सेवा का भाव कभी कम नहीं होना चाहिए।

### वेंकटेश्वर मंदिर...

भीड़ में से महिलाओं को उनके हाथ-पैर पकड़कर खींचते दिखाई दिए। आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री अनीता ने बताया कि मंदिर में हर हफ्ते करीब 1500 से 2000 श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। आज एकादशी होने की वजह से श्रद्धालुओं की संख्या बहुत अधिक थी। उन्होंने बताया कि मंदिर पहली मंजिल पर स्थित है और यहां जाने के लिए 20 सीढ़ियां हैं। इसी दौरान धक्का-मुक्की हुई और भगदड़ मच गई। उधर, स्वास्थ्य मंत्री सत्य प्रकाश ने दावा किया कि आज 25 हजार से ज्यादा लोग दर्शन के लिए पहुंच गए थे, जबकि मंदिर की क्षमता इतनी नहीं है।

### 45 सदस्यीय राजनयिक ...

प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय का दौरा किया, जहां उन्होंने तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। कुलपति प्रो. जे.पी. पांडेय और कुलसचिव श्रीमती रीना सिंह ने विश्वविद्यालय में चल रही अत्याधुनिक पहल जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, रोबोटिक्स और नैनो टेक्नोलॉजी की जानकारी दी, जो प्रदेश में नवाचार और उद्योग-शैक्षणिक साझेदारी के बढ़ते पारिस्थितिकी तंत्र को दर्शाती है। प्रतिनिधिमंडल ने एचसीएल आईटी सिटी का भी भ्रमण किया, जहां उन्होंने 11 हजार से अधिक पेशेवरों को रोजगार देने वाले प्रदेश के तेजी से विकसित होते डिजिटल और आईटी पारिस्थितिकी तंत्र का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने तकनीकी और डिजिटल नवाचार में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया।

### दुनिया की बड़ी ताकत...

किया। युवाओं को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान होना अपरिहार्य है, क्योंकि ज्ञान का व्यावहारिक स्वरूप ही जीवन के उपयोग में आने वाला है। मुख्यमंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वह इमर्जिंग टेक्नोलॉजी से खुद को जोड़ें। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सैमसंग इनइनोवेशन कैंपस के माध्यम से देश में कुल 10000 युवाओं को प्रशिक्षित करने, उसमें से भी 5000 प्रदेश के युवाओं और 2000 गोरखपुर तथा आसपास के युवाओं को शामिल करने के लिए सैमसंग के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण प्राप्त चार युवाओं ने प्रशिक्षण से जुड़ा अपना अनुभव मुख्यमंत्री के समक्ष साझा किया। इस अवसर पर सैमसंग साउथ वेस्ट एशिया के प्रेसिडेंट और सीईओ जेबी पार्क ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में हो रहे विकास की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश वैश्विक नवाचार का हब बन रहा है। इसे देखते हुए सैमसंग ने अपना वर्ल्ड क्लास मैन्युफैक्चरिंग प्लांट यूपी में लगाया है। श्री पार्क ने कहा कि भारत दुनिया में तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था के साथ सबसे अधिक युवा मस्तिष्क वाला देश भी है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने के लिए सैमसंग इनोवेशन कैंपस के जरिए इस साल प्रदेश के 5000 युवाओं को लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सैमसंग, उत्तर प्रदेश में युवाओं और समुदाय के लिए अपना निवेश जारी रखेगा। कार्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर स्किल कॉउंसिल ऑफ इंडिया (ईएसएससीआई) के अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कहा कि सैमसंग इनोवेशन कैंपस के कार्यक्रम को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निरंतर मार्गदर्शन और प्रोत्साहन दिया है। उनके मार्गदर्शन से युवा सशक्तिकरण को नई ऊंचाई प्राप्त हो रही है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त युवा भारत के डिजिटल भविष्य को नई दिशा देंगे। कार्यक्रम में गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन, सांसद रविकिशन शुक्ल, विधायक विपिन सिंह, श्रीराम चौहान डॉ. विमलेश पासवान, प्रदीप शुक्ला, सरवन निषाद, राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी सहित कई गणमान्यजन तथा सैमसंग इनोवेशन कैंपस से जुड़े युवा उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री ने वीडियो पोस्ट कर जनता से की वोट अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को अपने बिहार के नाम मुख्यमंत्री जी का पैगाम नाम से एक वीडियो जारी किया है।वीडियो के जरीय संदेश जारी कर मुख्यमंत्री ने पहले के बिहार और अब के बिहार के बीच अंतर और अपने उपलब्धियों को जनता के सामने रखते हुए राज्य के मतदाताओं से अपील की है कि वे आगामी 6 और 11 नवंबर को मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और एनडीए के उम्मीदवार को जीत दिलाएं। वीडियो में मुख्यमंत्री ने बिहार की पिछली दशकों की स्थिति का जिक्र करते हुए बताया कि 2005 से पहले राज्य की हालत बहुत खराब थी। उन्होंने कहा कि जिस परिस्थिति में बिहार उन्हें मिला, उन्होंने उसे संभालते हुए विकास का काम किया। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पहले बिहारी कहलाना अपमान का विषय था, लेकिन आज यह गर्व और सम्मान की बात बन गया है।

## ■ कहा-एनडीए ही कर सकता है बिहार का विकास

वीडियो संदेश में नीतीश कुमार ने यह भी कहा कि एनडीए सरकार ने लगातार बिहार के हर क्षेत्र में विकास कार्य किए हैं। उन्होंने मतदाताओं को याद दिलाया कि उन्होंने उन्हें चार बार मौका दिया और हर बार जनता ने उन्हें समर्थन दिया। मुख्यमंत्री ने अपील की कि इस बार भी बिहारवासियों को उनके उम्मीदवार को जीताना चाहिए, ताकि राज्य में एनडीए की सरकार बनी रहे और केंद्र में भी



एनडीए की सरकार बनी रहे। उनका मानना है कि इससे बिहार का विकास लगातार जारी रहेगा और भविष्य में और भी तेजी से राज्य का उत्थान होगा। नीतीश कुमार ने अपने संदेश में स्पष्ट किया कि उनके प्रयास किसी व्यक्तिगत या परिवारिक लाभ के लिए नहीं हैं। उन्होंने कहा, ल्लहमने अपने परिवार के लिए कुछ नहीं किया। मेरा पूरा बिहार मेरा परिवार है। हिंदू, मुस्लिम और सभी जातियों और धर्मों के लिए हमने काम किया है।ङ्क यह बयान इस बात की ओर इशारा करता है कि उनकी सरकार का दृष्टिकोण समग्र और सभी वर्गों के लिए समान विकास का है। उन्होंने कहा है कि बिहार के विकास में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निरंतर काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने राज्य के गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों की भलाई को हमेशा प्राथमिकता दी है। उनका संदेश यह था कि मतदान के माध्यम से जनता अपने भविष्य और बिहार के विकास में निर्णायक भूमिका निभा सकती है। बिहार में इस बार चुनाव दो चरणों में होंगे 6 और 11 नवंबर को मतदान, जबकि नतीजों की घोषणा 14 नवंबर को की जाएगी। ऐसा माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री का यह संदेश एनडीए की चुनावी पकड़ को मजबूती देने में मदद कर सकता है और राज्य में विकास को लेकर मतदाताओं के विश्वास को पुनः जागृत कर सकता है।

# बिहार विधानसभा: राघोपुर विधानसभा से लोजपा उम्मीदवार रहे राकेश रौशन ने ली भाजपा की सदस्यता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार में वैशाली जिले की राघोपुर विधानसभा सीट इस बार बिहार विधानसभा चुनाव में सुर्खियों में है। यह सीट नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी यादव का गढ़ मानी जाती है लेकिन इस बार यहां एनडीए ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। तेजस्वी के सामने एनडीए की ओर से सतीश कुमार मैदान में हैं। शनिवार को राघोपुर की राजनीति में बड़ा उलटफ़ेर देखने को मिला। लोजपा के पूर्व नेता और 2020 के विधानसभा चुनाव में राघोपुर से लोजपा उम्मीदवार रहे राकेश रौशन ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। पटना में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय मयूख भी मौजूद रह। इस मौके पर आयोजित मिलन समारोह में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राघोपुर से नेता



प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को हराना एनडीए का संकल्प है। सदस्यता ग्रहण समारोह के दौरान प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि राकेश रौशन के आने से राघोपुर में एनडीए की स्थिति और मजबूत हुई है। उन्होंने दावा किया कि इस बार राघोपुर सीट पर एनडीए की जीत तय है। जायसवाल ने कहा कि राकेश रोशन पिछले तीन विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं और हमेशा अच्छी संख्या में वोट हासिल किए हैं। उन्होंने बताया कि एक बार उन्हें 25 हजार, दूसरी बार 44 हजार और तीसरी बार 25 हजार मत मिले थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राघोपुर की जनता अपने स्थानीय प्रतिनिधि से नाराज है। इस नाराजगी का फायदा इस बार एनडीए को मिलेगा। उन्होंने दावा किया कि क्षेत्र में भाजपा के पक्ष में माहौल बन चुका है और जनता परिवर्तन चाहती है। मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि रविवार को पटना में प्रधानमंत्री का भव्य रोड शो आयोजित किया जाएगा। रोड शो दिनकर चौक से शुरू होकर बाकरगंज के रास्ते गांधी मैदान तक जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री जनता का अभिवादन करेंगे और एनडीए उम्मीदवारों के समर्थन में मतदाताओं से अपील करेंगे। उन्होंने बताया कि पटना पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भोजपुर और नवादा की जनसभाओं को संबोधित करेंगे। इसके बाद वे पटना आएंगे और रोड शो में हिस्सा लेंगे।

# संक्षिप्त समाचार

## 1984 की घटनाएँ इंदिरा गांधी और संजय गांधी द्वारा रची गई एक राजनीतिक रणनीति का परिणाम थीं : आर पी सिंह

**चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर पी सिंह ने शनिवार को कहा कि नवंबर 1984 की घटनाएं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और उनके पुत्र संजय गांधी की रची गयी एक राजनीतिक रणनीति का परिणाम थीं, जिसका उद्देश्य पहले पंजाब पर नियंत्रण मजबूत करना और बाद में संसदीय चुनावों में जीत हासिल करना था। श्री सिंह ने कहा कि इस प्रक्रिया में, सबसे देशभक्त समुदाय को अन्यायपूर्ण तरीके से 'राष्ट्रविरोधी' के रूप में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर कहा, ल्ल संभवतः यह भारतीय राजनीति में पहली बार हुआ जब चुनावी लाभ के लिए एक छोटे से अल्पसंख्यक समुदाय को बहुसंख्यक के खिलाफ खड़ा किया गया। अंततः इंदिरा गांधी अपनी ही बनायी चाल की शिकार बनीं और अपनी जान गंवायीं, जबकि उनके पुत्र ने भारी बहुमत से चुनाव जीता। भाजपा नेता ने कहा, ल्ल मुझे आज भी राजीव गांधी का वह बयान याद है, ल्ल जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है, तो धरती हिलती है। यह कथन मानो उनके शासनकाल में 3,000 से अधिक सिखों का जनसंहार को उचित ठहराने जैसा था।

## पंजाब विश्वविद्यालय का 'भगवाकरण' नहीं होने देंगे : वडिंग

**चंडीगढ़।** कांग्रेस की पंजाब इकाई के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने शनिवार को पंजाब विश्वविद्यालय की निर्वाचित सीनेट और निर्वाचित सिंडिकेट को खत्म करके उनकी जगह मनोनीत सदस्यों को लाने के प्रस्ताव को लेकर चेतावनी दी और इसे इस ऐतिहासिक संस्थान का भगवाकरण करने का प्रयास बताया। श्री वडिंग ने यहां एक बयान में कहा, ''पंजाब विश्वविद्यालय की सीनेट और सिंडिकेट को खत्म करके उनकी जगह मनोनीत सदस्यों को लाना भाजपा और आरएसएस द्वारा देश के एक ऐतिहासिक संस्थान को हाईजैक करने का एक सरासर भद्दा प्रयास है।'' उन्होंने आगे कहा कि यह देश के सभी प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और सांस्कृतिक केंद्रों पर कब्ज़ा करके उनका भगवाकरण करने की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के अनुरूप है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''कोई भी पंजाबी इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।'' उन्होंने कहा कि पंजाब विश्वविद्यालय पंजाबी पहचान का एक अभिन्न अंग है और इसका इतिहास पंजाबी संस्कृति और लोकाचार के साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। श्री वडिंग ने कहा, ''अगर भाजपा सोचती है कि वह पंजाबियों से यह संस्थान छीन सकती है, तो वह बहुत बड़ी गलतफहमी में है।'' उन्होंने यह भी कहा कि जिन लोगों ने यह विचार रखा है, वे पंजाबियों के अपनी पहचान और उससे जुड़ी संस्थाओं के प्रति गर्व से अनभिज्ञ प्रतीत होते हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''और ऐसा लगता है कि वे यह भी नहीं जानते कि पंजाबी अपने गौरव की रक्षा कैसे करते हैं।

## गुरदासपुर में हथियार और गोला-बारूद बरामद, तस्कर गिरफ्तार

**गुरदासपुर।** पंजाब के गुरदासपुर में विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने एक अपराधी के पास से हथियार और गोला-बारूद बरामद होने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। बीएसएफ प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि कल शाम एक बीएसएफ और पंजाब पुलिस के एक संयुक्त अभियान में जिले के कहलांवाली गाँव निवासी एक तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके पास से दाना मंडी, डेरा बाबा नानक के पास से एक पिस्तौल और छह कारतूस बरामद किए। एक अन्य अभियान में फिरोजपुर के मबोके गाँव के इलाके में आपराधिक गतिविधि को अंजाम देने की योजना बना रहे कुछ बदमाशों के बारे में विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ जवानों ने सीमा क्षेत्र से 16 कारतूस और एक तलवार बरामद की।

## सीलमपुर फायरिंग का मामला सुलझा, आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** उत्तर पूर्वी जिले के सीलमपुर इलाके में हुई फायरिंग की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित के पास से एक पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। पकड़े गए आरोपित की पहचान न्यू सीलमपुर निवासी अब्दुल्ला (23) के रूप में हुई है। पूछताछ में अब्दुल्ला ने अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उसने यह वारदात पुरानी रंजिश के चलते की थी। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपित का आपराधिक इतिहास रहा है। वह पहले भी हत्या के प्रयास, फायरिंग और आर्म्स एक्ट से जुड़े तीन मामलों में शामिल रह चुका है। फिलहाल पुलिस आरोपित से आगे की पूछताछ कर रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि वारदात में और कौन-कौन शामिल था। आगे की जांच जारी है।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**सहरसा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का उद्देश्य है कि एक भी मतदाता मतदान से वंचित नहीं रहे शत प्रतिशत मतदान हो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जा जाकर मतदाताओं को जागरुक करते हुए मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जागरूकता अभियान को देखकर आम लोगों में उत्सुकता भी बढ़ने लगी है। इस जागरूकता अभियान की लोगों द्वारा प्रशंसा भी की जा रही है। कहा जा रहा है कि इससे पहले कोई भी संगठन मतदाता जागरूकता करने के लिए सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं आते थे। लेकिन विद्यार्थी परिषद सुदूर क्षेत्रों में भी मतदाता जागरूकता कार्य कर रही है यह प्रशंसा की बात है। राष्ट्र के प्रति हमेशा से विद्यार्थी परिषद समर्पित भाव से कार्य करते आयी है।जब से सुदूर क्षेत्र में विद्यार्थी परिषद जागरूकता की टोली पहुंची तो लोगों ने कहा कि दो दशक पूर्व हम लोग भय से मतदान नहीं कर पाते थे। लेकिन वर्तमान दो दशकों से हम लोग मतदान करने पहुंचते हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिस तरह से मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है निश्चित रूप से लोगों में जागरूकता और विश्वसनीयता बढ़ रहा है। लोगों ने कहा कि हम लोग बुजुर्ग, युवा, महिला, सबको साथ लेकर शत प्रतिशत मतदान के लिए बूथ तक जाएंगे। इस अभियान में विभाग सह संयोजक जयंत जोशी, कॉलेज अध्यक्ष गणेश यादव,सुधांशु कुमार,कॉलेज मंत्री रौशन कामत, शुभम केशरी, करण कुमार, अक्षय शांडिल्य, राजीव रंजन, सोनू पासवान, दिलखुश पासवान, विकाश शर्मा, मनीष कुमार, सूरज कुमार, मुकुंद कुमार, एवं अन्य लोग कार्यकर्ता जागरूकता अभियान में लगे हैं।

# बिहार विधानसभा चुनाव में फिर छाया जंगलराज का मुद्दा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या के बाद फिर एक बार जंगलराज का मुद्दा छा गया है। जंगलराज को लेकर एनडीए एवं महागठबंधन के बीच तीखी प्रतिक्रियाएं शुरू है। घुसपैठ जैसे प्रमुख मुद्दे को सीमांचल तक सीमित करने के बाद भाजपा सुशासन बनाम जंगलराज के मुद्दे को धार देने में जुटी है, तो विपक्षी गठबंधन भी वोट चोरी, जंगलराज और वक्फ अधिनियम संशोधन कानून को सीमांचल और मुस्लिम प्रभाव वाली सीटों तक सीमित कर दिया है। एनडीए अपने जंगलराज बनाम सुशासन के पुराने मुद्दे पर कायम है। बीते एक हफ्ते में इस मुद्दे पर एनडीए के नेता और मुखर हुए हैं। चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लेकर एनडीए के तमाम नेता महागठबंधन के मुख्य घटक राष्ट्रीय जनता दल (राजद) पर हमले के लिए इसी शब्द का बार-बार इस्तेमाल कर




रहे हैं। हालांकि दो दिन पहले यानी गुरुवार देर शाम मोकामा विधानसभा क्षेत्र में बाहुबली दुलारचंद यादव की हत्या के बाद जंगलराज का मुद्दे महागठबंधन ने भी कैप्चर कर लिया है। 'जंगलराज' बिहार की राजनीति का एक ऐसा दाग जो दो दशक बाद भी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख नेता तेजस्वी यादव का पीछा नहीं छोड़ रहा है, वह है उनके माता-पिता लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी के पंद्रह वर्षीय शासन (1990-2005) पर लगा 'जंगल राज' का ठप्पा। बिहार के कुल मतदाताओं में चौथाई से भी अधिक हिस्सेदारी रखने वाले 18 से 29 साल के 1.77 करोड़ युवा हैं। इनमें 14 लाख पहली बार वोट डालने वाले हैं। ये युवा वोटर उस दौर में पैदा भी नहीं हुए थे, जब राजद सत्ता में थी। इसके बावजूद, राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि उस कुशासन, अराजकता और बदहाली की कहानियां नई पीढ़ी तक लोककथाओं की तरह पहुंच रही हैं, जिससे तेजस्वी यादव के लिए अपनी पार्टी की छवि सुधारना एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। जंगलराज शब्द का जन्म 1997 में हुआ था। चारा घोटाले में लालू प्रसाद यादव के इस्तीफ़े के बाद जब राबड़ी देवी ने मुख्यमंत्री पद संभाला, तब पटना उच्च न्यायालय ने जलभराव और खराब जल निकासी से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी की थी कि 'पटना की स्थिति जंगल राज से भी बदतर थी।' विपक्ष ने इस न्यायिक टिप्पणी को तत्काल राजनीतिक हथियार बना लिया और यह शब्द राजद के पंद्रह साल के शासन से स्थायी रूप से जुड़ गया। बिहार की राजनीति को नजदीक से जानने वाले राजनीतिक विश्लेषक एवं बरिष्ठ पत्रकार लव कुमार मिश्रा के मुताबिक, लालू-राबड़ी शासन के दौरान सबसे भयावह बात राजनीति का अपराधीकरण रही। उस समय फिरौती के लिए अपहरण एक उद्योग बन चुका था। मीडिया रिपोर्ट और आंकड़ों के अनुसार, 2001 से 2004 के बीच फिरौती के लिए अपहरण के 1,527 मामले दर्ज हुए। 2005 में पटना के स्कूली छात्र किसलय के अपहरण का मामला देशभर में सुर्खियों में रहा, जब पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को सार्वजनिक मंच से 'मेरा किसलय लौटा दो' कहना पड़ा था।

# गोड्डा सांसद के कारण भागलपुर से नहीं उड़ रहा हवाई जहाजः अजीत शर्मा

भागलपुर। भागलपुर विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी एवं मौजूदा विधायक अजीत शर्मा ने शनिवार को कहा कि यदि बिहार में महागठबंधन की सरकार बनती है तो राज्य से पलायन पूरी तरह रुकेगा और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में नई फैक्ट्रियां खुलेंगी जिससे राज्य आत्मनिर्भर बनेगा। गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे पर टिप्पणी करते हुए अजीत शर्मा ने कहा कि निशिकांत दुबे मूल रूप से भागलपुर के रहने वाले हैं। लेकिन वे भागलपुर से चुनाव नहीं लड़ पाते, क्योंकि यहां की जनता उन्हें पसंद नहीं करती। उन्होंने कहा कि भागलपुर से हवाई जहाज नहीं उड़ पाने के पीछे निशिकांत दुबे की बड़ी भूमिका रही है। अजीत शर्मा ने आरोप लगाया कि निशिकांत दुबे ने हमेशा भागलपुर के विकास कार्यों में अड़चनें डाली हैं। उन्होंने कहा कि इस बार जनता सब कुछ देख रही है और चुनाव में इसका जवाब देगी।

# राष्ट्रपति के दौरे को लेकर पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। रविवार को राष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत आज ड्यूटी में नियुक्त पुलिस, प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारियों को संयुक्त रूप से ब्रीफ किया गया। हरिद्वार पुलिस लाइन में ब्रीफ करते हुए एसएसपी प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि सभी अधिकारी निर्धारित वर्दी में निर्धारित समय पर अपने ड्युटी एरिया में पहुंचकर सभी कर्मचारियों की मौजूदगी चैक करें और किसी भी कर्मचारी को ड्यूटी के सम्बन्ध में शंका हो तो उसे मौके पर ही ब्रीफ करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। चाहे कर्मचारी स्तर पर हो या अधिकारी स्तर पर हमें सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करना है। ड्यूटी में किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



जिलाधिकारी ने समस्त पुलिस व प्रशासनिक ड्यूटीरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराया कि सभी आपसी समन्वय बनाकर महत्वपूर्ण सूचनाओं का समय से आदान-प्रदान कर सभी व्यवस्थाओं को पूर्ण करवाना है। किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है तो अपने लिंक ऑफिसर को तत्काल सूचित करें। पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र ने पूर्व में हुए वीवीआईपी मुवमेंट को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सभी प्वाइंट ये इंश्योर करें कि बिनां चैकिंग कोई भी अन्दर प्रवेश नहीं करेगा। कार्यक्रम स्थल की सुरक्षा व्यवस्था एवं वीवीआईपी मूवमेंट के दौरान यातायात व्यवस्था में किसी भी प्रकार की कोताही न हो सभी लोग बनाए गए रूट प्लान के अनुसार प्रभावी यातायात व्यवस्था बनाए रखगे।

# पंजाब में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ठप अपराधियों के हौसले बुलंद : भाजपा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

चंडीगढ़। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पंजाब इकाई के कार्यकारी अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने जगराओं में कबड्डी खिलाड़ी तेजपाल की हत्या की शनिवार को आम आदमी पार्टी सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान पर सीधा हमला करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में कानून-व्यवस्था पूरी तरह ठप हो चुकी है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने कहा कि कबड्डी खिलाड़ियों संदीप नंगल अंबियां, धर्मेंद्र सिंह (धर्मवीर), सुखविंदर सिंह (नोनी) और हरविंदर सिंह की हत्याओं के बाद अब तेजपाल की हत्या ने ''रंगले पंजाब'' के दावों की पोल खोल दी है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, ''ना व्यापारी सुरक्षित, ना खिलाड़ी, क्या यही है आपका 'रंगला पंजाब', मुख्यमंत्री साहब?'' श्री शर्मा ने कहा कि जगराओं एसएसपी दफ़्तर के पास हुई यह हत्या इस बात का सबूत है कि कानून-व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है और पुलिस तंत्र केवल दिखावे तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। जहां व्यापारी, खिलाड़ी और किसान सभी भय और असुरक्षा के माहौल में जी रहे हैं, वहीं सरकार सिर्फ अपनी छवि सुधारने में लगी है। श्री शर्मा ने मुख्यमंत्री भगवंत मान के त्यागपत्र की मांग करते हुए आरोप लगाया कि वह बतौर गृह मंत्री पंजाब को सुरक्षित रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब की जनता अब इस नाकाम सरकार को और बर्दाश्त नहीं करेगी, और भाजपा हर स्तर पर लोगों की आवाज़ बुलंद करती रहेगी।

# बिहार विस चुनाव : एनडीए और महागठबंधन के घोषणा पत्रों के केंद्र में आधी आबादी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव में आधी आबादी की अहमियत हर राजनीतिक दल बखूबी समझ रहा है। इसलिए एनडीए और महागठबंधन के घोषणा पत्रों में महिलाओं को केंद्र में रखा गया है। लेकिन अहम प्रश्न यह है कि एनडीए के 'संकल्प पत्र' और महागठबंधन के 'तेजस्वी प्रण' में आधी आबादी से किए गए वादे कितने मजबूत और व्यवहारिक हैं? गौरतलब है कि बिहार में करीब 3.5 करोड़ महिलाएं मतदाता हैं, जो कुल 7.43 करोड़ वोटर के करीब 50 प्रतिशत से थोड़ा ही कम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि महिलाओं की भागीदारी से ही बिहार का विकास संभव है। ऐसे में एनडीए ने अपने संकल्प पत्र में महिलाओं को 'आर्थिक स्वावलंबन' की दिशा में आगे बढ़ाने पर फोकस किया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से महिलाओं को 2 लाख तक की सहायता राशि देने का वादा किया है। 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे, 'मिशन करोड़पति के माध्यम से चिह्नित महिला उद्यमियों को करोड़पति बनाने की दिशा में काम करेंगे। 'मिशन करोड़पति' के ज़रिए सरकार का लक्ष्य है कि आने वाले 5 वर्षों में बिहार की महिलाएं न केवल आत्मनिर्भर बनें, बल्कि उद्यमी बनकर करोड़पति वर्ग में प्रवेश करें। इसके लिए बैंक लोन, ट्रेनिंग और डिजिटल मार्केटिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का वादा किया गया है। एनडीए ने अपने संकल्प पत्र में यह भी कहा है कि महिलाओं को स्वरोजगार शुरू करने के लिए 2 लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इससे महिलाएं अपना छोटा व्यवसाय, दुकान या उद्योग शुरू कर सकेंगी। 'बिहार का तेजस्वी प्रण' के नाम से महागठबंधन ने अपना घोषणापत्र जारी किया है। तेजस्वी प्रण में आधी आबादी को केंद्र में रखकर कई घोषणाएं की गई हैं। इस योजना के तहत बिहार की हर महिला को मासिक 2,500 रुपये की वित्तीय मदद का वादा किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि यह महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता को मजबूती देगा और घर की महिला को 'परिवार की वित्त मंत्री' बनाएगा। महागठबंधन ने वादा किया है कि राज्य की कम्युनिटी मोबिलाइजर जीविका दीदियों को नियमित सरकारी कर्मचारी का दर्ज़ा दिया जाएगा और उन्हें मासिक 30,000 रुपया वेतन मिलेगा। अभी ये महिलाएं स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से काम करती हैं, जिनकी कमाई बहुत कम है। तेजस्वी यादव ने कहा कि उनकी सरकार बनने पर इन दीदियों को 'सम्मानजनक वेतन और सामाजिक सुरक्षा' मिलेगी।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 **e-mail** : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063